RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 171
नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




अनैतिक फिल्मफेयर पुरस्कारों का हिस्सा नहीं बनूंगा

राष्ट्रीय-11

# खड़गे ने जहरीले सांप से की मोदी की तुलना, बरसी भाजपा

- केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने की माफी की मांग, आईटी मंत्री चंद्रशेखर ने बताया हार के डर की हताशा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/गडग

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पीएम मोदी पर एक और टिप्पणी से राजनीतिक हंगामा खड़ा हो गया है। एक चुनावी रैली में कांग्रेस अध्यक्ष ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना जहरीले सांप से करते हुए लोगों को आगाह किया कि उनसे दूर रहें। इस पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

पार्टी नेताओं ने कांग्रेस पर चौतरफा हमला बोल दिया है। भाजपा ने खड़गे के बयान की तुलना कुछ साल पहले पीएम मोदी के लिए सोनिया के मौत का सौदागर वाली टिप्पणी से करते हुए कहा कि उसी समय से कांग्रेस नीचे गिरती जा रही है। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रचार अभियान के तहत राज्य के गडग जिले के रोन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि गलती मत कीजिए। मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। यदि आप कहते हैं कि वह जहरीले नहीं हैं तो छूकर देखिए, पता चल जाएगा। अगर आप छूएंगे तो मर जाएंगे। खड़गे ने लोगों से कहा कि यदि आपको लगता है कि नहीं, नहीं, यह जहर नहीं है, क्योंकि मोदी ने इसे दिया है, सज्जन प्रधानमंत्री ने दिया है तो इसे चाटकर देखिए। यदि आप इस जहर को चाटेंगे तो हमेशा के लिए सो जाएंगे।



कर्नाटक के गडक में एक जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने खड़गे के इन बयानों वाले वीडियो को ट्विटर पर साझा करते हुए कहा कि अब कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे प्रधानमंत्री मोदी को जहरीला सांप कह रहे हैं। सोनिया गांधी के मौत का सौदागर से जो शुरू हुआ, हम जानते हैं कि कैसे समाप्त हुआ। कांग्रेस नीचे गिरती जा रही है। कांग्रेस की यह हताशा दिखाती है कि वह कर्नाटक में हारने जा रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस अध्यक्ष से बयान के लिए माफी की मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विपक्षी दल की नफरत सामने आ रही है। उन्होंने खड़गे (शेष पेज 9)

## मोदी के खिलाफ नहीं, विचारधारा को लेकर की थी टिप्पणी: खड़गे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर दिए अपने बयान पर सफाई देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनका इरादा किसी की भावना को आहत करना नहीं था और उनकी टिप्पणी किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि उस विचारधारा को लेकर थी, जिसका प्रतिनिधित्व मोदी करते हैं। उन्होंने भाजपा की विचाराधारा को विभाजनकारी तथा गरीबों व दलितों के प्रति नफरत व पूर्वाग्रह से भरी करार देते हुए कहा कि वह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ वैचारिक लड़ाई लड़ते आए हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। यदि जाने-अनजाने में (शेष पेज 9)

# कांग्रेस की वारंटी खत्म, गारंटी का क्या मतलब

- प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में कांग्रेस के चुनावी वादों को बताया अर्थहीन

**भाषा।** बेंगलुरु

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को चुनावी राज्य कर्नाटक के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से जनता को डबल इंजन सरकार के फायदे और इसके ना होने के नुकसान गिनाने तथा रेवड़ी संस्कृति से आगाह करने का आह्वान किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जिस पार्टी की वारंटी ही समाप्त हो चुकी है तो उसकी गारंटी (चुनावी वादों) का क्या मतलब है।

यहां लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिए बूथ स्तर पर पार्टी के प्रचार को मजबूत करने के लिए प्रेरित भी किया और कहा कि डबल इंजन की सरकार होने का सीधा मतलब राज्यों में विकास की दोगुनी रफ्तार से है और इसके ना होने से जनता पर डबल मार पड़ती है। कर्नाटक चुनावों के लिए कांग्रेस ने सत्ता में आने पर जनता को गारंटी की घोषणा की है। उसकी इस घोषणा में सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली (गृह ज्योति), हर परिवार की महिला मुखिया (गृह लक्ष्मी) को 2,000 रुपए मासिक सहायता,



स्नातक युवाओं के लिए 3,000 रुपए और डिप्लोमा धारकों (18 से 25 वर्ष आयु वर्ग) को दो साल के लिए 1,500 रुपए (युवानिधि) शामिल हैं। इसी से संबंधित भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मुफ्तखोरी के कारण राज्य कर्ज में डूबे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश और सरकारों को इस तरह नहीं चलाया जा सकता। उन्होंने कहा, हमारे देश में कुछ राजनीतिक दलों ने राजनीति को सिर्फ सत्ता और भ्रष्टाचार का साधन बना दिया है और इसे हासिल करने के लिए वह साम, दाम, दंड, भेद हर तरह का तरीका अपना रहे हैं। इन राजनीतिक दलों को देश के भविष्य की और आने वाली पीढ़ियों की कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने कहा, मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति की वजह से कई राज्य बेतहाशा खर्च अपनी दलगत राजनीति की भलाई के लिए कर रहे हैं। राज्य कर्ज में डूबते चले जा रहे हैं और आने वाले पीढ़ियों का भी वह खाए जा रहे हैं। देश ऐसे नहीं चलता, सरकार ऐसे नहीं चलती है। सरकार को पीढ़ियां बनाने के लिए भी काम करना होता है। सरकार को वर्तमान के साथ-साथ भविष्य का भी सोचना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारें सुबह-शाम रोजर्मा की जरूरतों के लिए नहीं चल सकतीं बल्कि उन्हें संपदा बनानी पड़ती है ताकि दशकों तक देश के हर परिवार का जीवन ठीक से चलता रहे। उन्होंने कहा कि इसलिए भाजपा शॉर्टकट नहीं बल्कि विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अब उस स्थिति में है जब वह ना कोई सच्ची गारंटी दे सकती है और ना कुछ अन्य... कांग्रेस की वारंटी तो बहुत पहले ही खत्म हो चुकी है।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, जिसकी वारंटी खत्म हो चुकी है, उसकी गारंटी का मतलब क्या है जी। कांग्रेस पर रेवड़ी संस्कृति को लेकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उसने हिमाचल और राजस्थान जैसे राज्यों में भी चुनाव जीतने पर गांरटी की घोषणा की थी लेकिन आज भी दोनों राज्यों के लोग इसका इंतजार ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रेवड़ी बांटने वाले आपको मूर्ख बनाने की कोशिश करते हैं। आप अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सोचिए। कांग्रेस मतलब झूठ की गारंटी... मतलब भ्रष्टाचार की गारंटी... भाई-भतीजावाद की गारंटी। भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री का यह संबोधन 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान को धार देने के प्रयास का हिस्सा है। पार्टी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि 58,112 बूथों से करीब 50 लाख कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की (शेष पेज 9)

# असम में अब कोई आदिवासी उग्रवादी संगठन नहीं: शाह



नई दिल्ली में पूर्वोत्तर के उग्रवादी समूह दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी के साथ शांति समझौते के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

- दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी ने सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए

**भषा।** नई दिल्ली

**उग्रवादी** समूह दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए) ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की उपस्थिति में सरकार के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

डीएनएलए असम के दीमा हसाओ जिले में अधिक सक्रिय है। समूह द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, गृह मंत्री ने कहा कि असम में अब कोई आदिवासी उग्रवादी समूह नहीं है। शाह ने कहा, इसके साथ, असम में सभी आदिवासी उग्रवादी समूह मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।

एमओयू के अनुसार, डीएनएलए हथियार डालेगा और संविधान का पालन करेगा। डीएनएलए के कुल 179 सदस्य अपने हथियार और गोला-बारूद (शेष पेज 9)

# पहलवानों के प्रदर्शन से देश की छवि हो रही खराब: पीटी उषा

- खिलाड़ियों का सड़क पर उतरना अनुशासनहीनता, उन्हें पहले ओलंपिक संघ के पास आना चाहिए था
- बजरंग ने कहा, आईओए अध्यक्ष अपनी अकादमी के कुछ लोगों के सताने पर क्यों रोई थीं, क्या उससे देश की छवि धूमिल नहीं हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रदर्शनकारी** पहलवानों पर बरसते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सड़कों पर इस तरह का प्रदर्शन अनुशासनहीनता है। इससे देश की छवि खराब हो रही है। स्टार पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित कई पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन



जंतर मंतर पर प्रदर्शन के दौरान सड़क पर ही प्रैक्टिस करते पहलवान। फोटो : रंजन डिमरी

उत्पीड़न और पहलवानों को धमकाने के आरोपों के साथ जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं।

बजरंग पूनिया समेत प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों ने कहा कि पीटी उषा को ऐसी कड़ी प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त करनी चाहिए थी। वे तो उनसे अपने समर्थन में खड़े होने की उम्मीद कर रहे थे। आईओए को खिलाड़ियों के आरोपों पर अपनी जांच अभी पूरी करनी है जबकि सरकार द्वारा गठित निगरानी पैनल की जांच को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। तीन महीने के लंबे इंतजार से निराश पहलवानों ने 23 अप्रैल से जंतर मंतर पर फिर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की गिरफ्तारी को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। स्पष्ट है कि पहलवानों के इस कदम से आईओए खुश नहीं है।

उषा ने आईओए की कार्यकारी समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि यौन उत्पीड़न की शिकायतों को लेकर हम उनकी भावनाएं समझते हैं। आईओए की एक समिति और खिलाड़ी आयोग है। सड़कों पर उतरने की बजाय उन्हें हमारे पास आना चाहिए था, लेकिन उनमें से कोई भी आईओए के पास नहीं आया। उषा से पूछा गया (शेष पेज 9)

## खेल-खिलाड़ी प्राथमिकता इससे समझौता नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**युवा एवं** खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार के लिए खेल और खिलाड़ी हमेशा प्राथमिकता रहे हैं। इसलिए न कभी खिलाड़ियों की सुविधाओं से समझौता किया है और न कभी किया जाएगा। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जंतर-मंतर पर धरना फिर शुरू किया। बृजभूषण पर उन्होंने महिला पहलवानों को धमकाने और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए (शेष पेज 9)

# रक्षा मंत्री राजनाथ ने चीनी समकक्ष के साथ की बैठक



**भाषा।** नई दिल्ली

- कहा, एलएसी के सभी मुद्दों को मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों के तहत हल किया जाए

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू से कहा कि भारत-चीन संबंधों का विकास सीमा पर अमन-चैन की स्थिति पर आधारित है और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सभी मुद्दों का समाधान मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों के अनुरूप निकाला जाना चाहिए।

राजनाथ सिंह ने पूर्वी लद्दाख में तीन साल से जारी सीमा विवाद के बीच शांगफू के साथ द्विपक्षीय बैठक में यह बात कही। शांगफू शुक्रवार को भारत की मेजबानी में यहां आयोजित हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे। इसके बाद सिंह के साथ उनकी बैठक हुई। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों मंत्रियों ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के घटनाक्रम और द्विपक्षीय संबंधों (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### उम्रकैद काट रहे पूर्व सांसद आनंद मोहन 15 साल बाद रिहा

**सहरसा, पटना।** उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व सांसद आनंद मोहन को 15 साल बाद बृहस्पतिवार को सुबह सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया। गैंगस्टर से नेता बने मोहन की रिहाई जेल सजा छूट आदेश के तहत हुई है। हाल मे बिहार सरकार ने जेल नियमावली मे बदलाव किया था, जिससे मोहन समेत 27 अभियुक्तो की समयपूर्व रिहाई का मार्ग प्रशस्त हुआ। गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले मे मोहन को दोषी ठहराया गया था। सन 1994 मे मुजफ्फरपुर के गैंगस्टर छोटन शुक्ला की शवयात्रा के दौरान आईएएस अधिकारी कृष्णैया की हत्या कर दी गई थी। अक्टूबर 2007 मे एक स्थानीय अदालत ने मोहन को मौत की सजा सुनाई थी, लेकिन दिसंबर 2008 मे पटना उच्च न्यायालय ने मृत्युदंड को उम्रकैद मे बदल दिया था। मोहन ने निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय मे चुनौती दी थी। नीतीश कुमार नीत बिहार सरकार ने 10 अप्रैल को बिहार जेल नियमावली, 2012 मे संशोधन किया था और उस उपबंध को हटा दिया था, जिसमे कहा गया था कि ड्यूटी पर कार्यरत लोकसेवक की हत्या के दोषी को उसकी जेल की सजा मे माफीछूट नही दी जा सकती।

# नशीले पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल संपत्ति होगी नष्ट

- स्कूल-कॉलेजों में दाखिले के लिए और रेस्टोरेंट, पब, होटल आदि के लाइसेंस प्रक्रिया में ड्रग्स के खिलाफ ई-प्रतिज्ञा होगी अनिवार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नशीले** पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियां जीरो टोलरेंस की नीति अपनाएंगी। अब ड्रग्स तस्करी में इस्तेमाल हुई संपत्तियों को सील कर नष्ट कर दिया जाएगा।

यही नहीं, स्कूल, कॉलेजों में दाखिले और रेस्टोरेंट, पब, होटल आदि की लाइसेंस प्रक्रिया में ड्रग्स के खिलाफ ई-शपथ को अनिवार्य बनाया जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नेशनल नार्कोटिक्स को-ऑर्डिनेशन की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में अधिकारियों को



ये निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी को नशीले पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए सख्त कदम उठाने और केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी एजेंसियों को मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाने को कहा।

सक्सेना ने कहा कि ड्रग्स तस्करी सिर्फ अपराध भर नहीं है, बल्कि यह देश को कमजोर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है। उन्होंने सभी एजेंसियों को इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल विनय कुमाार सक्सेना ने ड्रग्स की (शेष पेज 9)

# सूडान में ऐसा लग रहा था जैसे मृत्युशैय्या पर हों

## युद्धग्रस्त देश से लौटे भारतीय नागरिकों ने बयां किए भयावह हालात, भारत की धरती पर पैर पड़ते ही कहा- शुक्रिया

- अब तक करीब 600 भारतीयों को लाया गया वापस, दिल्ली के बाद एक विमान मुंबई उतरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई

**संकटग्रस्त** सूडान से निकलकर सऊदी अरब के रास्ते दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे भारतीय नागरिकों के चेहरों दहशत और भय के भाव साफ दिखे। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के छोटू ने जहाज से उतरते ही कहा, मरकर वापस लौटा हूं अपने वतन। इसके साथ ही छोटू ने कहा कि वह अपने देश में कुछ भी कर लेगा, लेकिन कभी वापस नहीं जाएगा। वहीं मुंबई में बृहस्पतिवार को भारतीय वायुसेना का एक विमान हिंसाग्रस्त सूडान से 246 भारतीयों को लेकर







सूडान में एक वृद्ध महिला को विमान में चढ़ने में सहायता करतीं भारतीय वायुसेना की पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट हर राज कौर बोपराय। दूसरी ओर विमान में सवार होते भारतीय

उतरा। एक अधिकारी ने बताया कि विमान जेद्दा से पूर्वाह्न लगभग 11 बजे रवाना हुआ था और मुंबई में अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे उतरा।

इसके साथ ही ऑपरेशन कावेरी के तहत अब तक करीब 600 भारतीयों को वापस लाया जा चुका है। दिल्ली हवाई अड्डे पर हरियाणा के सुखविंदर सिंह ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि सूडान में ऐसा लग रहा था मानो हम मृत्युशय्या पर थे। पेशे से इंजीनियर सुखविंदर (40) उन 360 भारतीय नागरिकों के पहले जत्थे में शामिल थे, जो भारत के ऑपरेशन कावेरी निकासी मिशन के तहत बुधवार रात स्वदेश लौटे। दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे फरीदाबाद के निवासी सुखविंदर ने सूडान में अपने अनुभव को याद करते हुए कहा कि वह अब भी बहुत डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम एक इलाके तक सिमटकर रह (शेष पेज 9)

## भारतीयों को सुरक्षित निकालना प्राथमिकता: क्वात्रा

**विदेश** सचिव विनय क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि सूडान में सुरक्षा संबंधी जमीनी हालात बेहद अस्थिर और अप्रत्याशित बने हुए हैं और वहां रह रहे अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालना भारत की प्राथमिकता है। विदेश सचिव ने बताया कि 360 भारतीय नागरिक बुधवार की रात को जेद्दा से भारत आए, जबकि भारतीय वायु सेना के सी-17 विमान से 246 नागरिक महाराष्ट्र पहुंच रहे हैं। विदेश सचिव ने बताया कि करीब 1700 से 2000 नागरिक संघर्ष वाले क्षेत्र से बाहर आ गए हैं और इनमें वे नागरिक भी शामिल हैं जिन्हें पहले ही सूडान से निकाल लिया गया और जो खार्तूम से पोर्ट सूडान के रास्ते में हैं।

# नामांकन प्रक्रिया पूरी, चढ़ा सियासी पारा

## नगर निगम चुनावः सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने किए अपनी-अपनी जीत के दांवे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन पत्र जमा किए जा चुके हैं। इसके साथ ही गाजियाबाद में सियासी पारा चढ़ गया है। प्रत्येक उम्मीदवार घर-घर जाकर मतदाताओं अपने पक्ष में लाने के लिए जोरदार अभियान चला रहा है।

समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी का चुनाव में गठबंधन है लेकिन कई सीटों पर सपा-रालोद के प्रत्याशी ही आपस में लड़ रहे हैं।

नगर पालिका परिषद लोनी में चुनावी अखाड़े में सपा नेता उम्मेद पहलवान की पत्नी हसीना इरदीसी बाहर होंगी, रालोद की प्रत्याशी रंजीता धामी अपनी कुर्सी बचाने के लिए विपक्षियों से सियासी कुश्ती लड़ेंगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को गाजियाबाद आने पर पूनम यादव के घर सपा नेताओं के साथ ही उम्मेद पहलवान भी नजर आए, उनके सामने भी इस बात पर चर्चा हुई। इसके बाद देर शाम को सपा-रालोद के नेताओं ने भी बैठक की, जिसमें रालोद ने हसीना का नामांकन वापस लेने के लिए दबाव बनाया। जिससे कि चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ रहीं, निवर्तमान चेयरमैन रंजीता धामा को मजबूती मिले। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस पर सहमति बन गई है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद मोदीनगर व नगर पंचायत पतला में भी सपा-रालोद के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। रालोद ने इन दोनों सीटों से भी सपा प्रत्याशियों के नामांकन वापस लेने का दबाव बनाया है। जिला स्तर पर हुई बैठक में इस पर सहमति नहीं बनी है, इस पर निर्णय अब दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व को लेना है। लोनी से हसीना इदरीसी के नामांकन वापस लेने के सवाल पर उम्मेद पहलवान ने कहा कि जो शीर्ष नेतृत्व कहेगा, वह करेंगे। उन्होंने नामांकन वापस लेने की पुष्टि तो नहीं कि लेकिन पार्टी में इसकी चर्चा है।

### दादरी में भाजपा प्रत्याशी गीता पंडित की बढ़ी सुरक्षा

दादरी नगर पालिका के चुनाव में भाजपा से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी गीता पंडित के खिलाफ चल रहे विरोध को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी है। गीता पंडित की सुरक्षा में पहले 2 सिपाही को तैनात किया गया था। अब उनकी सुरक्षा में इसे बढ़ाकर छह कर दिया गया है। इसके पीछे का मुख्य कारण यह माना जा रहा है कि जगभूषण गर्ग को लेकर व्यापारी और वैश्य समाज भाजपा के खिलाफ मैदान में उतर गया है। इसी विरोध को देखते हुए गीता पंडित की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने की वाल्मीकि समाज संग बैठक

*नोएडा। नोएडा के सलारपुर गांव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वाल्मीकि समाज के साथ एक बैठक की। यह बैठक सपा के महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित की गयी। इस बैठक के दौरान आगामी लोक सभा चुनावों को लेकर वाल्मीकि समाज के साथ विस्तार से चर्चा की। सपा के महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने बताया कि सपा सरकार बनते ही सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में एक बड़ा बदलाव नजर आने वाला है।*



चुनावों को लेकर यातायात व्यवस्था का जायजा लेती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

# पुलिस आयुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

- डीसीपी ट्रैफिक और डीसीपी नोएडा से जानी यातायात और शहर की व्यवस्था
- व्यापारियों से संवाद कर समस्या का जल्द निस्तारण का दिया भरोसा



शहर में गश्त लगाते पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर गौतमबुद्ध नगर पुलिस अलर्ट पर चल रही है। इसी के चलते पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर 49 और 50 की मार्केट में का निरीक्षण किया।

वहीं में चुनाव और सुरक्षा का लेकर पुलिस अधिकारियों ने शहर में फ्लैग मार्च भी किया। इस निरीक्षण के दौरान डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव और डीसीपी नोएडा हरीश चंद्र से भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों और यातायात व्यवस्था की विस्तार के साथ जानकारी ली।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने इस निरीक्षण के दौरान सेक्टतर 49 और 50 की मार्केट से अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने, स्ट्रीट क्राइम पर प्रभावी रोकथाम करने, पुलिस गश्त बढ़ाने और पीआरवी वाहनों के माध्यम से पेट्रोलिंग करने समेत कई दिशा-निर्देश जारी किए गए। स्थानीय व्यापार मंडल, व्यापारियों और आरडब्ल्यूए के साथ भी नगर निकाय चुनावों को लेकर विस्तार के साथ चर्चा की।

इस मौके पर डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव, डीसीपी नोएडा हरीश चंदर, एडीसीपी नोएडा शक्ति अवस्थी, एसीपी 2 नोएडा सुशील कुमार और एसीपी-3 सोम्या सिंह समेत कई पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# जगभूषण पर छापेमारी, भाजपा से व्यापारी नाराज

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

दादरी नगर पालिका अध्यक्ष के लिए चुनाव मैदान में उतरे भाजपा से बागी और निर्दलीय प्रत्याशी जगभूषण गर्ग पर हुई जीएसटी की छापेमारी के बाद से दादरी समेत पूरे गौतमबुद्ध नगर में व्यापारी और वैश्य समाज के भीतर रोष पैदा हो गया है।

इस छापेमारी के बाद से वैश्य और व्यापारी समाज भाजपा से काफी नाराज हो गया है। व्यापारी और वैश्य समाज ने कहा कि पुलिस और सरकार का यह रवैया दमनात्मक है। जगभूषण गर्ग को दादरी के पूरे व्यापारी वर्ग ने समर्थन देकर चुनाव मैदान में उतारा है। व्यापारी वर्ग उन्हीं के साथ रहेगा और उन्हीं को वोट भी देगा। पिछले दो नगर निकाय चुनाव के दौरान पार्टी ने जगभूषण गर्ग के बदल गीता पंडित को टिकट देने का फैसला किया था।

दोनों बार व्यापारी समाज ने पार्टी के इस फैसले को पूरी तरह से स्वीकार किया था। इस बार सांसद डॉ. महेश शर्मा समेत कई भाजपा नेताओं ने जगभूषण गर्ग को टिकट देने की बात कही थी। इसके बाद भी जगभूषण गर्ग को टिकट नहीं दिया गया। इससे व्यापारी समाज भाजपा से काफी नाराज हो गया है।

**मतदाताओं को धमकाना का चल रहा काम:राजकुमार भाटी**

सपा नेता और दादरी से विधायक प्रत्याशी रहे राजकुमार भाटी ने बताया कि स्थानीय निकाय चुनाव में पुलिस और जिला प्रशासन के बल पर प्रत्याशी और मतदाताओं को धमकाना, वोट न डालने देना, बूथ कैपचरिंग करना और मतगणना में धांधली करके भाजपा के प्रत्याशियों को जिताना भजपा का रिकॉर्ड रहा है।

**सीएम और महानिदेशक से की जाएगी शिकायत**

सपा, बसपा, कांग्रेस और आप के नेताओं ने बताया कि सभी विपक्षी दल इस छापेमारी का खुलकर विरोध करते हैं। सभी विपक्षी दल इस छापेमारी की शिकायत पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे। यदि पुलिस का रवैया नहीं सुधरा तो सभी विपक्षी दल सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे और थाने का घेराव भी शुरू कर देंगे।

### सपा के लिए संजीवनी साबित हो सकते हैं बागी

नोएडा। मतदान से पहले ही गौतमबुद्ध नगर की राजनीति अब पूरी तरह से गर्म हो गयी है। भाजपा के बागी और दादरी नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगभूषण गर्ग के मैदान में आने के बाद से भाजपा प्रत्याशी गीता पंडित के लिए मुश्किलों का दौर शुरू हो गया वहीं सपा इसमें जीत देख रही है। दादरी में भाजपा कार्यकर्ताओं को जगभूषण गर्ग के मैदान में आने के बाद गीता पंडित की हार नजर आ रही है। जिसके चलते सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा लगातार गर्ग पर दबाव बनाया जा रहा है।

### सेक्टर-24 के नाले में मिला नवजात का शव

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 24 स्थित दीपभवन के सामने नाले से एक नवजात का शव बरामद हुआ है। आशंका जतायी जा रही है कि किसी कुंवारी मां ने जन्म लेते ही नवजात को नाले में फेंक दिया। जिसके चलते उस नवजात की मौत हो गयी।

इसके अलावा रबूपुरा क्षेत्र में भी सड़ा गला शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, सेक्टर 24 स्थित दीप भवन के सामने नाले में एक नवजात का शव बहता देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नवजात का शव मिलने की सूचना पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

## संक्षिप्त समाचार



मालदीव और घाना के मंत्रियों के साथ एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा।

### मालदीव और घाना के स्वास्थ्य मंत्री यशोदा अस्पताल आए

**गाजियाबाद।** तीन दिन की अंतर्राष्ट्रीय एडवांटेज हेल्थ केयर इंडिया कांफ्रेंस में भाग लेने आए मालदीव के स्टेट हेल्थ मिनिस्टर डॉ शाह अब्दुल्ला माहिर एवं घाना के डिप्टी हेल्थ मिनिस्टर असेई सेइनि महामा ने कौशांबी सिति यशोदा अस्पताल का दौरा किया। इन मंत्रियों ने भारत के अस्पतालों में अपने देश के मरीजों के ट्रीटमेंट की सुविधा अनुबंध हेतु यह दौरा किया। डॉ पी एन अरोड़ा ने बताया वार्ता सफल रही है। दोनों मंत्रियों ने हॉस्पिटल में उपलब्ध रोबोटिक सर्जरी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत सुविधाओं को विश्व स्तरीय बताया । उन्होंने उनके देश के डॉक्टरों एवं नर्सों की ट्रेनिंग, टेलीमेडिसिन, रोबोटिक सर्जरी, पेन मैनेजमेंट, आई वी एफ की आवश्यकता के लिए यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी का सहयोग मांगा। डॉ अरोड़ा ने कहा बहुत ही जल्द प्रपोजल भेजकर दोनों देशों के बीच में चर्चा होगी और जल्द ही अनुबंध कर लिया जाएगा। इस दौरे में मालदीव के डायरेक्टर जनरल हेल्थ डॉ अहमद अशरफ, घाना के डिप्टी हेड ऑफ मिशन हाई कमीशन, लुइस ओबेन्ग, ए जी डाइरेक्टर ऑफ टेक्निकल कोऑर्डिनेशन डाएरेक्टरेट डॉ. बफ्फओऊ अवुआह मौजूद थे

### हेड कांस्टेबल को पीटने के मामले में वकीलों पर केस



**गाजियाबाद।** यातायात पुलिसकर्मी ने मारपीट के मामले में एक नामजद समेत 16 अधिवक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलवार दोपहर जज की गाड़ी के स्थान पर कार खड़ी करने से रोकने पर यातायात पुलिसकर्मी और अधिवक्ता के बीच विवाद हो गया था। यातायात पुलिस में तैनात हेडकांस्टेबल प्रमोद कुमार ने बताया कि उसकी ड्यूटी न्यायालय परिसर में गाड़ियों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा कराने के लिए लगी थी। करीब 11 बजे अधिवक्ता रोहित गोला ने जज की गाड़ी के लिए निर्धारित स्थान पर अपनी कार खड़ीी कर दी। मना करने पर अधिवक्ता ने उनके साथ अभद्रता की। इसके बाद कार खड़ी कर चला गया था। उन्होंने अधिवक्ता का फोटो खींच लिया था। जिससे गुस्साये अधिवक्ता कुछ देर बाद अपने 10-15 साथियों के साथ वापस आया और उनकी पिटाई कर दी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि यातायात पुलिसकर्मी की शिकायत पर रोहित गोला और अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### तीसरे चालान पर वाहन होगा सीजः डीसीपी

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में आगामी 15 दिनों तक नोएडा पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग और रोडवेज द्वारा संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत गौतमबुद्ध नगर के सभी प्रमुख मार्ग, बाजार, सेक्टर के भीतर स्कूल बस, डंपर, ट्रक और कार के अलावा सभी वाहन अवैध रूप से पार्क किए जाने की स्थिति और गलत दिशा में वाहन चलाते हुए नजर आने पर चालान के साथ ही सीज भी किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने एसीपी प्रथम/द्वितीय, समस्त यातायात निरीक्षक और यातायात उपनिरीक्षण के साथ एक बैठक भी की।डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के सभी स्थानों का चयन किया जा चुका है। इन स्थानों पर सबसे ज्यादा रांग साइड ड्राइविंग, नो पार्किंग और अवैध पार्किंग ज्यादा होती है।

# गौतमबुद्ध नगर के 7 गैंगस्टर पुलिस की रडार में

- सुंदर और अनिल भाटी समेत कई गैंगस्टर की संपत्तियों की पुलिस कर रही है पहचान



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद पर हुई कार्रवाई के बाद अब गौतमबुद्ध नगर के गैंगस्टर पर भी जल्द कार्रवाई शुरू होने जा रही है। इस कार्रवाई के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने अब रणनीति बनानी शुरू कर दी है। माफिया सुंदर भाटी, अनिल भाटी, सिंहराज भाटी, अमित कसाना, अनिल दुजाना, रणदीप भाटी और मनोज उर्फ आसे का नाम शामिल है।गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा कुछ दिनों पहले करीब 66 माफियाओं की एक सूची जारी की गयी थी। इस सूची में गौतमबुद्ध नगर के सात गैंगस्टर भी शामिल थे। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के दिशा-निर्देश पर अब इनकी पहचान शुरू कर दी है। पुलिस ने इन सभी गैंगस्टर क गुर्गों की तलाश और पहचान शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर के सात गैंगस्टर में से छह गैंगस्टर प्रदेश समेत देश की विभिन्न जेलों में बंद हैं। सातवां गैंगस्टर मनोज उर्फ आसे अभी भी पुलिस की रडार से काफी दूर है। पुलिस ने गौतमबुद्ध नगर के जिन गैंगस्टर की सूची जारी की है। उनमें से अधिकांश गैंगस्टर का दबदबा नब्बे के दशक में रहा था। इन सभी गैंगस्टर ने उस दौर में गौतमबुद्ध नगर के भीतर और प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में कई वारदातों को अंजाम दिया था। इन सभी गैंगस्टर पर जमीन कब्जाने, अवैध कारोबार समेत कई मामले शामिल हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि पुलिस गौतमबुद्ध नगर के सभी माफियाओं और गैंगस्टरों के गुर्गों की पहचान कर रही है। इनके द्वारा गौतमबुद्ध नगर समेत प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों में अर्जित संपत्ति की भी पहचान की जा रही है। इन सभी संपत्ति को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। सभी गैंगस्टर और माफियाओं के गुर्गों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारियों ने जिलाधिकारी के सामने उठाया रचित हत्याकांड का मामला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने रचित हत्याकांड को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के साथ चर्चा की।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि रचित हत्याकांड जिला और पुलिस प्रशासन पर कई सवाल खड़े करता है। रचित हत्याकांड का खुलासा जब तक नहीं किया जाता है, तब तक गौतमबुद्ध नगर का व्यापारी चुप नहीं बैठने वाला है।

व्यापारी सुरक्षित नहीं होंगे तो देश बिल्कुल सुरक्षित नहीं होगा। वहीं, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल को आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द रचित हत्याकांड को सुलझा देगा। गाजियाबाद और नोएडा पुलिस का किसी भी प्रकार से तालमेल नहीं बन रहा है।

# दो महीने में यमुना सिटी में बनेगी पुलिस थाना व चौकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आने वाले व्यापारियों को अब किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद से लगातार अपराध को खत्म करने पर पुलिस द्वारा काम किया जा रहा है। सबसे ज्यादा सुरक्षा प्रदेश में व्यापारियों को दी जा रही है। इसी के चलते यमुना सिटी के सेक्टर 32 में नया पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा। यह पुलिस स्टेशन आगामी 2 महीनों के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा एक पुलिस चौकी भी यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र में बनायी जाएगी। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास सेक्टर 32 और 33 में इंडस्ट्रियल सेक्टर बनाया जा रहा है।

दोनों सेक्टरों में देश और विदेश की कई नामी कंपनियां आ रही है। जिसके चलते प्राधिकरण के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। विदेश के कई व्यापारियों की मांग पर यमुना प्राधिकरण ने सरकार को एक पत्र भेजा है।

# नकली लाइसेंस पर रेस्टोरेंट में परोसी जा रही थी शराब

- संचालक समेत दो गिरफ्तार



पायनियर समचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में अवैध शराब का धंधा काफी जोरों पर चल रहा है। माना जाता है कि पुलिस की मिलीभगत से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के रेस्टोरेंट में भी बिना लाइसेंस के देसी और विदेशी शराब परोसी जा रही है।

जिला आबकारी विभाग की टीम ने देर रात एक रेस्टोरेंट पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान आबकारी विभाग ने संचालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से भारी मात्रा में बियर और अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। जिला आबकारी विभाग राकेश बहादुर ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी कि सेक्टर 117 सोरखा स्थित यम्मी टमी रेस्टोरेंट में अवैध रुप से शराब परोसी जा रही है।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट पर छापेमारी की तो वहां पर अवैध रुप से शराब परोसे जाने का भंडाफोड हुआ। रेस्टोरेंट के संचालक द्वारा जाली लाइसेंस पर यह कारोबार किया जा रहा था। आबकारी विभाग की टीम ने मौके से भारी मात्रा में बियर कैन और विदेशी शराब बरामद की। रेस्टोरेंट संचालक परितोष श्रीवास्तव समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 24 घंटे में कोरोना 65 नए के मामले सामने आए

- गौतमबुद्ध नगर में सक्रिय मरीजों की संख्या 560 के पार
- जिले में कुल 1712 लोगों की कोरना वायरस की जांच की गई



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस का संक्रमण अब लगातार धीमा होता जा रहा है। इसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट से नजर आ रही है।

गौतमबुद्ध नगर में स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में दूसरे दिन भी कोरोना वायरस के मामले काफी कम नजर आ रहे हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 600 से घटकर 561 तक पहुंच गयी है। 24 घंटे में 65 नए मामले सामने आए हैं। गौतमबुद्ध नगर में 1712 लोगों की कोरना वायरस की जांच की गयी है। जिसमें 174 मरीज विभिन्न अस्पतालों में ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। 30 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। नए मरीजों में 4 बच्चे भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में सभी मरीजों में हल्के सिंप्टम्स है।

इन सभी मरीजों पर कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। जिन मरीजों की मौत हुई है, उनको पहले से कई बीमारियां चल रही थी। हालांकि, सभी कोरोना वायरस के नियमों का पालन करना बेहद आवश्यक है। मास्क पहने और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करें। जिससे कोरोना वायस के संक्रमण को पूरी तरह से रोका जा सके।

# एनईए के चुनाव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगायी रोक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों की संस्था नोएडा एंम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) के चुनाव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगाकर स्थगित कर दिया है। चुनाव का मतदान 28 अप्रैल को नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में होना था। चुनाव को लेकर नोएडा प्राधिकरण समेत सभी पैनल द्वारा लगभग पूरी तैयारी कर ली गयी थी।

एनईए चुनावों में खड़े सभी पैनलों के जीत के दावों के बीच हाईकोर्ट ने यह बड़ा फैसला सुना दिया है।एनईए के अध्यक्ष चौ. कुशलपाल और महासचिव कपिल शर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस चुनाव पर रोक लगाने की याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने एनईए के चुनाव पर स्टे लगा दिया है। चौ. राजकुमार पैनल के उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को होने वाले चुनाव पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है।

एनईए चुनाव को लेकर चौ. राजकुमार पैनल और रविंद्र कसाना पैनल दो दिनों से लगातार चुनाव प्रचार कर रहे थे। दोनों ने बुधवार को अपना अलग-अलग चुनावी घोषणा पत्र भी जारी कर दिया था। अब चुनाव से एक दिन पहले हाईकोर्ट ने सभी पैनलों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। वहीं, सहायक चुनाव अधिकारी विजय रावल ने बताया कि हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार एनईए के चुनाव कराए जाएंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मई में गडकरी के दौरे के साथ ही द्वारका एक्सप्रेस-वे पर वाहन भरेंगे फर्राटा

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

## द्वारका एक्सप्रेस-वे का गुरुग्राम में काफी काम हुआ पूरा

## जयपुर हाइवे पर खेड़कीदौला के पास बनाया ओवरलीफ

**द्वारका** एक्सप्रेस-वे का 8 हजार करोड़ रुपये से युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य गुरुग्राम में जारी है और अंतिम चरण में है। दिन-रात यानी 24 घंटे यहां पर काम चल रहा है। मई माह में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इसका दौरा करेंगे। उनके दौरे के साथ ही गुरुग्राम में एक्सप्रेस-वे का संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

द्वारका एक्सप्रेस-वे पर गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर बना ओवरलीफ महत्वपूर्ण और आकर्षक है। एक्सप्रेस-वे से घुमावदार सड़क से नीचे उतरकर दिल्ली और जयपुर की तरफ वाहन आ-जा सकेंगे। खेड़की दौला गांव के पास ओवरलीफ घुमावदार सड़क का कार्य पूरा होने वाला है। खेड़की दौला ओवरलीफशुरू होने के बाद एसपीआर सहित दौलताबाद-धनकोट की तरफ के सेक्टर्स के लोगों को इसका फायदा होगा।

केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को लेकर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने खेड़कीदौला टोल का मुद्दा एक बार फिर से उनके समक्ष रखा। गडकरी ने आश्वासन दिया है द्वारका एक्सप्रेस-वे शुरू होने के बाद खेड़कीदौला टोल को हटाया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली धौलाकुआं से मानेसर तक ऐलिवेटिड रोड बनाने पर भी सांसद की उनसे मंत्रणा हुई, क्योंकि दिल्ली-गुरुग्राम हाइवे पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐलिवेटेड योजना की डीपीआर तैयार करने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। इसकी समीक्षा बैठक होनी है। मानेसर में ऐलिवेटिड फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर अधिकारियों का कहना है कि मानेसर में भीष्म मंदिर की जमीन ना मिलने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा।


गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे का हवाई चित्र।

**मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कंट्रोल रूम का हुआ आधा काम :** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को लेकर भी राव इंद्रजीत सिंह की नितिन गडकरी से चर्चा हुई। बताया गया कि गुरुग्राम जिला की सीमा में अलीपुर से निगाह रखे जाने के लिए सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। अभी तक इसका आधा काम पूरा हुआ है।

उम्मीद है कि अगले तीन महीने में यह पूरा हो जाएगा। इस एक्सप्रेस पर बनने वाले सभी छोटे कंट्रोल रूप सेंट्रल कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे। यहां ट्रैफिक सहित अन्य कई तरह का डेटा तैयार किया जा सकेगा। एनएचएआई के प्रोजेक्ट निदेशक मुदित गर्ग के मुताबिक यहां से इस एक्सप्रेस-वे पर गुजर रहे वाहनों पर नजर रखी जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि कंट्रोल रूम 24 घंटे सातों दिन काम करेगा।

# गुरुग्राम की कृष्णा बनीं स्ट्रॉन्ग वूमेन, नवीन गोयल ने दी शाबाशी


कैनविन टावर में खिलाड़ी कृष्णा व कोच को सम्मानित करते नवीन गोयल।

## कृष्णा के साथ कोच नरेश कुमार का भी किया सम्मान

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की बेटी कृष्णा ने नेपाल की धरती पर अपने धाकड़ होने का परिचय कराया तो सब दंग रह गये। पावर लिफ्टिंग में कृष्णा ने 195 किलो वजन उठाकर जब हवा में लहराया तो वह विश्व रिकॉर्ड बन गया। इस चैंपियनशिप में कृष्णा ने एक गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल जीता। नेपाल, बांगलादेश, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान समेत 9 देशों के 370 खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया। चैंपियनशिप में भारत से 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें गुरुग्राम से एक बेटी समेत चार खिलाड़ी शामिल रहे। इसमें कृष्णा, पावर लिफ्टिंग इंडिया से जिला सचिव नरेश कुमार, मास्टर-2 संजीव यादव व अजब सिंह शामिल रहे।

गुरुग्राम से कोच नरेश कुमार के मुताबिक उनका अपनी श्रेणी में ब्रॉन्ज मेडल आया। कृष्णा ने एक गोल्ड मेडल जीता व एक सिल्वर मेडल जीता। कृष्णा ने सबसे अधिक 195 किलो भार उठाकर जब अपनी प्रतिभा दिखाई तो हर कोई दंग रहा गया। उनके प्रदर्शन के साथ ही विश्व रिकॉर्ड बना। कृष्णा को नेपाल में स्ट्रांग वूमेन का खिताब मिला। इसी तरह संजीव यादव मास्टर-2 ने एक गोल्ड व एक सिल्वर 50 साल की उम्र में जीता। अजब सिंह ने दो गोल्ड मेडल जीते व स्ट्रांग मेन का खिताब हासिल किया। खेल के क्षेत्र में बेटियों को सदा प्रेरित करने वाले पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने इन सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया। कृष्णा की उपलब्धि को उन्होंने गुरुग्राम ही नहीं बल्कि देश की बेटियों के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना आसान काम नहीं है। जितनी मेहनत कृष्णा ने की है, उसकी सफलता की खुशी कृष्णा से भी अधिक हम सबको हुई है। दूसरे देश की धरती पर जाकर जब हम अपने देश का नाम रोशन करते हैं, अपना तिरंगा लहराते हैं तो वह पल स्वर्णिम होते हैं। नवीन गोयल ने कहा कि भविष्य में इसी तरह से खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहें। इस अवसर पर गुरदीप शाही, कोच विजय वर्मा भी मौजूद रहे।

**भिवानी में भी छाए गुरुग्राम के ये खिलाड़ी:** कृष्णा के कोच नरेश कुमार ने बताया कि बीती 15 से 17 अप्रैल तक भिवानी के भीम स्टेडियम में भी चैंपियनशिप में गए। वहां उन्होंने 1 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीता। नरेश कुमार ने 542.5 किलो वजन उठाया। कृष्णा ने 175 किलो की डैड लिफ्ट लगाते हुए दो गोल्ड मेडल जीते। कृष्णा ने 392.5 किलो वजन उठाकर एक बार फिर से रिकॉर्ड बनाते हुए स्ट्रांग वूमेन का खिताब जीता। संजीव यादव ने मास्टर-2 में 465 किलो वजन उठाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने 50 साल की उम्र में अपना चयन स्टेट चैंपियनशिप में कराया है।

# नवीन गोयल के नेतृत्व में हुई सफाई कर्मचारियों की संयुक्त आयुक्त संग बैठक

## सफाई कर्मचारियों के हित में निर्णय लेने का नवीन गोयल ने किया आग्रह

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम निगम कार्यालय में संयुक्त आयुक्त के साथ सफाई कर्मचारी नेताओं की बैठक कराते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम** नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मांगों को अधिकारियों तक पहुंचाकर उनका समाधान कराने के लिए गुरुवार को सफाई कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल नवीन गोयल के नेतृत्व में संयुक्त आयुक्त नरेश कुमार से मिला। काफी देर तक कर्मचारियों के मुद्दों पर बातचीत हुई।

संयुक्त आयुक्त नरेश कुमार के समक्ष अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौरव टांक ने कहा कि पांच-पांच साल से सफाई कर्मचारी निष्ठा से काम कर रहे हैं। ठेकेदार के माध्यम से वे काम करते आ रहे थे। मार्च माह में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई। 31 जनवरी को उनका टेंडर खत्म हो गया था। उन्हें 7 मार्च 2023 तक काम करने के लिए दो महीने का एक्सटेंशन दिया गया। गौरव टांक ने कहा कि सरकार की ओर से वर्क आउट सोर्सिंग पॉलिसी लागू की गई है। इस पॉलिसी के टेंडर को खत्म किया जाना चाहिए। मेन पावर से ही टेंडर निकाले जाएं या फिर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत उनकी भर्ती की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि 5-5 साल से सफाई करते आ रहे कर्मचारियों को सरकार को पक्का करना चाहिए। इस अवसर पर कौशल, राकेश सारसर, राजकुमार, मनोज, अंकित ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के साथ ऐसे तो अन्याय हो जाएगा। उन्हें रोजगार मुहैया कराना चाहिए।

नवीन गोयल ने भी संयुक्त आयुक्त नरेश कुमार से आग्रह किया कि नियमों के मुताबिक सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करने के प्रयास किए जाएं। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का रोजगार बना रहे, इस पर वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा के स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मनोहर सरकार रोजगार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी के अलावा निजि क्षेत्र में भी रोजगार को लेकर सरकार लगातार काम कर रही है।

# विशु एवं सौरभ इंसा ने सालगिरह पर बांटे कपड़े व मिठाइयां

## शादी की 9वीं सालगिरह पर पौधारोपण भी किया

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**डेरा** सच्चा सौदा के स्थापना दिवस और शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य में विशु इंसा एवं सौरभ इंसा ने ओल्ड एज होम में जाकर बुजुर्गों को फल वितरित किए। गरीबों को कपड़े व मिठाई बांटी। साथ ही पौधे लगाकर पर्यावरण सुधारने का संदेश दिया।

विशु इंसा एवं सौरभ इंसा ने कहा कि उन्हें गुरूजी संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा से यही प्रेरणा मिली है कि हमें जरूरतमंदों, बीमार लोगों की सेवा करनी चाहिए। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए ही वे इस तरह से सेवा कर रहे हैं। उन्होंने अपनी शादी की सालगिरह पर फिजूलखर्ची की बजाय सेवा करके ही मनाकर बहुत खुशी हुई है। सभी को अपने खास दिनों की खुशी को ऐसे ही गरीबों, जरूरतमंदों की सेवा करके मनाना चाहिए। यह कई गुणा ज्यादा खुशी देता है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के लिए भी हम सभी को लगातार काम करना चाहिए। गुरुजी ने संगत के हाथों करोड़ों पेड़ लगवाकर पर्यावरण को सही करने की सेवा कराई है। आज भी संगत इस काम को जोर-शोर से कर रही है। विशु इंसा एवं सौरभ इंसा ने कहा कि बच्चों को भी हमें ऐसे ही संस्कार देने चाहिए। हमें अपनी कल्चर से जुड़े रहकर काम करने चाहिए। बच्चों में संस्कारों की कमी हो रही है। उन्हें खुशी है कि वे पूज्य गुरूजी के आशीर्वाद से डेरा सच्चा सौदा से जुड़े और दूसरों को जोड़कर भी अच्छे काम करने की प्रेरणा दी है।


शादी की सालगिरह पर बच्चों को मिठाइयां बांटती व पौधे लगाती विशु इंसा।

# मलेरिया, डेंगू और कोविड के खिलाफ टास्क फोर्स गठित

## टास्क फोर्स की देखरेख में सप्ताह में एक दिन मनाया जाएगा ड्राई डे

**सोहना।** एसडीएम की निगरानी में ब्लॉक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। टास्क फोर्स की देखरेख में सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाया जाएगा। इस ड्राई डे अभियान में पंचायत विभाग समेत शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहयोग करेंगे।

वर्तमान समय में मलेरिया की बीमारी का प्रकोप बढ़ने लगा है। आम नागरिकों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह टास्क फ ोर्स आम नागरिकों को मलेरियाए डेंगू, कोविड और रुबेला जैसी जान लेवा बीमारी से बचाव को लेकर आम नागरिकों को जागरूक करने का काम करेगी।

**सप्ताह में एक दिन रहेगा ड्राई डे :** डेंगू, मलेरिया, रुबेला और कोविड जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के लिए ग्राम पंचायतों में रहने वाले आम नागरिकों से लेकर सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और सामाजिक व कारोबारी संस्थानों में कार्य करने वाले नागरिकों को अपने आस-पास किसी भी प्रकार का जमा पानी को समाप्त करने, कूलर और खाली बर्तनों में भरे पानी को फेंकने और किसी अन्य प्रकार की गंदगी का सफाया करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

**'सरपंच से लेकर अधिकारी करेंगे निगरानी' :** सप्ताह में मनाया जाने वाले ड्राई डे के दिन ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, स्कूल प्रभारी और डॉक्टर अपनी-अपनी संस्थानों मे ड्राई डे मनाने की जानकारी फ ोटो के माध्यम से उच्चाधिकारियों देंगे।

> “ **ब्लॉक** टास्क फ ोर्स में शामिल विभाग के अधिकारियों को आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। ड्राई डे का सप्ताह में एक दिन जल्द ही तय किया जाएगा।
>
> 
>
> **प्रदीप मलिक, एसडीएम सोहना**

# गुरुग्राम का गौरव बढ़ाने को मिलकर करें काम : सुधीर सिंगला

## अपने आवास पर सुनी जनता की समस्याएं

## स्वच्छता, पर्यावरण में सुधार करने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनीं और निराकरण करने के अधिकारियों को आदेश दिए। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हम सबको मिलकर गुरुग्राम के गौरव को बढ़ाना है। इसके लिए हम सब मिलकर काम करें। हमें स्वच्छता पर भी काम करना होगा।

स्वास्थ्य सीधे तौर पर पर्यावरण और पर्यावरण सीधे तौर पर हमारी सेहत से जुड़ा विषय है। पर्यावरण के खराब होने पर हमारी सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। विधायक ने कहा कि गुरुग्राम में जो भी समस्याएं हैं, जिनकी सूचनाएं उन तक पहुंच रही हैं, उनको दूर करने पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम के विषयों पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की ओर से उन्हें सीधे जो भी शिकायतें दी जा रही हैं, उन पर बिना देरी के काम होना चाहिए। चाहे जिला प्रशासन हो या नगर निगम या फिर जीएमडीए। सभी अधिकारी गुरुग्राम में सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दें।

इस दौरान पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी, पार्षद शीतल बागड़ी ने लक्ष्मण विहार अंडरपास के पास होने पर इलाके के लोगों के साथ मिलकर विधायक का धन्यवाद किया। विधायक ने कहा कि वे सदैव जनता के लिए समर्पित हैं। पूर्व निगम पार्षद मंगतराम बागड़ी ने बताया कि विधायक सुधीर सिंगला को इलाके के लोगों की ओर से वार्ड नंबर-10 प्रस्तावित नया वार्ड नंबर-14 की निवर्तमान पार्षद शीतल बागड़ी की ओर से लिखा गया एक धन्यवाद पत्र सौंपा गया। उन्होंने कहा है कि हमें रेलवे के अधिकारियों की ओर से सूचित किया गया है कि दौलताबाद रेलवे फ्लाईओवर के पास रेलवे सब-वे के निर्माण के प्रस्ताव/एस्टीमेट को नॉर्दर्न रेलवे, दिल्ली डिवीजन की ओर से मंजूरी दे दी गई है।


गुरुग्राम में विधायक सुधीर सिंगला को धन्यवाद पत्र सौंपते मंगतराम बागड़ी।

# विधायक सत्यप्रकाश जरावता को पार्टी ने दी बड़ी जिम्मेदारी : सुंदर लाल

## विधायक सत्यप्रकाश जरावता का किया गया भव्य स्वागत

## जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल ने बधाई दी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के उपाध्यक्ष और हरियाणा विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग समिति के चेयरमैन बनाए जाने पर बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा और भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल ने बधाई देते हुए उनका स्वागत किया।

सीमा त्रिखा ने विधायक सत्यप्रकाश जरावता को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में काम करने वाले हर कार्यकर्ता, हर नेता को उचित मान और सम्मान दिया जाता है। पार्टी और सरकार में विधायक सत्यप्रकाश जरावता को जो दायित्व मिला है, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने अपने हलके में विकास के कार्यों की झड़ी लगाई है। शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़कों पर उन्होंने खूब काम किए हैं। अपने क्षेत्र के लिए उन्होंने सरकार से खूब बजट लिया है। विकास के कार्यों को पूरा कराया है। उनकी कार्यशैली, कार्यप्रणाली और कार्यक्षमता से ही सरकार और पार्टी में उन्हें अहम पदों का दायित्व दिया गया है। पार्टी में प्रदेश उपाध्यक्ष और सरकार में चेयरमैन बनाकर उनका कद बढ़ाया गया है। विधायक सत्यप्रकाश जरावता को सुंदर लाल यादव के अलावा महेश चौहान, बोहड़ाकलां, प्रवीण यादव, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मानेसर दयाराम, उपाध्यक्ष एससी मोर्चा प्रदीप खुल्लर, विकास शर्मा, पवन यादव, केशु यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम में विधायक सत्यप्रकाश जरावता का स्वागत करते विधायक सीमा त्रिखा, सरपंच सुंदर लाल व अन्य।

# कॉलेज देखो कॅरियर कंपास टेस्ट से जानें आपके लिए बेस्ट कॅरियर ऑप्शंस

**पायनियर समाचार सेवा। मेरठ**

**भारत** के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद हायर एजुकेशन इकोसिस्टम, कॉलेजदेखो ने अपने लेटेस्ट इनोवेशन - करियर कंपास का अनावरण किया है। कंपनी के स्टूडेंट-फर्स्ट एप्रोच के अनुरूप, करियर कंपास एक फ्री टूल है। जिसे व्यक्तिगत व्यक्तित्व लक्षणों के आधार पर कॅरियर स्ट्रीम की पहचान करने में छात्रों की चिंता को समाप्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पेशकश विश्व स्तर पर स्वीकृत हॉलैंड पर्सनैलिटी ट्रेट्स टेस्ट के आधार पर एक साइकोमेट्रिक टेस्ट द्वारा संचालित है। इससे छात्रों को संभावित करियर पाथ की पहचान करने और अपने छुपे स्किल का पता लगाने के साथ अपने रूचि के कॅरियर में अधिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सहायता मिलती है।




करियर कंपास टेस्ट, कॉलेजदेखो द्वारा तैयार किए गए तकनीकी टूल किसी पर्सनैलिटी के शीर्ष तीन लक्षणों की पहचान करता है। विशेष रूप से भारत के लिए बनाया गया, यह एक आसान टेस्ट है। जिसे पूरा करने में केवल 3 से 5 मिनट लगते हैं। छात्रों को अधिक कॅरियर विकल्प प्रदान में सहायता करने के लिए यह अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, मराठी, बंगाली और गुजराती में उपलब्ध है। कॉलेज देखो द्वारा भविष्य में इस टेस्ट को और अधिक भाषाओं में लॉन्च करने की योजना है। प्रत्येक छात्र की नि:शुल्क व्यक्तिगत कॅरियर कंपास रिपोर्ट को टेस्ट में पूछे गए साठ प्रश्नों के जवाब के आधार पर तैयार किया जाता है, जिसमें सही या गलत उत्तर नहीं हैं। रिपोर्ट में उपयोगी जानकारी जैसे कि संभावित करियर पाथ, कार्य वातावरण प्राथमिकताएं और यहां तक कि नौकरी के सुझाव भी शामिल हैं। छात्रों को रिपोर्ट और आवश्यकताओं के आधार पर कॉलेज देखो के बेहद अनुभवी और प्रशिक्षित काउंसलरों से बिना किसी शुल्क के मुफ्त काउंसलिंग भी मिलेगी। कंपनी की वेबसाइट छात्रों को कोर्स के साथ-साथ 35,000 से अधिक कॉलेजों की जानकारी भी प्रदान करती है। कॉलेजदेखो हायर एजुकेशन में भारत का सबसे बड़ा इकोसिस्टम है, जिसने 2022 में सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 205 मिलियन से अधिक छात्रों को सेवा प्रदान की है।

कंपनी की नवीनतम पेशकश पर गर्व व्यक्त करते हुए, कॉलेजदेखो के सीईओ और सह-संस्थापक, रुचिर अरोड़ा ने कहा, कॉलेजदेखो करियर कंपास को लॉन्च करते हुए हमें गर्व हो रहा है, जिसे हमारे छात्रों को कॅरियर की दिशा दिखने और कॉलेज एडमिशन के लिए मुफ्त मार्गदर्शन प्राप्त करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारा मानना है कि यह सुविधा छात्र समुदाय के लिए बहुत मददगार होगी, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने अभी-अभी 12वीं कक्षा पूरी की है और अपने करियर विकल्पों को लेकर भ्रमित हैं।

# गर्भवती महिला के हत्यारोपी डॉक्टर की पांच दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

## मृतक के परिजन पुलिस पर मामले में ढिलाई बरतने का लगा रहे आरोप

**सोहना।** पुलिस पांच दिन पूर्व उपचार के दौरान चार माह की गर्भवती महिला की हुई मौत के आरोपी महिला डॉक्टर को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। मृतक के परिजन पुलिस पर मामले में ढिलाई बरतने का आरोप लगा रहे हैं।

मालूम रहे कि तीन बच्चों की मां रानी चौहान की शनिवार की रात को निजी अस्पताल सरुप में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक महिला के पति अजय चौहान ने सरुप अस्पताल की महिला डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मौत का आरोपी ठहराया था। पुलिस शहर थाना ने अजय की शिकायत पर आरोपी नामजद महिला डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जिससे मृतक महिला के परिजनों से लेकर रिश्तेदारों मे निराशा बनी हुई है। रानी चौहान के रिश्तेदार देवेन्द्र ने पुलिस पर मामले में ढिलाई बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने ने बताया कि पुलिस को तुरन्त प्रभाव से आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लेना चाहिए। काजल दिया आरोपी डॉक्टर को जल्द से जल्द गिरफ्तार करना चाहिए। वरना ऐसे तो किसी और महिला को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है।


मृत महिला रानी चौहान की फाइल फोटो।

> “ **पुलिस** इस मामले को गंभीरता से ले रही है। मामले की गहराई और सबूतों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच में मिलने वाले सबूतों के आधार पर महिला डॉक्टर दोषी पाई जाती है तो पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने में देरी नहीं करेगी।
>
> **नवीन संधू, एसीपी सोहना**

# हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास सर्विस रोड शुरू

## विधायक सुधीर सिंगला ने किया सर्विस रोड का शुभारंभ

## यहां से निकलने वाले यात्रियों को होगी सहूलियत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने सुशांत लोक सी-ब्लॉक से हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन चौक की ओर जाने वाली नयी सर्विस रोड का शुभारंभ किया। इस रोड के शुरू होने से अब रोजाना हजारों लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।

सर्विस रोड का शुभारंभ करने के बाद विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम शहर हरियाणा का पहला ऐसा शहर, जिला बन गया है, जहां के भीतर और बाहरी क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। शहर की सड़कों को पैदल यात्रियों व वाहनों के अनुकूल बनाया जा रहा है, ताकि लोग सुरक्षित यात्रा कर सकें। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम शहर से सबसे पहला हाईवे दिल्ली-जयपुर ही निकलता था। अब रास्तों की भरमार है। अब द्वारका एक्सप्रेस-वे, केएमपी एक्सप्रेस-वे से दिल्ली से आने-जाने वाला यातायात सीधे जयपुर हाइवे से कनेक्ट हो जाएगी। द्वारका एक्सप्रेस-वे का कार्य अंतिम चरण में है। इसकी कनेक्टिविटी जयपुर हाइवे से हो चुकी है। अगले महीने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इसका दौरा भी करेंगे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में जो केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से विकास के काम सिरे चढ़े हैं, वे गुरुग्राम के इतिहास में कभी नहीं हुए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सड़कें, गलियां अगर सही होंगी तो हमारे काम सही चल सकेंगे। उन्होंने फिर से नगर निगम, जीएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर में टूटी सड़कों को ठीक कराएं, ताकि आमजन को कोई परेशानी ना हो। अभी भी शहर में अनेक स्थानों पर सड़कें टूटी हैं। कई स्थानों पर काफी समय से गड्ढे हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भरा जाए। कार्यक्रम में सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, पार्षद मनीष वजीराबाद, अनिल यादव, मंडल महा मंत्री अशोक डबास व स्वाति टंडन, मंडल कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, डी-ब्लॉक आरडब्ल्यूए के अक्षय त्रिपाठी, कृष्ण यादव, दीपक शर्मा, अजय दुआ, जैन, प्रदीप, आभा गर्ग, मंडल सचिव वंदना जोशी, नीलिमा मिश्रा, अंकुर गुलाटी, सुनील मेंबर, अजीत मिश्रा समेत अनेक गणमान्य मौजूद रहे।


गुरुग्राम के हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास सर्विस रोड पर वॉक करते विधायक सुधीर सिंगला।

## 'आप' की बहानेबाजी

### शाही खर्च

**आम** आदमी पार्टी-आप की किसी प्रकार की बहानेबाजी दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास की साज-सज्जा में 45 करोड़ रुपये का खर्च सही नहीं ठहरा सकती है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने केजरीवाल को 'महाराजा' कहा है जिसकी 'शानोशौकत व आराम के लिए भयंकर भूख' है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय माकन ने भी आरोप लगाया है कि केजरीवाल ने सरकारी खजाने से अपने आधिकारिक बंगले को शानदार बनाने के लिए 45 करोड़ रुपये खर्च किए जिसमें अत्यधिक महंगी डायोर पालिश, वियतनाम का संगमरमर, महंगे पर्दे तथा बहुत महंगी कालीनें शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने अभी तक सिविल लाइन्स में केजरीवाल के बंगले के सौंदर्यीकरण पर हुए इस खर्च से इनकार नहीं किया है। लेकिन आम आदमी पार्टी की प्रतिक्रिया पहले की तरह सवाल उठाने वालों के खिलाफ गुस्से से भरी है। समान रूप से यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि पार्टी ने आधिकारिक बंगले पर शाही खर्च से इनकार नहीं किया है, बल्कि दूसरों पर उंगली उठाई है। उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक आवास पर सवाल उठाए हैं जिस पर उसके अनुसार 500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। उसने गुजरात व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों द्वारा 200 करोड़ रुपये के विमान खरीदने पर सवाल उठाए हैं। उसने इसके उसके बारे में सवाल उठा कर अपने पाप छिपाने का प्रयास किया है। यह एक प्रकार की शुद्ध व बेशर्म बहानेबाजी है।



लेकिन आप के नेताओं द्वारा की जाने वाली इस बहानेबाजी तथा दूसरों पर आरोप लगाने का यह अर्थ नहीं कि इसे उचित तर्क मान लिया जाए। आम आदमी पार्टी-आप ने शुरुआत से ही दावा किया है कि वे आम आदमी के सच्चे प्रतिनिधि हैं। उन्होंने यह दिखाना भी सुनिश्चित किया कि वे आम आदमी जैसे दिखें। शायद इसीलिए केजरीवाल विरले ही कभी कुर्ता-पैजामा पहने दिखते हैं, जबकि आमतौर से राजनेता यही पोशाक पहनते हैं। आप ने राजनेताओं के भ्रष्टाचार व उनकी शानोशौकत वाली जीवनशैली का भारी और मुखर विरोध किया था। आप नेता समारोही ढंग से अपनी ईमानदारी व सरलता का ढिंढोरा पीटते घूमते रहते हैं। लेकिन इस सच्चाई को कतई अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत आप के अनेक नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। आप प्रवक्ता इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हैं, पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्वयं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को मई, 2022 में भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर मंत्रिमंडल से हटा दिया था। दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व जेल मंत्री सत्येन्द्र जैन को अरविंद केजरीवाल 'कट्टर ईमानदार' कहते थे, लेकिन वे लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं। जेल में 'शाही ऐशोआराम' के वीडियो वाइरल होने के बाद ही उनको जेल मंत्री के पद से हटाया गया था। अब केजरीवाल के बारे में हुए खुलासे से आप के इन दावों की पूरी तरह हवा निकाल दी है कि वे आम लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। जैसे-जैसे आप नेताओं की असलियत के 'खुलासे' हो रहे हैं, वैसे-वैसे उनकी चीख-पुकार तथा दूसरों पर आरोप लगाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन का लाभ उठा कर अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी बनाई। पंजाब में राजनीतिक 'खालीपन' का लाभ उठा कर व 'खैरातों' का लालच देकर भले ही वे वहां अपनी सरकार बनाने में सफल हुए हों, पर गुजरात की कर्मठ जनता ने उनकी 'खैरातों' को अस्वीकार कर दिया। आप की 'असलियत' जनता के सामने लगातार उजागर हो रही है और वह पतन की ओर बढ़ रही है।

# चंपारण सत्याग्रह के सबक

चंपारन सत्याग्रह वर्तमान कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक प्रासांगिक है। यह संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों के भी अनुरूप है।

**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधीवादी संस्था से संबद्ध हैं)





चंपारन सत्याग्रह एक अहिंसक विरोध आंदोलन था जो वर्तमान बिहार के चंपारन जिले में अप्रैल, 1917 में हुआ था। उस समय अंग्रेजों ने किसानों पर जबरन नील की खेती थोप दी थी। यह भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है जिससे महात्मा गांधी को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेता के रूप में उभरने का अवसर दिया। यह भारत में अहिंसक 'नागरिक नाफरमानी' आंदोलन की भी शुरुआत थी जिसने अमानवीय परिस्थितियों में मानवीय गरिमा को महत्व दिया तथा सामाजिक न्याय व भूमि सुधार का महत्व रेखांकित किया। महात्मा गांधी के साथ आंदोलन में शामिल डा. राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी पुस्तक 'सत्याग्रह इन चंपारन' में चंपारन संघर्ष का विवरण देते हुए बताया, 'चंपारन में महात्मा जी के आने से पहले जिले के किसानों ने अनेक अवसरों पर व्यापक आंदोलन किया था और उन्होंने असहयोग का प्रयास भी किया था। लेकिन इस आंदोलन व असहयोग का आधार अहिंसा नहीं थी। सरकार तथा प्लांटरों का विश्वास हिंसा पर था और उनके पास इसके प्रभावी प्रयोग के लिए संसाधन भी थे। इससे वे आंदोलन को कुचलने में सफल हुए जो हिंसा से मुक्त नहीं था।'

खाद्यान्न फसलों के स्थान पर अंग्रेजों द्वारा नील की जबरिया खेती कराने के कारण कृषि उत्पादकता को भयंकर नुकसान हुआ तथा क्षेत्र में भोजन की कमी हो गई। हजारों-हजार खेतिहर गुलामों, ठेके पर काम करने वाले मजदूरों तथा सीमान्त किसानों को पूरे भू क्षेत्र के 3-20 में नील की खेती करने के लिए मजबूर किया गया। इसे 'तिनकठिया व्यवस्था' का नाम दिया गया। अपनी आजीविका चलाने में अक्षम किसानों को अक्सर प्लांटर्स से मनमानी ब्याज दरों पर कर्ज लेने को मजबूर होना पड़ता था। इससे कर्ज व गरीबी का ऐसा दुष्चक्र शुरू हुआ जो कई पीढ़ियों से किसानों को परेशान कर रहा था। लेखक शशि थरूर ने अपनी पुस्तक 'इन्लोरियस इम्पायर' में संकेत किया है कि कैसे अंग्रेजों ने भारत को लूट, शोषण तथा सीधे-सीधे चोरी से भारत को नष्ट किया। ये सब गहरी नस्लवादी व नैतिक द्वेष की भावना से प्रेरित था। 'चैनल 4 न्यूज़' को दिए साक्षात्कार में थरूर ने बताया, 'तथ्य यह है कि ब्रिटेन 18वीं शताब्दी के प्रारम्भ में दुनिया के एक सबसे अमीर देश में आया और उसने 200 साल बाद उसे गरीबों में सबसे गरीब बना दिया।'

महात्मा गांधी लोगों के लगातार समझाने-बुझाने तथा चंपारन के गरीब किसान राजकुमार शुक्ला की भावनात्मक अपील के बाद वहां आए जिनको अंग्रेजों के हाथों अत्याचार का सामना करना पड़ा था। बाद में चंपारन गांधीजी की कर्मभूमि बन गया। राजकुमार शुक्ला गांधीजी के गाइड व दुभाषिए बन गए। उन्होंने गांधीजी को चंपारन की जटिल सामाजिक व सांस्कृतिक गत्यात्मकता समझाने में सहायता की तथा गांधीजी और किसान समुदाय के बीच परस्पर विश्वास और संवाद का माहौल पैदा किया। आज 1917 के चंपारन सत्याग्रह का बहुत महत्व है और यह संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी की पूर्ति में सहायक हो सकता है। इसका सबंध खासकर गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच, जेंडर समानता को प्रोत्साहित करने, टिकाऊ आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने तथा टिकाऊ कृषि व्यवहारों को प्रोत्साहन देने से है।

> **जनता में शिक्षा तक पहुंच तथा जागरूकता में कमी के कारण ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन उसका शोषण करने में सफल हुआ। इस आंदोलन ने फसल विविधीकरण तथा मृदा स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए आर्गेनिक उर्वरकों पर जोर दिया, जबकि वर्तमान किसान आंदोलनों में यह देखने को नहीं मिलता है।**

जनता में शिक्षा तक पहुंच तथा जागरूकता में कमी के कारण ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन उसका शोषण करने में सफल हुआ। इस आंदोलन ने फसल विविधीकरण तथा मृदा स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए आर्गेनिक उर्वरकों पर जोर दिया, जबकि वर्तमान किसान आंदोलनों में यह देखने को नहीं मिलता है। इसने स्थानीय नेताओं के महत्व पर भी जोर दिया जिनका समुदाय से मजबूत संबंध हो और आज भी वे व्यापक स्तर पर उनकी कठिनाइयों को प्रभावी रूप से प्रकट कर सकें। एक सामूहिक आंदोलन के रूप में चंपारन सत्याग्रह ने विभिन्न समुदायों के किसानों को अपने अधिकारों की मांग के लिए एकसाथ ला खड़ा किया। हालांकि, आज भी कृषि क्षेत्र में स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं है, पर यह अनेक विकसित देशों से बेहतर है। वर्तमान संदर्भ में चंपारन सत्याग्रह का सबसे बड़ा सबक यही है कि गांव के बच्चों में व्यावहारिक शिक्षा प्रोत्साहित करना सर्वाधिक आवश्यक है ताकि वे अपने समुदायों में परिवर्तन के वाहक बन सकें।

यह भी जरूरी है कि लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे लोगों को आवश्यक कौशल व ज्ञान से लैस कर उनको कृषि क्षेत्र में कॅरियर के लिए प्रेरित कर सकें। इसके लिए सूचना संवर्धन में प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलना चाहिए। कृषि क्षेत्र में स्थानीय विशेषज्ञों व किसानों को शामिल कर व्यावहारिक प्रशिक्षण व निर्देशन दिया जाना चाहिए। इससे न केवल उनको व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा, बल्कि वे कृषि क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठा कर कॅरियर विकल्प चुनने में सफल होंगे। पुस्तकों, वीडियो व आनलाइन प्लेटफार्मों से व्यावहारिक शिक्षा में योगदान करना जरूरी है और इनकी उपलब्धि सहज होनी चाहिए। इसके साथ ही उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इसमें बच्चों व युवाओं पर ध्यान केन्द्रित कर उनको अपने कृषि उद्यम स्थापित करने पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के नए अवसरों को प्रोत्साहित करने तथा गांव व कृषि व्यवस्था के आर्थिक विकास का अवसर मिलेगा।


किसान सहकारितायें, एनजीओ व समुदाय आधारित संगठन संसाधनों के प्रभावी उपयोग की भूमिका तैयार कर इस क्षेत्र में प्रगति की विशेषज्ञता प्रदान कर सकते हैं। ऐसा एक कार्यक्रम 'जन संस्थान' द्वारा चलाया जा रहा है। यह संगठन राजस्थान में कृषि-उद्यमिता विकास कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण सशक्तीकरण के प्रयास कर रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण नौजवानों में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता को प्रोत्साहन देना है। इसके लिए आर्गेनिक खेती, पशुपालन व अन्य संबंधित क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही 'डिजिटल ग्रीन' नामक अलाभकारी संगठन तकनीक का प्रयोग कर भारत में छोटे किसानों का सशक्तीकरण करता है। वह स्थानीय समुदाय सदस्यों को प्रशिक्षण दे कर स्थानीय भाषाओं में वीडियो तैयार कर उनके प्रसार को प्रेरित करता है। इसमें स्थानीय किसानों को दिखाया जाता है तथा इससे भारत में हजारों छोटे किसानों की फसलों की उपज बढ़ाने और विश्वसनीयता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। यह इस दिशा में एक प्रगतिशील कदम है।

सरकार द्वारा शुरू की गई 'आदर्श ग्राम योजना' ऐसी ही एक पहले है जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास पर जोर दिया जाता है। इसमें मूलभूत सुविधाओं, जैसे, पानी, स्वच्छता व स्वास्थ्यरक्षा तक पहुंच बढ़ाने तथा शिक्षा व उद्यमिता बढ़ाने पर जोर दिया जाता है। सरकार गांवों को सहायता और पैसा प्रदान करती है ताकि टिकाऊ विकास हो सके। महाराष्ट्र के 'हिवारे बाजार' गांव ने अनेक पहलों का क्रियान्वयन किया है। इनमें वर्षा जल संचयन, आर्गेनिक खेती और उद्यमिता प्रशिक्षण शामिल हैं। इन पहलों से गांव सूखापीड़ित क्षेत्र से बदल कर अब टिकाऊ विकास का माडल बन गया है। चंपारन सत्याग्रह की विरासत केवल आयोजनों व समारोहों में न होकर टिकाऊ पहलों को एक मजबूत आधार प्रदान करने में है जिनमें अनेक प्रयास शामिल हैं। शिक्षा और जागरूकता पर अधिक जोर देने से सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सुधार सामने आते हैं जो कृषि क्षेत्र में टिकाऊ विकास को प्रोत्साहित करते हैं। देश के विकास के लिए चंपारन सत्याग्रह से ऐसे सबक प्राप्त करना व उनका जमीनी क्रियान्वयन जरूरी है।

# प्रोस्टेट की सटीक शल्य चिकित्सा

> "प्रोस्टेट के अत्यधिक जोखिम वाले रोगियों में सटीक शल्य चिकित्सा एक अच्छा विकल्प है।"

**तन्नू पाल भाटिया**
(लेखक, वरिष्ठ यूरोलोजिस्ट हैं।)




आयु बढ़ने के साथ अधिकांश लोगों को स्वास्थ्य समस्यायें होने लगती हैं। बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया-बीपीएच का सीधा संबंध आयु बढ़ने से है। यह व्यापक रूप से पाई जाने वाली स्थिति है जिसे आमतौर से प्रोस्टेट ग्रंथि बढ़ना कहते हैं जो वृद्ध पुरुषों में होती है। इस स्थिति में मूत्र तंत्र का सामान्य कामकाज बाधित होता है जिसके कारण पेशाब करते समय दर्द या कठिनाई या बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। यदि इलाज न किया जाए तो मूत्राशय के नीचे स्थिति ग्रंथि के बढ़ने से पेशाब करना असंभव हो जाता है तथा किडनी काम करना बंद कर देती है।

रोगी के अत्यधिक जोखिम वाली श्रेणी में होने के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती है। ऐसे में जटिल शल्य क्रिया जैसे इलाज की जरूरत होती है। लेकिन न्यूनतम हस्तक्षेप वाली प्रोस्टेटिक यूरेथ्रल लिफ्ट-पीयूएल जैसी चिकित्सा से अनेक जोखिमों से प्रभावी रूप से मुक्ति मिल सकती है।

अनुमान लगाया गया है कि 2019 में दुनिया भर में बीपीएच स्थितियों वाले 11.26 मिलियन रोगी थे। भारत में आयु के सातवें दशक में पहुंचने वाले 50 प्रतिशत से अधिक पुरुष इस स्थिति से पीड़ित बताए जाते हैं। वृद्ध पुरुषों में प्रोस्टेट ग्रंथि बढ़ना एक प्रमुख समस्या है जिनमें से अधिकांश अन्य जीर्ण रोगों, जैसे हृदय रोगों, आघात, मधुमेह व उच्च रक्तचाप के भी शिकार होते हैं। हालांकि कई दवायें बिनाइन कोशिकाओं की वृद्धि रोकने में सहायक होती हैं, पर काफी संख्या में लोगों को अंततः शल्य क्रिया की जरूरत पड़ती है।

बीपीएच से पीड़ित अत्यधिक जोखिम वाले रोगियों में बेहोशी देना और



सर्जरी करना अनेक अन्य स्थितियों के कारण संभव नहीं होता है जिनमें हृदय रोग, श्वसन संबंधी मुद्दे, पहले हुए आघात तथा बीपीएच के परंपरागत इलाजों का निष्प्रभावी होना शामिल है।

अत्यधिक जोखिम वाले बीपीएच रोगियों में सर्वाधिक कम जोखिम वाली शल्य क्रिया प्रक्रिया प्रोस्टेटिक यूरेथ्रल लिफ्ट-पीयूएल चिकित्सा है। हय अल्ट्रा-मिस्ट यानी मिनिमली इन्वेसिव सर्जिकल थेरेपी की श्रेणी में आती है। यह खोजी चिकित्सा लोकल एनस्थीसिया देकर की जा सकती है। यह त्वरित व प्रभावी प्रक्रिया पूरी करने में 10-15 मिनट समय लगता है। इस प्रक्रिया में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं किया जाता है जिससे लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने या ठीक होने में लंबा समय नहीं लगता है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद रोगी को उसी दिन छुट्टी मिल सकती है। इसके साथ ही न्यूनतम हस्तक्षेप वाले इलाजों में एनेस्थीसिया सबंधी जटिलतायें नहीं होती हैं जो अत्यधिक जोखिम वाले बीपीएच रोगियों में हो सकती हैं।

एनेस्थीसिया के अयोग्य बीपीएच रोगियों में एकमात्र प्रभावी इलाज होने के कारण पीयूएल व्यवस्था बहुत सस्ता विकल्प भी है। इससे लंबे समय तक अस्पताल में रहने से मुक्ति मिलती है तथा लंबे समय तक चिकित्सा देखभाल की जरूरत भी नहीं पड़ती है। इसके साथ ही इस प्रक्रिया का लाभ उठाने वाले रोगियों को कैथेटर की जरूरत नहीं होती है जो असुविधाजनक एवं असहज होता है। न्यूनतम हस्तक्षेप वाली शल्य क्रिया की प्रकृति ही अत्यधिक जोखिम वाले बीपीएच रोगियों की जीवन गुणवत्ता में सुधार कर देती है।

संक्षेप में कहा जाए तो पीयूएल चिकित्सा जैसी न्यूनतम हस्तक्षेप वाली चिकित्सा अत्यधिक जोखिम वाले बीपीएच रोगियों के लिए आशा की किरण हैं। इस अद्यतन तकनीक ने चिकित्सा प्रक्रिया को तकनीक आधारित बना कर इसे सुरक्षित तथा ज्यादा प्रभावी चिकित्सा विकल्प में बदल दिया है। इससे ऐसे रोगियों को भी लाभ मिलता है जो अत्यधिक जोखिम वाले तथा एनेस्थीसिया के अयोग्य होते हैं। इस प्रकार अद्यतन तकनीक का प्रयोग कर न्यूनतम हस्तक्षेप वाली चिकित्सा ने अत्यधिक जोखिम वाले बीपीएच रोगियों का इलाज आसान कर दिया है। उनको सहज इलाज मिलता है, वे जल्दी ठीक हो जाते हैं तथा उनकी जीवन गुणवत्ता में समग्र सुधार होता है।

## आप की बात

### नीतीश की नीयत

**एक** जमाने में सुशासन बाबू के नाम से मशहूर नीतीश कुमार आजकल काफी बड़े तिकड़मबाज बन गए हैं कभी किसी के साथ तो कभी किसी के साथ गठबंधन करके अपनी सरकार बनाना आज उनकी हाबी बन गई है। ये बार-बार पाला बदलने में भी एक्सपर्ट राजनीतिज्ञ कहलाते हैं इसीलिए आज के समय में उन्हें एक मौकापरस्त नेता भी कहा जाने लगा है। इन दिनों तो वे अब मुख्यमंत्री बनने के बजाय तिकड़म बाजी करके देश का प्रधानमंत्री बनने की फिराक में हैं। देखना होगा कि बार-बार सीएम पद की जुगाड़ करने वाले नीतीश अपने लिए पीएम पद की जुगाड़ करने में किस तरह सफल हो पाते हैं। नीतीश कुमार ने पिछले दिनों अनेक विपक्षी नेताओं से मुलाकात की है और वे उनके मतभेदों को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। कई बैठकों में वे अपने साथ उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी को भी ले जाते हैं। लेकिन इससे बिहार का शासन-प्रशासन बिल्कुल ध्वस्त हो गया है जो पहले से ही काफी बदहाल था। नीतीश पहले तो तेजस्वी को घोषित रूप से मुख्यमंत्री पद के योग्य बता चुके हैं, पर उनको कुर्सी फौरन सौंपना नहीं चाहते हैं। ऐसे में नीतीश की नीयत समझना विपक्षी नेताओं तथा उनके दोस्तों के लिए भी कठिन होता जा रहा है।

– **एम एम राजावत राज,** शाजापुर

### हत्यारे की रिहाई

**हत्या** के अपराध में सजा काट रहे एक बड़े अपराधी को वोटरों की राजनीति के चलते जेल के नियमों तक में परिवर्तन करके अंततः उसे जेल से छुड़वा लिया गया। गुजरात की तरह ही बिहार सरकार के लिए भी स्वतंत्र रूप से संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट को नोटिस जारी करना चाहिए। ऐसी क्या हड़बड़ी थी कि एक हत्यारे के लिए जेल मैन्युअल में परिवर्तन करना पड़ा? हालांकि, पहले भी ऐसी घटनायें होती रही हैं, मगर बिहार के मामले में तो उक्त जेल मैन्युअल को बदलते ही मीडिया ने पूरी कहानी बता दी थी कि एक हत्यारे को जेल से बाहर निकालने के लिए यह सब कवायद की जा रही है। लेकिन बिना किसी शर्म के नीतीश सरकार ने उसे छुड़वा कर अपने चुनावीरथ में जोड़ दिया है। अब जनता को ही अपने वोटो के बाण से इस मनोवृति को धराशाई करना होगा। इस अपराधी या माफिया ने एक दलित डीएम की हत्या की थी, अतः दलित नेताओं को नीतीश को दलित-विरोधी कहने का मौका भी मिल गया है। इस प्रकरण की तुलना उत्तर प्रदेश से भी करनी चाहिए जहां योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया के प्रति कठोरतम दृष्टिकोण अपना रही है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### नक्सली हमला

**छत्तीसगढ़** के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने कायराना हरकत कर आईईडी धमाके मे 10 जवानों की जीवन लीला समाप्त कर दी। शहीद जवानों की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि अब नक्सलियों को मुँह तोड़ जवाब देने की कारगर नीति बनाई जाए। इनके मंसूबों को विफल करने के लिए मुंहतोड़ जवाबी कार्यवाही जरुरी है। पहले भी नक्सली हमले हुए है और हमारे सैनिको का बलिदान हुआ है। हालांकि, पहले से नक्सली हमलों मे गिरावट जरूर आई है परन्तु चुनौती को स्वीकार कर उन पर शिंकजा कसने की जरूरत है। सरकार की नीति नक्सलियों के प्रति इतनी कठोरता की होनी चाहिए कि उनमें भय बना रहे और वे कोई भी जानलेवा हरकत करने से पहले सोंचें। समाज व क्षेत्र के विकास मे नक्सली हमलों या अमानवीय वरदातों की कोई जगह नहीं है। राज्य और केंद्र सरकार मिलकर इस समस्या का हल खोजें तथा ऐसे ठोस कदम उठाएं कि हिंसा की घटनाओं पर पूर्ण विराम लगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कठोर कार्रवाई का वादा किया है। यह उनकी परीक्षा होगी क्योंकि कुछ महीने बाद छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होंगे।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### सूडान संकट

**शी जिनपिंग** जब पिछले दिनों मॉस्को के दौरे पर गए थे तो उस समय उन्होंने यूक्रेन पर रुसी आक्रमण की निंदा तो नहीं की थी मगर युद्ध को खत्म करने के लिए 12 बिंदुओं की शांति योजना पेश की थी। अब यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की के साथ उनकी फोन पर लम्बी बातचीत हुई। लेकिन सवाल ये उठता है कि तानाशाह जिनपिंग दूसरे तानाशाह पुतिन के कैसे जा सकता है। कहा जाता है कि चीन खुद अपने पडोसी ताइवान पर आक्रमण करने वाला है। उसकी नज़र अन्य 13 पडोसी देशों की जमीन पर भी है जिनके साथ उसका सीमा विवाद चल रहा है। इनमें भारत, वियतनाम, जापान, लाओस, इंडोनेशिया व मलेशिया आदि देश शामिल हैं। चीन इन देशों की सीमाओं पर जब-तब उकसावे की कार्रवाई करता रहता है। क्या ऐसा देश कभी चाहेगा कि रूस किसी तरह की उकसावे की कार्रवाई न करे। यह केवल चीन की नई रणनीति है। ज़ेलेन्स्की को पहले यह समझना होगा कि दुश्मन का दोस्त अपना दुश्मन होता है अतः उस पर बहुत अधिक भरोसा करना ठीक नही होगा।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# डबल के साथ तीसरा इंजन जुड़ते ही बढ़ जाएगी विकास की रफ्तारः योगी

## मुख्यमंत्री ने डालीगंज में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ प्रदेश का ऐतिहासिक और पौराणिक महानगर है। वही वजह है कि लखनऊ ने अपनी अनेक स्मृतियों से देश और दुनिया में अपना नया स्थान बनाया है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को सर्वाधिक समय तक देश की संसद में प्रतिनिधित्व करने का अवसर लखनऊ ने ही दिया है। यह लखनऊ की देन है कि श्रद्धेय अटल की इस विरासत को पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टंडन ने आगे बढ़ाने का कार्य किया। अब केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अटल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ को समग्र विकास से जोड़ते हुए आगे बढ़ा रहे हैं। आज लखनऊ एक स्मार्ट सिटी के साथ वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में स्थापित हो रहा है। लखनऊवासियों ने इस दायित्व का निर्वहन जिस तत्परता के साथ किया है मैं इसके लिए आप सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को डालीगंज में नगर निकाय चुनाव प्रचार के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्ष के अंदर अकेले लखनऊ शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 16598 गरीबों को आवास उपलब्ध करवाया गया है। पहले व्यापारी रंगदारी देता था, आज व्यापारी को स्वनिधि दी जा रही है। पीएम स्वनिधि योजना से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। लखनऊ में 80100 वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना के साथ जोड़ने का कार्य हुआ है। वहीं पूरे प्रदेश में 100000 निराश्रित महिलाएं, दिव्यांगजन और वृद्धजनों को 12000 रुपए सालाना पेंशन की सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। अगर बात लखनऊ की जाए तो यहां 5200 से अधिक निराश्रित महिलाओं, 17300 से अधिक दिव्यांगजनों और 10000 से अधिक वृद्धजनों को 12000 रुपये सालाना पेंशन दी जा रही है। लखनऊ के अंदर दो नगर पंचायतों का सृजन हुआ है और नगर पंचायत मलिहाबाद की सीमा विस्तार का कार्य हो रहा है। स्मार्ट सिटी के साथ-साथ अमृत मिशन के तहत 1390 करोड़ों रुपये की 28 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17623 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण लखनऊ में हुआ है। इतना ही नहीं कान्हा गौशाला के साथ-साथ दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत शहर की पांच नगर पंचायतों को इन सभी सुविधाओं से जोड़ने का कार्य किया गया है। वहीं प्रदेश में पिछले 6 वर्ष के अंदर 54 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराया गया है। 2 करोड़ 61 लाख गरीबों को शौचालय उपलब्ध कराने के साथ कोरोना काल खंड में पिछले 3 वर्षों से 15 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन दिया गया है। इतना नहीं नहीं आज उत्तर प्रदेश के टैलेंट को टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के साथ जोड़कर के प्रदेश के अंदर हैं नौकरी उपलब्ध करवाने का कार्य भी डबल इंजन की सरकार कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले नौजवान नौकरी के लिए भटकता था, नौकरियों में भेदभाव होता था। आज प्रदेश में सरकारी नौकरी हर नौजवान के लिए उपलब्ध है। कानून व्यवस्था की बेहतरीन स्थिति का परिणाम है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि 35 लाख करोड़ का मतलब एक करोड़ से अधिक नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। पिछले दिनों केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस मिसाइल के लिए लखनऊ का ही चयन किया है, जिसका काम चल रहा है। लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर के एक महत्वपूर्ण नोड के रूप में विकसित हो रहा है। प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों का निर्माण जिस स्तर पर हो रहा है वह नए भारत की सामर्थ्य को दुनिया के सामने रखता है।

## यूपी कैडर के तीन आईपीएस अफसरों को केंद्र में मिली तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कैडर के तीन आईपीएस अफसरों को केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर तैनाती मिली है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यूपी के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर तीनों को जल्द कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 बैच की आईपीएस सुजाता सिंह को राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) में एसपी रैंक में पांच वर्ष के लिए नियुक्त किया है। सुजाता सिंह वर्तमान में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन में एसपी हैं। इसी तरह वर्ष 2010 बैच के आईपीएस सत्येन्द्र कुमार और वर्ष 2014 बैच की आईपीएस डॉ' मीनाक्षी कात्यायन को एसपी रैंक में ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट में पांच वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है। सत्येन्द्र कुमार वर्तमान में 35वीं बटालियन पीएसी के सेनानायक हैं जबकि डॉ' मीनाक्षी कात्यायन गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में एसपी हैं।

# निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए 37 जिलों में वरिष्ठ अधिकारी बनाए गए प्रेक्षक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में हो रहे नगर निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेक्षक नियुक्त किया है। आयोग की ओर से इस बारे में आदेश जारी कर दिये गए हैं। पहले चरण में प्रदेश के 37 जिलों में निकाय चुनाव होंगे जिनमें 10 नगर निगम भी शामिल हैं। प्रेक्षकों पर संबंधित जिलों में अपनी निगरानी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने की जिम्मेदारी होगी।

आयोग से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी को प्रेक्षक बनाया गया है। शामली में अंजनी कुमार सिंह निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, मुजफ्फरनगर में आर रमेश कुमार प्रमुख सचिव रेशम विभाग, सहारनपुर में अनिल कुमार सागर प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विभाग, आशुतोष कुमार द्विवेदी विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग, बिजनौर में मुकेश कुमार मेश्राम प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अमरोहा में नीना शर्मा निदेशक प्रशासन एवं प्रबन्धक अकादमी को प्रेक्षक बनाया गया है।

मुरादाबाद में मोनिका रानी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे गौतमबुद्ध नगर, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह अपर श्रमायुक्त कानपुर नगर, रामपुर में अनिल कुमार-तृतीय सचिव श्रम एवं रोजगार, सम्भल में धनलक्ष्मी के., सचिव, मानवाधिकार आयोग, आगरा में रणवीर प्रसाद आवास आयुक्त, राजेन्द्र सिंह-द्वितीय विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, फिरोजाबाद में डा. हरि ओम, प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग, महेन्द्र वर्मा आयुष मिशन, मथुरा में अजय चौहान प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को प्रेक्षक बनाया गया है। मैनपुरी में नागेन्द्र प्रताप मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृज तीर्थ विकास परिषद मथुरा, झांसी में मानवेन्द्र सिंह अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा, सुनील कुमार वर्मा विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, जालौन में गौरी शंकर प्रियदर्शी आयुक्त ग्राम्य विकास, ललितपुर में डा. सेन्थिल पाण्डियन सी. आयुक्त आबकारी, कौशाम्बी में अरविन्द कुमार चौहान उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज में अलोक कुमार-3 प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, कृतिका शर्मा अपर आयुक्त उद्योग कानपुर, फतेहपुर में आशुतोष निरंजन विशेष सचिव नियोजन, प्रतापगढ़ में सत्य प्रकाश अपर आयुक्त आबकारी प्रयागराज, उन्नाव में राजेश कुमार आयुक्त एवं निदेशक उद्योग कानपुर नगर, हरदोई में कृष्ण कुमार गुप्ता विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा, लखनऊ में लीना जौहरी प्रमुख सचिव आयुष राज कुमार-प्रथम, अपर निदेशक पंचायती राज को प्रेक्षक बनाया गया है।

रायबरेली में कंचन वर्मा महानिरीक्षक रजिस्ट्रेशन, सीतापुर में डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखीमपुर खीरी में शाहिद मंजर अब्बास रिज़्वी, सचिव वित्त विभाग गोण्डा में अनिल कुमार मिश्र, रजिस्ट्रार, डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ, बहराइच में रणविजय सिंह यादव अपर आयुक्त लखनऊ मण्डल, बलरामपुर में देवेन्द्र सिंह कुशवाहा विशेष सचिव एपीसी ब्रान्च एवं निदेशक यूण्पीण्एग्रो, श्रावस्ती में विजय किरन आनन्द प्रभारी महानिदेशक स्कूली शिक्षा, गोरखपुर में सन्दीप कौर विशेष सचिव महिला कल्याण एवं पुष्टाकार विभाग, रमेश चन्द्र शर्मा अपर आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा, देवरिया में रमाकान्त पाण्डेय प्रबन्ध निदेशक शुगर मिल्स फेडरेशन, महराजगंज में शिव प्रसाद-1 विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कुशीनगर में अनिल कुमार अपर खाद्य आयुक्त एवं सचिव, गाजीपुर में जगदीश प्रसाद सचिव सूचना आयोग, वाराणसी में सुभाष चन्द्र शर्मा प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग व सत्य प्रकाश पटेल निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण, चन्दौली में प्रमोद कुमार उपाध्याय निदेशक पंचायती राज और जौनपुर में अभिषेक गोयल उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी को प्रेक्षक बनाया गया है।

# तीन दिवसीय कांफ्रेंस में यूपी की छवि को और बेहतर बनाएंगे महाना

- विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों के परिचय पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन
- कांफ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए अब तक 160 विधायकों ने कराया रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मुम्बई में 15,16 एवं 17 जून को आयोजित होने वाले नेशनल लेजिस्लेटर्स कान्फ्रेंस में विधानमंडल सदस्यों की उपस्थिति से उत्तर प्रदेश की छवि को और बेहतर बनाने का काम किया जाएगा। इस दौरान कई सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विधायिका से जुड़े कई अहम मुद्दों पर समानान्तर चर्चा होगी। साथ ही जनहित में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

महाना बृहस्पतिवार को विधानभवन के पुरुषोत्तम टंडन हाल में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंन विधानसभा सदस्यों के परिचय पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। महाना ने कहा कि नेशनल लेजिस्लेटर्स कान्फ्रेंस में पूर्व लोकसभा अध्यक्षों की भी सहभागिता होगी। इसमें सभी राज्यों के विधानमंडल सदस्य, विधिक जानकार और सिविल सोसाइटी के प्रबुद्धजन शामिल होगें। उत्तर प्रदेश के अधिक से अधिक विधानसभा सदस्यों एवं विधान परिषद के सदस्यों का इस कान्फ्रेंस में प्रतिनिधित्व हो, इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। कई सत्रों के आयोजन में कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। जिसमें अलग अगल राज्यों के विधायकों को एक दूसरे को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। महाना ने कहा कि एमआईटी स्कूल आफ गवर्नमेंट और भारतीय छात्र संसद की तरफ से आयोजित इस तीन दिवसीय कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए अब तक 160 के आसपास विधानमंडल सदस्यों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा दिया है। महाना ने कहा कि जो हम ये पोस्ट रिलीज करने जा रहे हैं अबकि बार 18वीं विधान सभा का हमने युवा आयु समूह को अलग और शैक्षिक पृष्ठ भूमि की अलग, पीएचडी डिग्री धारकों की सूची अलग, चिकित्सा डिग्री धारक की सूची अलग, इंजीनियरिंग की अलग लिखी है।

## महाराजगंज के बौद्ध तीर्थ स्थल रामग्राम में हो रहा पर्यटन विकास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार की ओर से जनपद महाराजगंज में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थल रामग्राम में पर्यटन विकास की परियोजना को क्रियान्वित किया जा रहा है। रामग्राम में 827.43 लाख की धनराशि से पर्यटकों की सुविधा के लिए गेस्ट हाउस, हाल, लैण्ड स्केपिंग, घाट का निर्माण तथा सोलर लाइट का कार्य किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अनुसार बौद्ध स्थल रामग्राम एक अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल है, जिसे भगवान बुद्ध के ननिहाल के रूप में जाना जाता है। रामग्राम में प्राप्त अवशेषों से यह ज्ञात हुआ है कि यह स्थल कुषाणकाल से लेकर गुप्तकाल खण्ड का है। रामग्राम स्थित धातु चैत्य भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष पर बना है। बौद्ध ग्रन्थों के अनुसार जब गौतम बुद्ध को कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ तो विभिन्न जनपदों के राजा उनकी अस्थियों को लेने के लिए पहुंचे। वहां संघर्ष की स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए प्रबुद्धजनों की राय से उनकी अस्थियों को आठ भागों में विभक्त किया गया। अस्थि का एक हिस्सा तत्कालीन कोलिय वंश के राजा महाकाल भी लेकर आये और अस्थियों पर स्तूप बनवा दिया। बाद में कुषाण व गुप्त कालखण्ड ने इसे विस्तृत रूप दिया। बौद्ध ग्रन्थों के मुताबिक सम्राट अशोक भी इस स्तूप का दर्शन करने के लिए आए थे। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर यहां अत्यधिक संख्या में लोग आते हैं।

## भाजपा के लोक-लुभावन दावों व छलावे से बाहर निकलना होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए नगर निकाय चुनाव में बसपा को जिताने की अपील की है। मायावती ने कहा है कि यदि प्रतिदिन की मुसीबतों, जुल्म-ज्यादती व लगातार दुष्कर होते जीवन से मुक्ति चाहते हैं तो भाजपा के लोक-लुभावन दावों और छलावे से बाहर निकलना होगा।

गुरुवार को सुबह बसपा प्रमुख मायावती ने तीन ट्वीट किए। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा कि यूपी में मेयर व सभासदए नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष आदि के लिए हो रहे चुनाव में इन संस्थानों में जबरदस्त भ्रष्टाचार, सड़क, सफाई, नाली सहित विकास का घोर अभाव, हाऊस टैक्स में मनमानी वृद्धि व उनपर भारी ब्याज आदि जंजालों से मुक्ति के लिए बीएसपी जैसा सर्वजन हिताय परिवर्तन जरूरी। दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा कि वैसे भाजपा हो या सपा सत्ताधारी पार्टियां सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के अलावा साम,भाजपा के लोक-लुभावन दावों और छलावे से बाहर निकलना होगा। दाम, दण्ड, भेद आदि अनेकों हथकण्डे चुनावों में अपनाती हैं, किन्तु प्रबुद्ध व मेहनतकश शहरी जनता अपने असली हितए सुख-सुविधा, सफाई व भ्रष्टाचार पर अंकुश आदि हेतु वोट का प्रभावी इस्तेमाल जरूरी। वहीं तीसरे ट्वीट में मायावती ने कहा कि स्वाभाविक है कि यूपी के लोग अगर अपनी दिन-प्रतिदिन की मुसीबतों, जंजालों, जुल्म-ज्यादती व लगातार दुष्कर होते जीवन व असुरक्षा आदि से मुक्ति चाहते हैं तो उन्हें भाजपा सरकार के लुभावने वादे एवं कागजी दावों आदि के छलावे से बाहर निकलना होगा। यह बसपा की अपील है।

# कांग्रेस को झटका, शहर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह साथियों सहित बीजेपी में शामिल

- सपा व कांग्रेस के कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** लखनऊ में नगर निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष व कैंट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे दिलप्रीत सिंह गुरुवार को अपने कई साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। वहीं सरोजनीनगर से सपा से जिला पंचायत सदस्य रहीं पलक रावत ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश कार्यालय में उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराकर शामिल कराया। इस मौके पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह से ख़त्म हो चुकी है। भाजपा की नीतियों से राजनीति पार्टियां प्रभावित हो रही हैं। सपा, कांग्रेस के कार्यकर्ता बीजेपी में आना चाह रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का परिवार लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही हैं। मोदी-योगी की रीति नीतियों में जनता भरोसा कर रही है। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के तहत काम हो रहा है। लोगों का मानना है कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चल सकती है। उन्होंने कहा कि सपा ने हमेशा गुण्डा-बदमाशों को पुष्पवित-पल्लवित करने का काम किया है। 2012 से 2017 के दौरान जो अपराधियों के चंगुल में प्रदेश चला गया था, उससे मुक्त हो गया है। विपक्ष जनता के समक्ष जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।

भाजपा में शामिल होने के बाद दिलप्रीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का कोई सम्मान नहीं है। कांग्रेस पार्टी में भारी फूट मची हुई है। जल्द ही और भी कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होंगे। ब्रजेश पाठक ने पूर्व पार्षद ताराचंद रावत, मनीष रावत, दिनेश रावत, रणवीर, संजय गिरि और अभिषेक तिवारी समेत दर्जनों लोगों को पटका पहनाकर भाजपा में शामिल कराया।

# भाजपा सरकार जनता में पैदा कर रही भय व अविश्वासः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार जनता में भय, अविश्वास पैदा कर रही है। यह षड्यंत्रकारी सरकार है। भाजपा राज में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। प्रशासनतंत्र न्यायिक आचरण नहीं कर रहा है। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में भाजपा का मुकाबला करने में सक्षम है। जनता में जितना आक्रोश है उससे सन् 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का सफाया तय है।

यादव ने कहा कि भाजपा ने अपराधों को बढ़ावा दिया है। कई बार मांगने के बावजूद टाप टेन अपराधियों की सूची सरकार नहीं दे रही है। सरकार अपराधियों को चिह्नित करने में जाति-धर्म का ख्याल रखती है। मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री ने अपने ऊपर लगे तमाम मुकदमें कैसे वापस ले लिए। राजनीति का अपराधीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी किसी अपराधी को टिकट नहीं देती है। यादव ने कहा कि प्रदेश में पूंजी निवेश को लेकर झूठ बोला जा रहा है। न कहीं उद्यम लगे और नहीं किसी को नौकरी मिली। भाजपा सरकार ने हर साल नौकरियां देने का वादा किया था, यह क्यों नहीं बताते है कि कितने नौजवानों को नौकरी दी गई। भाजपा सरकार नाकाम सरकार है। उन्होंने कहा कि नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में अपराधों में वृद्धि हुई है। हिरासत में मौतों का रिकार्ड बना है। बलिया में छात्र नेता की हत्या हो गई। बच्चियों से दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ी है। पुष्पेन्द्र की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। कानून व्यवस्था कहां है? प्रदेश में स्थायी डीजीपी, चीफ सेक्रेरी तक नहीं है। सेवा विस्तार वाले काम कर रहे हैं। आम नागरिक को एनकाउंटर का खतरा है। यह कमजोर सरकार की निशानी है जब मुख्यमंत्री जी ठोक देने का एलान करेंगे तो इसीलिए भ्रष्ट अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। कन्नौज में चुनाव हराने में प्रशासन का इस्तेमाल किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के 6 वर्ष पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का सपना दिखाया पर इस दिशा में क्या प्रगति हुई। फिलहाल तो पूरा सिस्टम ही कोलेप्स कर गया है। क्या यही अमृतकाल या रामराज है अब तो न्याय के लिए भी भगवान पर ही भरोसा करना होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की तरह विपक्ष की भी अहमियत है। विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी है कि वह सच बोले और सच बताए। भाजपा सरकार का उद्देश्य है कि सच बाहर नहीं आना चाहिए। इसीलिए विरोध की आवाज का कुचलने का भाजपा प्रयास करती है। विपक्षी नेताओं को अपमानित करने के साथ उन पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का दबाव बनाया जाता है। यह स्थिति देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है।

# पुलिस मॉर्डन स्कूल होंगे अपग्रेड, बढ़ेगी गुणवत्ता

## चार नए स्कूल स्थापित करने की दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश

- प्रत्येक स्कूल के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अफसर बनाया जाए नोडल अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** आरके विश्वकर्मा ने प्रदेश संचालित पुलिस मॉर्डन स्कूलों को उच्चीकृत करने और उनके शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी बृहस्पतिवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस मॉर्डन स्कूल संचालन की केन्द्रीय प्रबन्ध समिति, उत्तर प्रदेश पुलिस शिक्षा समिति की बैठक में पुलिस विभाग द्वारा संचालित पुलिस मार्डन स्कूलों के बुनियादी ढाचे, शिक्षा व वेलफेयर आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर रहे थे।

डीजीपी द्वारा निर्देशित किया गया कि संचालित पुलिस मार्डन स्कूल को उच्चीकृत करते हुए शहर का अग्रणी स्कूल बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। एसडीआरएफ लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर पीएसी, बाराबंकी पीएसी एवं बदायूं महिला पीएसी बटालियन में नया पुलिस मार्डन स्कूल स्थापित करने की कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने कहा कि पुलिस आवास निगम द्वारा भविष्य में बनने वाले विद्यालयों के लिए उत्कृष्ट डिजाइन बनाने तथा विद्यमान विद्यालयों के विस्तार स्वरूप बनने वाले भवन के एलीवेशन को स्थानीय शहर के अनुरूप उत्कृष्ट स्वरूप दिया जाए। पुलिस मार्डन स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता में और बढ़ोत्तरी करने की दिशा में कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में स्मार्ट क्लॉसेज के उपकरण उपलब्ध कराये जाएं। स्कूलों में अच्छे व अनुभवी शिक्षक लिए जाएं। शिक्षकों का टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम भी कराया जाए। स्कूलों में कम्प्यूटर सुविधा व स्पोर्टस की सुविधा को और उच्चीकृत किया जाए। व्यवहारिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाए। जिसके लिए आधुनिकतम लैब की स्थापना कराई जाए। विद्यालय में बालिकाओं के लिए आवासीय व्यवस्था के सम्बन्ध में समिति द्वारा विचार किया जाए। पुलिस मार्डन स्कूल की बेवसाइट को अपडेट कर लिया जाए। बच्चों के वेलफेयर के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए स्कूल परिसर, क्लासरूम, वॉशरूम आदि स्थानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। स्कूलों की समीक्षा के लिए प्रतिमाह शीर्ष स्तर पर मीटिंग आहूत कर स्कूल सम्बन्धी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाए। डीजीपी ने पुलिस मॉर्डन स्कूल के बुनियादी ढांचे व शिक्षा को उच्चस्तर पर पहुंचाने पर बल देते हुये प्रत्येक पुलिस मॉर्डन स्कूल के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाए जाने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक एसएसआईटी, पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक के जीएसओ व पुलिस महानिरीक्षक पीएसी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश में पुलिस संचालित कर रही है 31 स्कूल

**उत्तर** प्रदेश पुलिस के कर्मचारियों के बच्चों को न्यूनतम शिक्षा शुल्क पर उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1994 से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस शिक्षा समिति गठित कर पुलिस मार्डन स्कूल संचालित किया जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा संचालित 31 पुलिस मार्डन स्कूल हैं। जिसमें 19 पीएसी वाहिनियों, 11 जनपदीय पुलिस लाइन एवं एक ब्रान्च ट्रेनिंग सेन्टर में संचालित है। पुलिस मार्डन स्कूल में पुलिस परिवार के बच्चों के साथ-साथ आम नागरिकों के बच्चों द्वारा भी शिक्षा ग्रहण की जाती है।

## बैकलाइट स्ट्रिप व फ्यूज लगाने का कार्य प्रारंभ

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के विभिन्न जोन में ट्रांसफार्मर डैमेज को कम करने के लिए ट्रासंफार्मर पर बैकलाइट स्ट्रिप लगाकर फ्यूज लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसी क्रम में लेसा ट्रांसगोमती में बृहस्पतिवार तक लगभग 33 परिवर्तकों पर बैकलाइट स्ट्रिप लगाकर फ्यूज लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं क्षेत्र के अन्य परिवर्तकों पर भी फ्यूज लगाने का कार्य प्रगति पर है। निगम को निश्चित रुप से उपरोक्त कार्य के समस्त क्षेत्रों में पूर्ण हो जाने के उपरान्त ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता को नियंत्रित कर उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने के लक्ष्य के सापेक्ष आशातीत सफलता प्राप्त हो सकेगी।

## रालोद कार्यकर्ता मांगेगे वंदना मिश्रा के लिए वोट

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल ने निकाय चुनाव में लखनऊ से समाजवादी पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार वंदना मिश्रा को समर्थन देने का निर्णय लिया है। गुरुवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लखनऊ जनपद के वार्ड में गठबंधन की महापौर प्रत्याशी के लिए जनता से वोट मांगेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, वरिष्ठ नेता वसीम हैदर एवं रजनीकान्त मिश्रा, अम्बुज पटेल, अवध क्षेत्र के संगठन महासचिव चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रमोद शुक्ला, चौधरी संजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे। राय ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने में जो भूमिका भाजपा की होनी चाहिए थी वह नहीं निभाई गयी और उत्तर प्रदेश की राजधानी में चारों ओर गन्दगी का साम्राज्य देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी में भी संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए किसी भी प्रकार का छिड़काव इत्यादि नहीं किया गया।

# निष्पक्ष चुनाव कराने के निर्देश

● नगर निकाय चुनाव : जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ की बैठक



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**नगर** निकाय चुनाव 2023 शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए, सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। खीरी में चार नगर पालिका के अलावा 08 नगर पंचायत के लिए चार मई को मतदान होगा। गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों संग मीटिंग कर चुनाव के दौरान किसी भी तरह की कोताही न बरतने के निर्देश दिए। डीएम ने निष्पक्ष, पारदर्शिता, शांतिपूर्वक व सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के उत्तरदायित्व बताए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में बनाये गए बूथ को चेक करें। वहां पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लें, बूथ तक पहुंचने का रास्ता कैसा है यह देखें। चुनाव के दौरान सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से कार्य करें। डीएम ने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों से सह, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने की आप सबकी जिम्मेदारी है। जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी, पुलिस अधिकारी, थानाध्यक्ष, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिलाधिकारी आदि के फोन नंबर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर संपर्क किया जा सके। आपसी तारतम्य बनाएं, इससे समस्या का समाधान आसान होता है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान अगर कहीं पर कोई बाधा आती है तो उसकी तत्काल जानकारी उपलब्ध कराए। आप लोग सभी बूथों का भ्रमण कर लें, जिसमें पेयजल, विद्युत, छाया, रैम्प, शौचालय, साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं को देख लिया जाए। अगर कहीं पर कोई कमी है तो संबंधित एसडीएम से संपर्क कर निस्तारण कराया जाए। जिस दिन पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी तो वह समय से पहुंच जाएं तथा मतदान समाप्ति के बाद समय से मतपेटिका स्ट्रांग रूम पर जमा कराया जाए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के मतदान में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की अहम भूमिका है। मतदान दिवस पर अपने क्षेत्र के बूथों पर लगातार भ्रमण तथा मतदान के सुचारू होने पर नजर रखेंगे। इस बात का खास ध्यान रखें कि मतदान बूथों में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करें। बैठक में प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी केके पांडेय, 17 जोनल मजिस्ट्रेट, 39 सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# प्रियांशी सोनी के घर पहुंचे सांसद राजेश वर्मा, दी बधाई

● महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने मिठाई खिलाकर सौंपा चेक

● यूपी बोर्ड हाईस्कूल में प्रदेश में किया है टाप

● सांसद ने कहा- सीतापुर के लिए है गौरव की बात, नगर पंचायत पैंतेपुर की निवासी है प्रियांशी सोनी

**संवाददाता।** सीतापुर

**उत्तर** प्रदेश बोर्ड परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं में जहां खुशी का माहौल है। तो दूसरी तरफ उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सीतापुर से भाजपा सांसद राजेश वार्मा और महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में यूपी टाप छात्रा प्रियांशी सोनी के घर नगर पंचायत पैंतेपुर पहुंचे और उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी। सांसद राजेश वर्मा ने सफलता पर आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह हमारे लिए सीतापुर के गौरव की बात है कि एक छोटे से कस्बे से हमारी बेटी ने हाईस्कूल में यूपी टाप किया है। बेटी ने 6 किलोमीटर साईकिल चलाकर प्रतिदिन स्कूल सीताटाइर कालेज पहुंची और पढ़ाई की मुझे इस बेटी पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। सांसद ने प्रियंशी सोनी से कहा कि अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो या कोई काम पड़े मुझसे फोन पर बात कर लेना हम हर संभव मदद करेंगे। महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने प्रियांशी सोनी को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उन्हें ग्यारह हजार रुपये का चेक सौंपा।

# मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम के मद्देनजर ट्रैफिक प्लान जारी

● शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए तय किए गए पार्किंग स्थल, डायवर्जन, यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 28 अप्रैल को लखीमपुर के जीआईसी ग्राउण्ड में एक बजे चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचेंगे। मुख्यमन्त्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था के संचालन हेतु पार्किंग स्थल, डायवर्जन, बैरियर व अन्य यातायात प्रबंधन के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राजापुर से शहर की तरफ वाले वाहन सौजन्या तिराहा, डीसी रोड, नौरंगाबाद तिराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। एलआरपी तथा गोला की ओर से आने वाले वाहन जिन्हे रोडवेज व राजापुर की ओर जाना है वह हीरालाल धर्मशाला से सदर चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। प्रातः 9 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक राजापुर से सौजन्या की ओर आटो/ बैट्री रिक्शा पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । प्रातः 9. 00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक मेला मैदान से संकटादेवी होते हुए एलआरपीए राजापुर के लिए आटोध् बैट्री रिक्शा ध्चार पहिया वाहनों का मार्ग खुला रहेगा । इमली तिराहा की ओर मार्ग प्रतिबंधित रहेगा । प्रातः 9.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक ओवरब्रिज से हीरालाल धर्मशाला से रोडवेज तथा सदर चौराहे की ओर आटोध् बैट्री रिक्शा प्रतिबंधित रहेगा। ऐरा, धौरहरा, रुपईडिहा, लगुचा, लहरपुर मार्ग की बसें राजापुर चौराहा से संचालित की जायेंगी। गोला, शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर एवं लखनऊ मार्ग की बस सेवाएं एलआरपी चौराहा से संचालित की जायेंगी।

# आईजी ने किया दीवान गोलीकांड का स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता।** मैगलगंज-खीरी



**सोमवार** रात को मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के खखरा गांव के लिधियाई मोड़ पर चोरों को पकड़ने के प्रयास में मैगलगंज कोतवाली के दीवान अनिल सिंह चौहान को चोरों ने गोली मार दी थी। दीवान को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। आज आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा मैगलगंज कोतवाली पहुंचे। उसके बाद तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। बारीकी से जांच पड़ताल की जिस दुकान के टीन सेट पर चोर चढ़ा था उस दुकानदार से भी बातचीत की। उसके बाद जिस खाली पड़े प्लाट में दीवान को गोली लगी थी वहां पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर मैगलगंज दीपक राय से पूरी घटना की विस्तृत रूप से जानकारी ली। लगभग 20 मिनट तक घटनास्थल पर रुकने के बाद बरगवां रोड स्थित खखरा नई बस्ती गुरमीत गुप्ता उर्फ गुरु के घर के पास पहुंचे। बताते चलें कि उसी रात लगभग बारह बजे गुरमीत गुप्ता उर्फ गुरु के यहां भी चोरों ने सत्तर हजार की चोरी की थी गुरमीत गुप्ता के जागने के बाद चोर भाग गए थे। आईजी ने गुरमीत गुप्ता उर्फ गुरु से घटना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली और व्यापारी गुरमीत गुप्ता को जल्द ही घटने के खुलासे का आश्वासन दिया। दोनों घटनास्थल पर निरीक्षण करने के बाद आईटी तरुण गाबा कोतवाली पहुंचे और इंस्पेक्टर मैगलगंज एसओजी टीम सहित पुलिस अधिकारियों के साथ लगभग तीस मिनट तक चर्चा करने के बाद पत्रकारों से रूबरू हुए हैं। पत्रकारों से वार्ता करते हुए आईजी तरुण गाबा ने बताया कि पुलिस की सभी टीमें घटना के खुलासे के लिए लगा दी गई हैं। पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। अपराधी ज्यादा दिन तक पुलिस की गिरफ्त से दूर नहीं रह पाएंगे। साथ ही पत्रकारों द्वारा पूछने पर घायल दीवान के स्वास्थ्य की भी जानकारी दी और बताया कि घायल दीवान अनिल सिंह चौहान की तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है। हमारी लगातार डॉक्टरों से बात हो रही है। डॉक्टरों ने जानकारी दी है कि दीवान खतरे से बिल्कुल बाहर है और हो सकता है। ऑपरेशन भी ना करना पड़े साथ ही दीवान की बहादुरी की तारीफ की जरूरी दिशानिर्देश देने के बाद मुख्यालय की ओर रवाना हुए।

# जैविक खेती में ट्राइकोकार्ड की अहम भूमिकाः डा. सुधीर शुक्ल

● गन्ना शोध परिषद में ट्राइकोकार्ड उत्पादन विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**संवाददाता।** शाहजहांपुर




**उ.प्र.** गन्ना शोध परिषद में ट्राइकोकार्ड उत्पादन विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गन्ना शोध परिषद के निदेशक डा. सुधीर शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये 68 महिला स्वयं सहायता समूहोंध्गन्ना पर्यवेक्षकों का स्वागत करते हुये निदेशक डा. शुक्ल ने कहा कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है कि गन्ने मे लगने वाले बेधक कीटों के नियन्त्रण पर प्रयुक्त होने वाले कीटनाशी रसायनों के प्रयोग को कम करना तथा जैविक विधि से इन कीटों का नियन्त्रण करना जिससे रसायनों पर होने वाले भारी खर्च को कम किया जा सके ताकि खेती की लागत को कम करते हुये तथा मृदा स्वास्थ्य को बनाये रखते हुए कुल लाभ में वृद्धि की जा सके। डा. शुक्ल ने कहा कि अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग श्री संजय आर. भूसरेड्डी जी का विशेष जोर है कि रसायनों के प्रयोग को कम किया जाए तथा जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। डा. शुक्ल ने सम्बोधन में कहा कि सिंचाई जल एवं पोषक तत्वों के समुचित उपयोग हेतु खेत का लेवल होना बहुत-ही आवश्यक है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि किसान गन्ने में फ्लड इरीगेशन न करें। अत्यधिक सिंचाई से मृदा में आक्सीजन का संचार समुचित न होने से बढ़वार प्रभावित होती है। निदेशक ने कहा कि अन्य विषयों पर भी इस तरह के दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे। वैज्ञानिक अधिकारी डा. सुजीत प्रताप सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को गन्ने के बेधक कीटों की पहचान, ट्राइकोकार्ड उत्पादन हेतु आवश्यक सामग्री एवं बजट, ट्राइकोकार्ड उत्पादन की विधि के बारे में विस्तार से बताया तथा सेवानिवृत्त वैज्ञानिक श्री अरूण कुमार सिंह ने गन्ने के खेतों में ट्राइकोकार्ड के प्रत्यारोपण की विधि तथा जैविक खेती के बारे में बताया। प्रसार अधिकारी संजीव कुमार पाठक ने बताया कि गन्ना शोध परिषद द्वारा पहली बार ट्राइकोकार्ड उत्पादन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर से 68 महिला स्वयं सहायता समूहों / गन्ना पर्यवेक्षकों ने सहभागिता की।

## क्विक न्यूज

### 76 बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाई गयी

**बरेली।** एसआरएम राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, बांसमण्डी बरेली में गुरुवार को स्वर्ण प्राशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 76 बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाई गयी । कैम्प का शुभारम्भ प्रातः 9.00 बजे प्राचार्य प्रो. डी के मौर्य सर के निर्देशन में धन्वन्तरी पूजन करके बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाकर किया गया। कैम्प में विशेष सहयोग डाबर कम्पनी द्वारा किया गया। डाबर कम्पनी के प्रतिनिधि कैम्प में उपस्थित रहे, साथ ही कॉलेज के डॉ योगेश कुमार, डॉ दीपशिखा जोशी, डॉ संतोष कुमार, डॉ वीरकीर्ति, डॉ रिंकी जाटव, डॉ मधु आदि सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र- छात्राओ ने कैम्प को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया । अगले



कैम्प का आयोजन 25 मई 2023 को किया जाएगा। सामान्य जन से निवेदन ह? कि अपने 16 साल तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराकर लाभ उठाए। स्वर्ण प्राशन से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। बुद्धि एवं स्मरणशक्ति को बल प्रदान करता हैं एवं सभी सामान्य एवं जटिल रोगो को होने से रोकने में अधिक रूप से कारगर है।

### सांसद ने स्टड निर्माण कार्य का लिया जायजा,देखी जीओ बैग की क्वालिटी

**सीतापुर।** संभावित बाढ़ से पहले जनपद में बाढ़ व कटान रोधी परियोजनाओं का निरीक्षण सीतापुर से भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने किया। इस दौरान सांसद ने कटान रोकने के लिए बनाए जा रहे स्टड और जीओ बैग की क्वालिटी को देखा। सांसद राजेश वर्मा गुरुवार को तहसील लहरपुर क्षेत्र के ग्राम इच्छा के पास निर्माणाधीन कटान रोधी परियोजना का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणवत्ता देखी। मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड सीतापुर विशाल पोरवाल से निर्माण संबन्धी कार्यों की जानकारी ली। और बाढ़ आने से पहले स्टड निर्माण का काम पूरा कर लेने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि कटान रोधी परियोजना में कहीं भी मानकों की अनदेखी न की जाए क्योंकि नदी में जब बाढ़ आती है तो उसके बेग को संभालना मुश्किल रहता है। ऐसे में जब परियोजना के तहत कराया गया कार्य ठोस और मजबूत होगा तभी गांवों और जमीन को कटान से बचाया जा सकेगा। अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल ने सांसद को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य उनकी देखरेख में संपन्न हो रहा है। बताते चले की तहसील लहरपुर ब्लाक बेहटा के ग्राम इच्छा लोहारनपुरवा के पास शारदा नदी के किनारे कटान रोकने के लिए 945 मीटर लंबाई में स्टड निर्माण कराया जा रहा है। यहां 21 स्टड बनाए जाने है। इसके लिए 2.44 करोड़ की लागत स्वीकृत हुई है। सांसद ने सिचांई विभाग अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ आने से पहले निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाए ताकि कटान की आशंका न रहे।

### ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत

**बरेली।** सड़क पार कर रही एक महिला को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई ट्रक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के हरूनगला निवासी हर प्रसाद की 40 वर्षीय पत्नी मीना देवी की आज सुबह बारादरी थाना क्षेत्र के बीसलपुर चौराहा पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मीना एक प्राइवेट अस्पताल में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करती थी और आज सुबह रोजाना की तरह काम पर जाने के लिए पैदल ही घर से निकली थी लेकिन बीसलपुर चौराहा के पास अचानक तेजी से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया लोगों ने घटना की जानकारी रुहेलखंड पुलिस चौकी पर दी तब मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के घरवालों को सूचना देकर शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी

### सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद के समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी मोहित गुप्ता का नामांकन पत्र जाँच के दौरान निरस्त हो गया । सपा प्रत्याशी मोहित गुप्ता ने प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सत्ताधारी नेताओं समेत पूर्व चेयरमैन का खेल बताया है। कटरा नगर पंचायत से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के सपा के अधिकृत प्रत्याशी मोहित गुप्ता का नामांकन पत्र जाँच के दौरान निरस्त हो गया । उन्होंने बताया कि सपा प्रत्याशी मोहित गुप्ता ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए सत्ताधारी नेताओं समेत पूर्व चेयरमैन का खेल बताते हुए कहा कि सत्ताधारी प्रत्याशी ने अपनी हार देखते हुए प्रशासन पर दबाब बनाकर ऐसा किया है।

### समावेशी समाज व राष्ट्र के विकास के लिए जरूरी है शिक्षा

**सीतापुर।** मानव के सर्वांगीण विकास का मूल शिक्षा है। एक समावेशी समाज निर्माण और राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा जरुरी है। इसी के दृष्टिगत नई शिक्षा नीति के प्रति जागरुक किए जाने को लेकर एक राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन शहर के रिजेन्सी टीचर्स ट्रेनिंग कालेज के दौरान किया गया। सेमीनार में वक्ताओं ने गुरुकुल शिक्षा प्रणाली से लेकर मध्यकालीन शिक्षा और वर्तमान शिक्षा प्रणाली में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने शिक्षा प्रणाली में सुधार की चुनौतियों को महत्वपूर्ण माना। नई शिक्षा नीति का उद्देशय छात्रो की सोच और रचनात्मक क्षमता को बढ़ाकर सीखने की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाना है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई यह उत्कृष्ट पहल है। विद्वानों का मानना है कि नई शिक्षा नीति से कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सेमिनार में मुख्य अतिथि प्रोफेसर अलोक कुमार राय के अलावा प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव, प्रोफेसर आर पी पाठक, प्रोफेसर प्रणेता सिंह, प्राचार्या डा0 आशा शुक्ला सहित शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### भाजपा के पुराने कार्यकर्ता ने भरा निर्दलीय पर्चा भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने का ऐलान

**शाहजहांपुर।** भाजपा के भीतर अंतर्कलह के चलते पुवायां नगर पालिका सीट से पुराने कार्यकर्ता गंगाराम मिश्रा ने निर्दलीय पर्चा दाखिल भाजपा के प्रत्याशी संजय गुप्ता को कड़ी टक्कर देने का एलान कर दिया। गंगाराम मिश्रा ने निर्दलीय पर्चा दाखिल करने के बाद चुनाव मैदान में गए हैं। उनका कहना है कि, नकली भाजपा बनाम असली भाजपा का होगा। उन्होंने कहा कि, 38 साल भाजपा की सेवा की है। वो लोग टिकट किस तरह से ले आए हैं, ये नही पता, लेकिन चुनाव मेरे पक्ष में होगा। गंगाराम मिश्रा पिछले काफी समय से भाजपा में अलग-अलग पदों पर रहे चुके हैं। शाहजहांपुर में पुवायां क्षेत्र के रहने वाले गंगाराम मिश्रा पिछले काफी समय से भाजपा में अलग अलग पदों पर रहे चुके हैं। निकाय चुनाव आने के बाद गंगाराम मिश्रा ने पुवायां नगर पालिका सीट से भाजपा से टिकट मांगा था। आवेदन करने के बाद उनसे कहा गया था कि, उनकी दावेदारी सबसे मजबूत है, लेकिन भाजपा ने पुवायां नगर पालिका सीट से संजय गुप्ता को प्रत्याशी बना दिया। टिकट के नाम पर मायूसी मिलने के बाद गंगाराम मिश्रा ने निर्दलीय पर्चा दाखिल किया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर मंथन

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर।



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की द्वितीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक एवं नियमित टीकाकरण हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासनादेश के प्रविधानों के अनुसार अभियान को सम्पूर्ण रूप से पूरे जनपद में संचालित कराया जाये। कहा कि विभिन्न विभागों के लिये जिन दायित्वों एवं कार्यो का निर्धारण किया गया है वे उसे समय से पूर्ण कराते हुये रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बताया कि संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने हेतु एक सम्पूर्ण सोच के साथ सम्बन्धित विभागों के मध्य उचित समन्वय होना अत्यावश्यक है। निर्देश दिये कि स्वच्छता के बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायें तथा वाहक नियंत्रक गतिविधियां व्यापक रूप से आयोजित की जाएं। लार्वा रोधी गतिविधियां तथा आवश्यकता अनुसार फॉगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायतीराज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग आदि विभागों के अधिकारियों को भी व्यापक जनजागरूकता फैलाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये। डीएम ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये कि गांवो में झाड़ियों की कटाई व सफाई का कार्य व्यापक स्तर पर संचालित किया जाये तथा अभी तक किये गये कार्य में लापरवाही करने वाले 10 सबसे खराब ग्राम पंचायतों को चिन्हित करते हुये उत्तरदायित्व निर्धारण कर कार्यवाही की जाये। कलान एवं मिर्जापुर विकास खण्डों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का गृह भ्रमण कम मिलने पर खराब प्रदर्शन करने वाली आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया। डीएम ने कांट, मदनापुर एवं कलान विकास खण्डों में आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकत्रियों के कार्यो की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश भी दिये। बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दिव्यांग बच्चों की सूची सीएमओ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि इन बच्चों को समुचित उपचार व उपकरण का प्रबन्ध सुनिश्चित करते हुये प्रति सप्ताह एटीआर उपलब्ध करायें। सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई अभियान भी व्यापक स्तर पर चलाया जाये तथा गर्मी के मौसम को ध्यान में रख शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। कही पर अवैध अतिक्रमण नही होना चाहिए जिससे आवागमन बाधित हो। कोरोना के मद्देनजर टेस्टिंग बढ़ाये जाने तथा निगरानी समितियों को सक्रिय करने के निर्देश दिये। कहा कि जिन क्षेत्रों में लक्षण युक्त व्यक्ति ज्यादा संख्या में आयें वहां विशेष सैम्पलिंग करायी जाये साथ ही सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम में जनपद की उपलब्धि पर सभी को बधाई देते हुये बेहतर कार्य करने के लिये प्रेरित किया।

# नगर विकास राज्यमंत्री की भाभी किरन राठौर का जनसंपर्क अभियान जारी

● सैकड़ों समर्थकों के साथ खूबपुर, घंटाघर, बड़ा डाक खाना, रम्पा रोड, मछली बाजार सहित कई वार्डों में किया जन संपर्क, घर-घर जाकर की अपने पक्ष में मतदान की अपील

**संवाददाता।** सीतापुर


**नगर** निकाय चुनाव में मतदान की तारीख ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है। त्यों-त्यों प्रत्याशियों का जनसंपर्क तेज होता जा रहा है। प्रत्याशी अलग-अलग वार्डों में जाकर मतदाताओं को रिझाने में दिन रात एक किए हुए है। नगरपालिका परिषद सीतापुर में निर्दलीय प्रत्याशी नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु की भाभी किरन राठौर का जनसंपर्क अभियान गति पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को उन्होने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ विभिन्न वार्डो में संपर्क किया। मतदाताओं के घर-घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। नगरवासियों को भरोसा दिलाया कि वह सिर्फ वादा नहीं कर रही है आप सभी ने अगर मुझे नगरपालिका परिषद सीतीपुर का चेयरमैन बना दिया तो नगर का चहुंमुखी विकास होगा। ऐसा आश्वाशन दिया। किरन राठौर के इस आश्वासन से उन्हे हर मोहल्ले में लोगों का समर्थन मिलता नजर आ रहा है। किरन राठौर नगरपालिका परिषद सीतापुर के सभी 30 वार्डो में जनंसपर्क कर अपने पक्ष में माहौल बना रही है। हर मोहल्ले सभी वर्गों के लोगो का सहयोग उन्हे मिल रहा है। संपर्क के दौरान उनके पति सतीश राठौर भी अपनी पत्नी किरन राठौर को भारी मतों से जिताने की अपील मतदाताओं से कर रहे है।

# संजीव सक्सेना ने नामांकन लिया वापस, डॉ आईएस तोमर पड़े भारी

**संवाददाता।** बरेली

**उत्तर** प्रदेश में नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है और प्रत्याशियों के साथ-साथ राजनीतिक दलों में भी उठापटक जारी है। जिसके चलते सपा के सिंबल पर बरेली महापौर का नामांकन पत्र दाखिल करने वाले संजीव सक्सेना ने आज अपना नामांकन वापस ले लिया। बता दें कि सपा के सिंबल पर बरेली महापौर पद के लिए सपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व में दो बार बरेली के महापौर रह चुके डॉक्टर आई एस तोमर ने भी अपना नामांकन कराया था। वह लगातार बोल रहे थे कि उनको राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आशीर्वाद प्राप्त है और वही महापौर पद का चुनाव लड़ेंगे। कल शाम को एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संजीव सक्सेना ने दावा किया था कि वही समाजवादी पार्टी के सिंबल पर महापौर का चुनाव लड़ेंगे और साथ ही सपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए बताया था कि उन पर बरेली के तमाम सपा नेता नामांकन वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। परंतु संजीव सक्सेना ने कहा कि वह समाज को धोखा नहीं देंगे क्योंकि उनके साथ बरेली की कायस्थ महासभा के साथ-साथ और भी सामाजिक संगठन जुड़े हैं। वह उनकी आस्था को ठेस नहीं पहुंचाएंगे। आज ऐसा क्या हुआ जो संजीव सक्सेना कल तक दमखम से चुनाव लड़ने का दावा कर रहे थे और चुपचाप आकर नामांकन वापस ले लिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फोन आने के बाद नामांकन पर्चा वापस लेने की बात कही, वहीं संजीव सक्सेना ने कहा अब समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ आईएस तोमर को चुनाव लड़वाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर संजीव सक्सेना ने अपना बयान बदला जिसमें उन्होंने डॉक्टर आईएस तोमर पर गंभीर आरोप लगाए थे। मगर अब वह समर्थन करने की बात कर कह रहे हैं।

# मतदान के दिन ससुराल जाने से पहले मतदान करें



**शाहजहांपुर।** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने तिलहर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को बैठक में सम्बोधित करते हुए कहा मतदान वाले दिन कोई भी ससुराल न जाए। पहले मतदान करे क्युकी जीत का कोई विकल्प नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जिले की सभी छह विधानसभा सीटें भाजपा के पास हैं। ऐसे में निकाय चुनाव में मेयर से लेकर नगरपालिका और नगर पंचायत की सीटों पर जीत दर्ज करना लाजमी है। इससे आगे उन्होंने कहा सुना है ससुराल में बहुत खातिर होती है, उन्होंने कहा कि हमारा तो ससुराल से कोई वास्ता नहीं रहा। शाहजहांपुर पहुंचे मंत्री ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनसे अपील की है कि मतदान के दिन कोई लोग कहीं घूमने नही जाएं, छुट्टी मनाने नही जाएं, सुना है ससुराल में खातिर भी ज्यादा होती है।चुनाव की तैयारी पहले दिन से करना होती है। तब तय हो पाता है कि कौन बस्ते पर बैठेगा और कौन एजेंट बनेगा। मोदी को देख लो 182 में से 156 सीटें मिलीं। सातवीं बार सरकार बनाई है।

# लोटस संस्थान मामले में एसएसपी से मिलकर की कार्रवाई की मांग

**संवाददाता।** बरेली



**लोटस** इंस्टिट्यूट के मालिक पर छात्र द्वारा गोली मारने के प्रकरण में शहर के सभी इंस्टीट्यूट के प्रबंधक एसएसपी से मिले। राजेश गुप्ता ने बताया कल लोटस कॉलेज के चेयरमैन को गोली मारी थी उसके संबंध में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने आश्वस्त किया है कि किसी भी सूरत में उसे बख्शा नहीं जाएगा उस छात्र पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बीच रोहिलखंड एसोसिएशन प्रेसिडेंट मनीष शर्मा ने कहा कि छात्र की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए साथ ही ऐसी घटनाएं भविष्य में पुनरावृत्ति ना हों। वही इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के लोगों ने एसएसपी से मांग की दोबारा इस तरह की गड़बड़ ना हो आरोपी छात्र को कहां से हथियार मिला और आरोपी के साथ कौन-कौन छात्र शामिल है इसकी भी जांच की जानी चाहिए। वही आपको बता दें बीते बुधवार दोपहर बरेली के फरीदपुर स्थित लोट्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन को उनके कॉलेज परिसर स्थित ऑफिस में छात्र के द्वारा गोली मारी गई। जिसमें बी फार्मा के छात्र ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है मामला एंड्रायड मोबाइल की लत और मामूली बात पर गुस्सा होने की आदत ने बी फार्मा के छात्र श्रेष्ठ सैनी को अपराधी बना दिया। जिसके बाद लोट्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन अभिषेक अग्रवाल को गोली मार दी। इसके बाद फरार हो गया। फिलहाल चेयरमैन अभिषेक अग्रवाल भोजीपुरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती है।जहां ऑपरेशन के बाद अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023



# गैंगस्टर हरिमोहन यादव की अवैध भू संपत्ति पर की गई कुर्की की कार्रवाई

● लोढ़वारा गांव में करीब तीन करोड़ की भू-संपत्ति को कराया गया मुक्त

**संवाददाता।** चित्रकूट



**शासन** के निर्देश पर भूमाफियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस व प्रशासन द्वारा जिले के गैंग्स्टर अभियुक्त प्रसपा जिलाध्यक्ष रहे हरिमोहन यादव द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई करीब दो करोड़ की भू-सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से भूमाफियायों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली कर्वी पर पंजीकृत मुअसं 510/2022 धारा 2/3 गैंग्स्टर एक्ट के अभियुक्त हरिमोहन यादव पुत्र स्व. दादूराम निवासी ग्राम लोढ़वारा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा अपने भाइयों के साथ गैंग बनाकर क्षेत्र में भय व्याप्त कर विशेष रुप से अनुसूचित जाति के लोगों डरा धमका कर उनकी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर अवैध भू-सम्पत्ति अर्जित कर रखी थी। जिसके संबंध में थाना कोतवाली कर्वी में गैगेस्टर/भूमाफिया हरिमोहन यादव के विरुद्ध गैंग्स्टर एक्ट सहित लगभग डेढ़ दर्जन अन्य अभियोग पंजीकृत हैं।

उपरोक्त भूमाफ़िया एवं इनके गैंगेस्टर भाइयों रामऔतार, प्रेमचन्द्र, धनराज, घनश्याम पुत्रगण स्व0 दादूराम द्वारा ग्राम लोढ़वारा थाना कोतवाली कर्वी के चारागाह की जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था, जिसे बीती 24 अप्रैल को पुलिस व प्रसाशन द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुये उस जमीन पर अवैध रुप से निर्मित मकान को ध्वस्त कराकर लगभग एक करोड़ रुपये की भूमि को मुक्त कराया गया था। इसके अलावा गुरुवार को पुलिस व प्रशासन द्वारा संयुक्त रुप से अभियुक्त के विरुद्ध प्रचलित 14(1) उप्र गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोढ़वारा में अवैध रूप से अर्जित भू-सम्पत्ति कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये को जब्त किया गया।

मौके पर उपजिलाधिकारी सदर रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, तहसीलदार सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी, निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी, थानाध्यक्ष भरतकूप, थानाध्यक्ष महिला थाना, चौकी प्रभारी सीतापुर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर में अवैध वाटर प्लांट सीज़ किया गया

**सुमेरपुर।** गुरुवार को कस्बा सुमेरपुर के दुग्ध डेयरी रोड में खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मारकर रजिस्ट्रेशन न पाए जाने पर एक वाटर प्लांट सीज कर दिया। जांच के लिए जल का सैंपल भेजा है,। इस कार्रवाई से आरो प्लांट संचालकों में हड़कंप मचा है। सहायक खाद्य आयुक्त ने बताया कि जिले में सिर्फ एक वॉटर प्लांट ही रजिस्टर्ड है शेष अवैधानिक रुप से संचालित है, सभी जांच के दायरे में है आज नहीं तो कल सभी के खिलाफ कार्रवाई अवश्य होगी। सूचना पाकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कस्बा सुमेरपुर में संचालित वॉटर प्लांट में छापेमारी की तो वहां दो मशीनें लगी मिलीं। जबकि 600 बोरी पाउच पैक पाए गए। प्लांट संचालक पवन साहू ने बताया कि उसने पंद्रह दिन पहले ही प्लांट शुरू किया है और रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज भेज दिए हैं। सहायक खाद्य आयुक्त ने बताया कि किसी भी वाटर प्लांट को चलाने के लिए एमएसएमई, एसएस आई, बीएसआई, आईएसओ, एनओसी सर्टिफिकेट, ट्रेडमार्क पंजीकरण आवश्यक होता है।

## जल जीवन मिशन के पाइप चोरी का 24 घंटे में हुआ खुलासा

● चोरी के 50 पाइप व डीसीएम समेत दो गिरफ्तार

**संवाददाता।** चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि जल जीवन मिशन के पाइप चोरी की घटना के 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने चोरी के पचास पाइप व डीसीएम समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी नमामिगंगे परियोजना के तहत बुन्देलखण्ड क्षेत्र में जारी हर घर जल योजना के कार्य किये जा रहे है। राजकीय कार्य में कार्यदायी संस्था के समानों की चोरी कर महत्वाकांक्षी परियोजना में अवरोध खड़ा करने की शिकायतें मिल रही थीं।
परियोजना के कुछ कर्मचारी व बाहरी लोगों की मिलीभगत से परियोजना से सम्बन्धित समान चोरी कराकर परियोजना के समय से पूरा होने में बाधा खड़ी कर रहे हैं। पुलिस को सूचना मिली कि जल जीवन मिशन योजना के पाइप को डीसीएम में भरकर जिले से बाहर ले जाया जा रहा है। रैपुरा पुलिस ने वाहनों की जांचकर डीसीएम में लदे पाइप बरामद किये। रैपुरा पुलिस टीम ने बोड़ीपोखरी चौराहे पर डीसीएम में लदे पचास पाइप कब्जे में लेकर गाड़ी चालक व सहायक से पूछताछ की तो पता चला कि ये पाइप देउंधा व अरवारा गांव किनारे नेशनल हाइवे से चोरी किये गये थे।

इस बाबत जल जीवन मिशन से सम्बन्धित अधिकारी से बातचीत कर चोरी की घटना की पुष्टि होने पर योजना से सम्बन्धित अशोक कुमार पुत्र स्व त्रिलोकीनाथ निवासी गोरखनाथ थाना गोरखनाथ जिला गोरखपुर से तहरीर लेकर मामला दर्ज किया। पूछताछ में बताया कि पाइप चोरीकर कानुपर व दिल्ली में ले जाकर बेच देते हैं। चोरी के पाइप बरामद का मामला भी दर्ज किया व डीसीएम को सीज किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को रिमांड में लेकर जानकारी की जायेगी कि नमामिगंगे परियोजना में बाधा खडी करने वाले कौन लोग हैं। गिरफ्तार डीसीएम चालक गुरमीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी मेहता चौक थाना मेहता चौक पोस्ट बाबा बकाला साहब जिला अमृतसर पंजाब हाल मुकाम राजधानी पार्क नांगलोई नई दिल्ली व नियाज अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी रतौली पोस्ट ताला थाना कंधई हनुमानगंज द्धह्ल4द्म प्रतापगढ़ हाल मुकाम किरारी सुलेमान नगर निठारी उत्तर पश्चिम दिल्ली है।

## कमिश्नर- आईजी ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का लिया जायज़ा



**फतेहपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक, सुव्यवस्थित एवं सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने हेतु मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश ने संयुक्त रूप से राजकीय इंटर कालेज में नगर पालिका परिषद सदर, नगर पंचायत बहुआ व असोथर हेतु बनाये गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का स्थलीय जायजा लिया। मंडलायुक्त ने कहा कि मतगणना स्थल पर समय से बैरीकेटिंग करा ली जाय।

उन्होंने सभी मूलभूत सुविधाओं को देखा और कहा कि प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय, प्रवेश-निकास आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखे। साथ ही मतगणना टेबलों को समय से लगवा लिया जाये। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन कराते हुए मतगणना सकुशल व निष्पक्ष ढंग से करायी जाये। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रुति, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन/मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार सदर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## बहाने से बुलाकर युवक की गला रेतकर हत्या

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के तपस्वी नगर एफसीआई गोदाम के समीप स्थित मोदी गार्डेन में बुधवार की रात बहाने से बुलाकर 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर हत्यारे मौके से फरार हो गए। हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद थानाध्यक्ष को जल्द से जल्द घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव निवासी रामखेलावन पाल का 25 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न पाल को बीती रात कुछ लोगों ने फोन कर तपस्वीनगर के समीप मोदी गार्डेन बहाने से बुलाया और उसकी वहीं धारदार हथियार गला रेतकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मृतक के भाई विजयपाल ने बताया कि उसके भाई की दो मई को खागा कोतवाली क्षेत्र के एलाई टिकरी गांव निवासी श्रीनाथ की पुत्री से शादी होनी थी उसने बताया कि इसी गांव का निवासी महेश ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसके भाई को मोदी गार्डेन बुलाया और वहीं पर गला रेतकर उसकी निर्मम हत्या कर दी।

## निर्वाचन कार्य में शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्त : कमिश्नर

● मंडलायुक्त ने चुनाव व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

● चुनाव में माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटें- आईजी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**कलेक्ट्रेट** स्थित महात्मा गांधी सभागार में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक, सुव्यवस्थित एवं सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के दृष्टिगत गुरूवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता जिला स्तरीय अधिकारियों व निर्वाचन कार्य में लगे प्रभारी अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदान व मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की गयी। मंडलायुक्त ने निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों से बिन्दुवार विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नियमों व निर्देशों का अक्षरशः पालन कराते हुए चुनाव सम्पन्न कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। क्षेत्रों में भ्रमणशील एवं सतर्क रहकर कार्य किया जाये। चुनाव के दौरान कंट्रोल रूम सक्रिय रहे। कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए।

आईजी चन्द्र प्रकाश ने कहा कि शत प्रतिशत शस्त्रों को जमा करा लिया जाए। दुकानों में जमा किये गए शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करा लिया जाये। अवैध शराब की बिक्री किसी भी दशा में न हो पाये, इस पर पैनी निगाह रखी जाए।

जनपद की सीमा पर विशेष निगरानी रखी जाए, फ्लाइंग स्क्वाट टीम प्रभावी ढंग से कार्य करें। माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में विस्तारित व नयी बनायी गयी नगर पंचायतों में विशेष निगरानी रखी जाए और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाय।

### डीएम ने मतगणना कक्षों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**उरई, जालौन।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने नगरी निकाय सामान्य निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद उरई व नगर पंचायत कोटरा एवं एट का स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कमरों में मतगणना कार्मिकों के आने जाने पर प्रत्याशी व एजेंट के खड़े होने की पर्याप्त स्थान छोड़ा जाए और एजेंट और मत पेटी लाने और ले जाने का अलग अलग रास्ता बनाया जाए। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि जो कमरे खाली नहीं है उनका सामान दूसरी जगह शिफ्ट कर खाली कराएं और विद्युत, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को ठीक कराया जाए साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें।

## भाजपा को करना होगा बागियों का सामना, पांच ने नाम वापस लिया

**मौदहा,** हमीरपुर। निकाय चुनाव दिन प्रतिदिन रोमांचक होता जा रहा है, अध्यक्ष पद के 14 दावेदारों में 5 उम्मीदवारों ने बिना चुनाव लड़े ही अपनी हार मानते हुए पर्चा वापसी कर लिया। इसके बाद मैदान में 8 उम्मीदवार अपनी ताकत झोंकने को लेकर जनसंपर्क करने में जुटे हुए हैं।

निकाय चुनाव में भाजपा से बगावत कर नामांकन करने वाले कद्दावर नेता रामदेव सिंह, शकुंतला गोस्वामी, बरदानी लाल गुप्ता तथा समाजवादी पार्टी से मोहनबाबू तथा रानी देवी ने भी अपना पर्चा वापसी लिया है। वहीं पर्चा वापसी का समय समाप्त होने के बाद अब मैदान में कुल 8 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे जिसमें भाजपा से बाल्मीकि गोस्वामी, सपा से बिस्मिल्लाह बानो, बसपा से रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ, कांग्रेस से रीता निषाद तथा आम आदमी पार्टी के गुलाम मोहम्मद, भाजपा से बगावत कर अपना नामांकन करने वाले आशीष सिंह अल्लू सहित फतेह मोहम्मद, एडवोकेट मोहसिन कमाल अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे हुए हैं जो अपनी जीत दर्ज कराने के लिए जनसंपर्क करने में जुटे हुए हैं। वहीं पर्चा वापसी करने वाले दावेदार मोहन बाबू तथा बरदानी लाल गुप्ता को लेकर नगर में विशेष चर्चाएं हो रही हैं। वहीं पर्चा वापसी करने वाले सपा के मोहनबाबू ने बताया कि पार्टी के विशेष दबाव के चलते उन्होंने अपना नामांकन पत्र वापसी लिया है और कहीं किसी प्रकार की कोई बात नहीं है । बरदानी लाल गुप्ता भी भाजपा के नेता हैं और पिछले पंचवर्षीय में नामित सदस्य चुने गये थे जिन्हें इस बार यह भय सता रहा था कि इस बार उन्हें सदस्य नहीं चुना जाएगा जिसके बाद उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया था और पर्चा वापसी करने के बाद उन्होंने बताया कि पार्टी के निर्देशों पर अमल करेंगे। वहीं भाजपा से बगावत करने वाले तथा बजरंग दल से हिंदुत्व का चेहरा बनकर उभरे आशीष सिंह अल्लू ने भी अपना नामांकन किया था लेकिन पर्चा वापसी कराने के लिए भाजपा नेता उन्हें दिन भर ढूंढते रहे।

## भाजपा ने चला तुरुप का इक्का, पूर्व चेयरमेन को किया शामिल

● बसपा के गढ़ में पहली बार भाजपा की दस्तक

**संवाददाता।** माधौगढ़, जालौन



कुंवरलाल दोहरे व मुनेश कुशवाहा भाजपा प्रत्याशी के साथ

**मजबूत** भाजपा के लिए नगर पंचायत की कुर्सी हथियाना अब और भी आसान हो गया है क्योंकि एससी और बैकवर्ड के दो प्रमुख स्तंभ को भाजपा ने अपने पाले में कर लिया है। बसपा खेमे में भाजपा ने सेंध मार दी,पूर्व अध्यक्ष के आने से बसपा मजबूत गढ़ अब बिखर गया है। जिसका फायदा भाजपा को पूरी तरह से मिलना है। भाजपा के रणनीतिकारों ने लक्ष्मणपुरा में अपना दांव चलते हुए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर लाल दोहरे और कुशवाहा बिरादरी में ठीक-ठाक पकड़ रखने वाले पूर्व मेम्बर मुनेश कुशवाहा को भाजपा में शामिल करवा कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दोनों ही नेता अपनी- अपनी बिरादरी में प्रमुख स्थान रखते हैं।

जिनके बसपा से टूटने का फायदा भाजपा को पूरी तरह से मिलेगा। भाजपा प्रत्याशी राघवेंद्र व्यास के लिए यह दोनों ही नेता बसपा की गढ़ में संजीवनी से कम ना होंगे। नगर में वार्ड नं 4 और 8 बसपा का सबसे मजबूत गढ़ था,दोनों ही वार्ड वोटर अपनी एकजुटता से किसी भी प्रत्याशी को जिताने और हराने का माद्दा रखते हैं। यही कारण रहा कि कुंवर लाल दोहरे को जब बसपा ने टिकट नहीं दिया तो वह इन्हीं दो वार्डों के सहारे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भी भारी वोटों से जीत अध्यक्ष बने थे और अब भाजपा के पाले में आ खड़े हुए हैं। इसका फायदा भाजपा को मिलना तय है।

### यादव समाज के बागी तेवरों से सपा प्रत्याशी की राह मुश्किल

**उरई, जालौन।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के लिये महज सात दिन का समय बचा है। ऐसे में सभी राजनैतिक दलों के प्रत्याशी पूरे जीजान से चुनाव प्रचार में जुटे हुये हैं। लेकिन वर्ष 1988-89 से आज तक किसी चुनाव में सपा अपनी दम पर पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमाने में विफल रही है। इस बार तो सपा के विरुद्ध यादव समाज ने ही विरोध का झंडा उठाते हुये खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया है। ऐसे में सपा प्रत्याशी की राह मुश्किल होनी शुरू हो गयी है। तो वहीं बीती रात पाल व कुशवाहा समाज की हुई गुप्त बैठक में भी विरोध करने के लिये गये निर्णय के चलते रही सही कसर पूरी कर दी है। अब चुनावी घमासान किस करवट बैठेगा यह तो समय ही बतायेगा।

## जिंदा लोगों को मृत दिखा पेंशन का हक भी छीना

**जालौन,** उरई। ग्राम पंचायत सचिव की लापरवाही से सहाव व भदवा में जिंदा व्यक्तियों को मृत दर्शाकर उनकी वृद्धा पेंशन बंद कर दी गई। बुढ़ापे में पेंशन का सहारा छिन जाने से वृद्ध व्यक्ति इधर, उधर भटकने को परेशान हैं। लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिल रहा है। अधिकारी व कर्मचारी कागज पर ही काम होता दर्शा रहे हैं। ग्राम पंचायत सहाव व भदवां में तैनात सचिव जितेंद्र पटेल को वृद्धा पेंशन में जीवित व्यक्तियों का सत्यापन करना था। जिसमें जो व्यक्ति जीवित हों उन्हें नाम बने रहने देना थे और जो मृत हो चुके हैं उनके नाम सूची से पृथक करने थे। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव सत्यापन के लिए गांव में आए ही नहीं। किसी भी वृद्ध व्यक्ति के घर जाकर उन्होंने यह जानना उचित नहीं समझा कि वह उक्त व्यक्ति जीवित है अथवा नहीं। उन्होंने घर बैठे ही फर्जी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी। जिसमें हुआ यह कि जो व्यक्ति जीवित है उसे भी मृत दर्शा दिया गया।

## इंटो गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, नौ लोग बुरी तरह घायल



**माधौगढ़,** जालौन। गोहन थाना क्षेत्र के ईंटों गांव में जमीनी विवाद को लेकर वर्तमान प्रधान से झगड़ा हो गया, झगड़ा इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी चलने लगे। जिससे 9 लोग बुरी तरह घायल हो गए। बाद में खून से लथपथ लोगों को मौके पर पहुंची पुलिस माधौगढ़ अस्पताल ले आई, जहां उनका चल रहा इलाज डॉक्टरों के द्वारा इलाज करते समय हालत नाजुक देखते हुए उच्च संस्थान के लिए रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जमीन पर पिलर खड़े कर रहे थे दूसरे पक्ष के तभी वर्तमान प्रधान ने मना किया तो आग बबूला होकर दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जिससे दोनों पक्षों के नौ लोग बुरी तरह से जख्मी हो गये। बताया जाता है कि लवकुश पुत्र राजेंद्र उम्र 32 वर्ष जमीन पर पिलर गढ़वा रहे थे तभी दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गये। वाद विवाद में मामला इतना ज्यादा बढ़ गया कि दोनों ओर से धक्का मुक्की के साथ ही लाठी, डंडे चलने शुरू हो गये तो हल्ला गुल्ला सुनकर उनके पिता राजेंद्र पुत्र महादेव सिंह उम्र 75 वर्ष, दीपक पुत्र बलराम, राखी त्रिपाठी पत्नी रोहन उम्र 30 वर्ष, सीता पत्नी बलराम द्विवेदी घर से बाहर आ गये। इसी दौरान दोनों पक्षों में लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी चलने से नौ लोग घायल हो गये।

## सपा प्रत्याशी कार्यालय का पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी एकता सिंह पुत्र वधू पूर्व नगर विधायक विजय सिंह के मुख्य कार्यालय उद्घाटन में सपा समर्थकों व आम जनता का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सायंकाल 6 बजे नाला मछरेटा स्थित मुख्य कार्यालय का पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू ने गेट पर फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन में प्रत्याशी एकता सिंह एवम् दमयंती सिंह व सभी वरिष्ठ सपा नेता भी मौजूद रहे। कार्यालय उद्घाटन के बाद मिष्ठान वितरण किया गया। आए हुए वरिष्ठ सपा नेता चंद्र भूषण सिंह,महेंद्र कटियार,हाजी अहमद अंसारी, डा जितेंद्र सिंह यादव,सरल दुबे,जवाहर सिंह गंगवार,वजय सिंह यादव, सर्वेश, अंबेडकर, रामानद प्रजापति को प्रत्याशी के पति अविनाश सिंह विक्की ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### ई-टिकटिंग सेवा हैक, रोडवेज को एक लाख का घाटा

**फर्रुखाबाद।** पूरे प्रदेश की ई.टिकटिंग सेवा हैक हो जाने से रोडवेज को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। वहीं जिले की बात करें तो यहां भी हैकिंग ने यात्री सेवाओं को प्रभावित किया है। फिलहाल जिले में रोडवेज को लगभग एक लाख रुपये प्रतिदिन एक लाख नुकसान हुआ है। दरअसल जिले में भी मुंबई की ओरियन प्रो. कंपनी को परिवहन निगम ने ऑनलाइन सिस्टम का पूरा ठेका शासन ने दिया था। जिले में विभिन्य मार्गों पर कुल 98 बसों का संचालन होता है। गत दिन ई.टिकटिंग सेवा हैक कर ली गयी थी। जिसके चलते जनपद में ई.टिकटिंग की सेवा पूरी तरह से बाधित हो गयी। लिहाजा परिचालकों को हस्त लिखित टिकट काटकर यात्रियों को देनी पड़ रही है। ई.टिकटिंग सेवा हैक होने से बस अड्डे से लगभग 5 बसें नही चल पा रहीं है। वहीं अन्य बसों में हस्त लिखित टिकट का ही सहारा लेना पड़ रहाहै। आरएम आर सी यादव ने बताया ई.टिकटिंग सेवा हैक होनें से फर्रुखाबाद रोडबेज को लगभग एक लाख रूपये प्रतिदिन का नुकसान हो रहा है।

# पेज एक का शेष

## खड़गे ने...

के इस स्पष्टीकरण को भी खारिज कर दिया कि वह भाजपा की विचारधारा की तुलना जहरीले सांप से कर रहे थे। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, जैसे-जैसे कांग्रेस की हताशा बढ़ रही है, उसके नेताओं का झूठ बोलना और प्रधानमंत्री को अपशब्द कहना बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता खड़गे को प्रधानमंत्री मोदी को अपशब्द कहते हुए पकड़े जाने के बाद झूठ बोलते हुए देखा जा सकता है।

## मोदी के...

किसी की भावना आहत हुई, तो यह मेरी मंशा कदापि नहीं थी और न ही यह मेरे लंबे राजनीतिक जीवन का आचरण है।

## कांग्रेस की...

इस डिजिटल रैली में शामिल होंगे। चुनावों में मिल रही चुनौतियों के मद्देनजर भाजपा की प्रदेश इकाई अपने प्रचार अभियान को और भी मजबूत करने के लिए मोदी की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री शनिवार से राज्य का दो दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान उनका छह जनसभाओं को संबोधित करने और दो रोड शो करने का कार्यक्रम है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कुछ तात्कालिक चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से देश के गरीब परिवारों को हरसंभव सहायता दी जा रही है और यह सरकार का दायित्व है। इस कड़ी में उन्होंने कोविड रोधी मुफ्त टीकाकरण और मुफ्त अनाज योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिंदगी बचाने और देश को आगे बढ़ाने के लिए यह जरूरी कदम थे। मोदी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाएं और बताएं कि डबल इंजन सरकार के क्या फायदे हैं। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने को भाजपा डबल इंजन की सरकार कहती है। हाल के वर्षों में विधानसभा चुनावों में पार्टी ने इसे एक बड़ा मुद्दा बनाया है। मोदी ने कहा, डबल इंजन सरकार का सीधा और साधारण मतलब है कि विकास की डबल रफ्तार। बीते नौ वर्षों का यही अनुभव रहा है कि जहां-जहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, वहां-वहां गरीब कल्याण की योजनाएं तेजी से जमीन पर उतरी हैं।

## असम में...

सौंपेंगे। दिमासा आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार 500-500 करोड़ रुपए प्रदान करेगी। डीएनएलए ने सितंबर 2021 को मुख्यमंत्री की अपील के बाद छह महीने की अवधि के लिए एकतरफा संघर्ष विराम की घोषणा की थी, तब से संघर्ष विराम को बढ़ाया जाता रहा।

## पहलवानों के...

कि क्या आईओए पहलवानों से संपर्क करेगा, क्योंकि वे इस बात पर अड़े हैं कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक वे प्रदर्शन स्थल नहीं छोड़ेंगे, उन्होंने कहा कि थोड़ा तो अनुशासन होना चाहिए। हमारे पास आने के बजाय वे सीधे सड़कों पर उतर गए, यह खेल के लिए अच्छा नहीं है। आईओए के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे ने कहा कि आईओए अध्यक्ष पीटी उषा यह कहना चाहती हैं कि इस तरह का आंदोलन देश की छवि के लिए अच्छा नहीं है। विश्व स्तर पर भारत की अच्छी साख है। यह नकारात्मक प्रचार देश के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम केवल पहलवानों ही नहीं बल्कि उन सभी खिलाड़ियों के साथ रहना चाहते हैं जो भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन हम देश के नियम और कानून के तहत ऐसा करना चाहते हैं। दूसरी ओर, तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने कहा कि आईओए के अध्यक्ष का बयान चौंकाने वाला है। बजरंग ने कहा कि उषा स्वयं खिलाड़ी रही हैं और वह महिला भी हैं। हमें उनसे इस तरह की कड़ी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं थी।

## खेल-खिलाड़ी...

हैं। ठाकुर ने कहा कि उन्हें निगरानी समिति के गठन से पहले विरोध कर रहे पहलवानों से बात की थी और उनकी मांग के अनुसार बबीता फोगाट को समिति में जगह भी दी गई थी। ठाकुर ने शिमला में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सवालों के जवाब देते हुए कहा कि सरकार बहुत स्पष्ट है, मोदी सरकार सदा खिलाड़ियों के साथ खड़ी रही है। हम खिलाड़ियों के साथ खड़े थे, खिलाड़ियों को सुविधाएं दीं और उन्हें बढ़ावा देने का काम किया। हमारे लिए खेल और खिलाड़ी प्राथमिकता हैं। उसके लिए हम कहीं पर भी कोई भी समझौता नहीं करते। खिलाड़ियों के विरोध पर खेल मंत्री ने कहा कि जहां तक आप कुश्ती की बात करते हैं तो कुछ खिलाड़ी अगर आज जंतर-मंतर पर बैठे हैं, उनसे किसने बात की। मैं हिमाचल प्रदेश का अपना पूरा दौरा रद्द करके 12 घंटे उनके साथ बैठा। सात घंटे एक दिन और साढ़े पांच घंटे अगले दिन। पूरी बातें सुनी। रात को दो-ढाई बजे प्रेस कांफ्रेंस हुई। उनसे पूछ कर समिति बनाई गई। शिकायत करने वाले समिति नहीं बनाते, लेकिन सरकार को बनानी थी तो हमने बनाई। उन्होंने एक और व्यक्ति को शामिल करने को कहा। उन्होंने बबीता फोगाट का नाम दिया। हमने उसे भी शामिल किया क्योंकि हमारे मन में कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि समिति की 14 बैठकें हुईं।

## रक्षा मंत्री...

के बारे में खुलकर बातचीत की। उसने कहा, रक्षा मंत्री सिंह ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत और चीन के बीच संबंधों का विकास सीमाओं पर अमन-चैन की स्थिति पर आधारित है। मंत्रालय ने कहा, उन्होंने कहा कि एलएसी पर सभी मुद्दों का समाधान मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों और प्रतिबद्धताओं के अनुरूप करने की जरूरत है। मंत्रालय के अनुसार सिंह ने इस बात को दोहराया कि मौजूदा समझौतों के उल्लंघन से द्विपक्षीय संबंधों की संपूर्ण बुनियाद को नुकसान पहुंचा है। तीन साल पहले पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध उत्पन्न होने के बाद यह चीन के किसी रक्षा मंत्री की पहली भारत यात्रा है। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच वार्ता से कुछ दिन पहले भारत और चीन की सेनाओं ने सीमा विवाद को खत्म करने के उद्देश्य से 18वें दौर की सैन्य वार्ता की थी।

## नशीले पदार्थों...

बिक्री वाले हॉटस्पॉट की पहचान करने को कहा है और संबंधित एजेंसियों को हर हाल में इस कारोबार को खत्म करने को कहा है। खासतौर पर स्कूल और कॉलेजों के आसपास ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कहा है ताकि कोई भी युवा नशे की चपेट में न आएं। उन्होंने दिल्ली पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे राजधानी में स्कूल-कॉलेजों के पास के इलाकों में पान कि दुकानों और ऐसे अन्य कियोस्क और रेहड़ी पटरियों पर रेड डालें जो अक्सर ड्रग्स बेचते हुए पकड़े जाते हैं । हाल के दिनों में देखा गया है कि स्कूल-कॉलेजों के पास छोटी-छोटी रेहड़ी पटरियों से ड्रग्स की सप्लाई होती है। उन्होंने इन हॉटस्पॉट का डिटेल भी तैयार करने को कहा है। ड्रग तस्करी और ड्रग माफियाओं को खत्म करने के लिए एलजी ने पुलिस और संबंधित एजेंसियों से कहा है कि ऐसी कोई भी बिल्डिंग जहां से ड्रग्स कारोबारचलाया जा रहा हो, उसे तुरंत सील कर ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाए। इसी तरह परिवहन विभाग से कहा है कि जिन वाहनों में ड्रग तस्करी हो रही है, उसकी पहचान कर तुरंत उसका परमिट रद्द किया जाए और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एलजी ने दिल्ली सरकार के अधीन सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों में दाखिले के समय छात्रों, आवेदकों को ई-शपथ यानी ड्रग्स के खिलाफ ऑनलाइन शपथ को अनिवार्य करने के निर्देश मुख्य सचिव को दिए हैं।

## सूडान में...

गए थे। हम एक कमरे तक ही सीमित थे। यह ऐसा था, मानो हम मृत्युशय्या पर हों। भारत ने हिंसाग्रस्त सूडान से अपने निकासी अभियान के तहत कम से कम 670 नागरिकों को बाहर निकाला है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सूडान से वापस लौटे भारतीयों की कुछ तस्वीरें ट्विटर पर भी साझा कीं। उन्होंने लिखा, भारत अपनों का स्वागत करता है। ऑपरेशन कावेरी के तहत पहली उड़ान नई दिल्ली पहुंची और 360 भारतीय नागरिक अपनी सरजमीं पर उतरे। वहीं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने जेद्दा से विमान के मुंबई के लिए रवाना होने से कुछ मिनट पहले ट्वीट किया, जेद्दा से भारतीयों को तेजी से स्वदेश वापस लाने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। आईएएफ सी17 ग्लोबमास्टर से 246 भारतीय जल्द ही मुंबई पहुंचेंगे। पंजाब के होशियारपुर के निवासी तसमेर सिंह (60) ने कहा, हम एक शव की तरह थे, एक छोटे-से घर में बिना बिजली, बिना पानी के रह रहे थे। हमने कभी नहीं सोचा था कि जीवन में इस तरह की स्थिति का सामना करेंगे, लेकिन भगवान का शुक्र है कि हम जीवित हैं। वहीं ऑपरेशन कावेरी में भारी-भारकम परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर को उड़ाने में सक्षम भारतीय वायुसेना की पहली और इकलौती महिला पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट हर राज कौर बोपराय ने जेद्दा से मुंबई के लिए उड़ान को संचालित किया।

# बाइडन, यून ने उत्तर कोरिया को दी चेतावनी

## परमाणु खतरे से निपटने के लिए नई योजना का अनावरण

भाषा। वाशिंगटन




**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके दक्षिण कोरियाई समकक्ष यून सुक एओल ने उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे का मुकाबला करने के लिए एक नई योजना का अनावरण करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि इस प्रकार के किसी भी हमले का परिणाम ऐसा करने वाले शासन का अंत होगा। उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे को रोकने के प्रयास के तहत दक्षिण कोरिया में समय-समय पर अमेरिका की परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने, दोनों देशों के बीच प्रशिक्षण को मजबूत करने और अन्य कदम उठाने का आह्वान किया गया। बाइडन ने उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण बढ़ाए जाने के कारण पैदा हुई चिंताजनक स्थिति के बीच राजकीय यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे यून की मेजबानी की। इसी दौरान इस योजना का अनावरण किया गया। बाइडन ने रोज गार्ड में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, उत्तरी कोरिया द्वारा अमेरिका या उसके सहयोगियों एवं भागीदारों के खिलाफ किया जाने वाला परमाणु हमला अस्वीकार्य होगा और इसका परिणाम इस तरह की कार्वाई करने वाले शासन का अंत होगा। इसी संवाददाता सम्मेलन में मौजूद यून ने कहा कि इस उचित गठबंधन के तहत जिन नई प्रतिबद्धताओं को पूरा किया जाएगा, उनमें उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हमले किए जाने की स्थिति में राष्ट्रपति स्तर पर द्विपक्षीय परामर्श करने की योजना, एक परमाणु सलाहकार समूह की स्थापना और परमाणु एवं रणनीतिक हथियार संचालन योजनाओं पर जानकारी साझा करने में सुधार शामिल है। यून ने कहा, कोरियाई प्रायद्वीप पर स्थाई शांति अपने आप नहीं आ सकती। उन्होंने कहा, हम दोनों देशों ने उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हमला किए जाने की स्थिति में राष्ट्रपतियों के स्तर पर द्विपक्षीय विचार-विमर्श करने और अमेरिका के परमाणु हथियारों समेत गठबंधन की पूरी ताकत का तेजी से, अप्रत्याशित तरीके से और निर्णायक तरीके से इस्तेमाल करने का संकल्प लिया।

### ईरान ने मार्शल द्वीपसमूह का झंडा लगे तेल टैंकर को रोका : अमेरिकी नौसेना

**दुबई।** अमेरिकी नौसेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव के बीच ओमान की खाड़ी में मार्शल द्वीपसमूह का झंडा लगे एक तेलवाहक जहाज को रोक लिया है। नौसेना की खाड़ी आधारित कमान ने रोके गए जहाज की पहचान एडवांटेज स्वीट के तौर पर की है। समुद्री जहाजों की उपग्रह निगरानी करने वाली वेबसाइट मरीनट्रैफिक डॉट कॉम के मुताबिक, बृहस्पतिवार दोपहर को तेलवाहक जहाज ओमान की खाड़ी में मौजूद था। यह तेलवाहक जहाज कुवैत से आ रहा था और अमेरिकी राज्य टेक्सास का ह्यूस्टन शहर इसका अंतिम पड़ाव था। अमेरिकी नौसेना ने कहा, रोके जाने के दौरान तेलवाहक जहाज ने आपातकालीन संदेश जारी किया था। ईरान की यह कार्वाई अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत और क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए हानिकारक है। ईरान को तुरंत तेल टैंकर छोड़ना चाहिए। जहाज के मालिक की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नही आई है। वही, ईरान ने जहाज को रोके जाने की पुष्टि नही की है।

# शहबाज शरीफ ने पाक नेशनल असेंबली में विश्वास मत हासिल किया

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को नेशनल असेंबली में विश्वासमत हासिल किया। सरकार और शीर्ष न्यायपालिका में बढ़ते टकराव के बीच चकित करने वाले एक घटनाक्रम के तहत 180 सांसदों ने शरीफ के नेतृत्व के प्रति पूर्ण भरोसा जताया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने प्रस्ताव किया कि नेशनल असेंबली प्रधानमंत्री शरीफ के नेतृत्व के प्रति अपना पूरा विश्वास जताती है। प्रस्ताव को 342 सदस्ईय नेशनल असेंबली में 180 सांसदों का समर्थन मिला। पिछले साल अप्रैल में जब शरीफ प्रधानमंत्री चुने गए थे, तब उन्हें 174 सांसदों का समर्थन हासिल था। प्रधानमंत्री शरीफ ने बाद में सदन को संबोधित किया और उन पर विश्वास जताने के लिए सांसदों को धन्यवाद दिया। हालांकि, इसके पहले सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने सोमवार को उन खबरों को खारिज कर दिया था कि शीर्ष न्यायपालिका के साथ विवाद के बीच प्रधानमंत्री शरीफ संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप ने मेरा बलात्कार किया: पीड़िता ने सुनवाई के दौरान कहा

भाष। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** पत्रकार, लेखिका और स्तंभकार ई ज्यां कैरोल ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अदालत में सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि देश के पूर्व राष्ट्रपति ने एक लग्जरी डिपार्टमेंट स्टोर में उनसे बलात्कार किया था। कैरोल ने न्यायाधीशों से कहा, मैं यहां इसलिए आई हूं, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने मेरा बलात्कार किया और जब मैंने इसके बारे में लिखा, तो उन्होंने ऐसा किए जाने से इनकार किया। उन्होंने झूठ बोला और मेरी प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला दिया। मैं यहां मुकदमा लड़ने और अपनी प्रतिष्ठा एवं जीवन वापस लेने आई हूं। कैरोल 1996 में उनसे हुए कथित बलात्कार को लेकर जब अदालत में अपना बयान दे रही थीं, उस समय ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल में इस मामले को फर्जी और झूठी कहानी बताया।

### पाकिस्तान में ट्रेन में आग लगी, सात लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक एक्सप्रेस यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में आग लग जाने से तीन बच्चो एवं एक महिला समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि बीती रात कराची से लाहौर जा रही कराची-एक्सप्रेस के बिजनेस क्लास डिब्बे में आग लगी। रेलवे के प्रवक्ता मक्सूद कुंडी ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि डिब्बे में आग कैसे लगी। उन्होने बताया कि आग लगने के बाद उस डिब्बे को ट्रेन से अलग कर दिया गया।

### भारत के साथ रणनीतिक संयम बरते अमेरिका: जिम

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने कहा है कि अमेरिका को रूस से संबंधो को लेकर भारत के साथ रणनीतिक संयम दिखाने की आवश्यकता है। मैटिस ने साथ ही कहा कि भारत यूक्रेन पर रूस के हमले का समर्थन नही करता है। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध बहुत काफी मजबूत हुए है। मैटिस ने बुधवार को कहा, हमें कुछ संयम दिखाने की जरूरत है। वे (भारतीय) सही दिशा में आगे बढ़ रहे है।

### पूर्वी कांगो में कम से कम 60 लोगों के शव मिले

**किन्शासा (कांगो)।** पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत के कई गांवो मे कम से कम 60 लोगो के शव मिले है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बविटो क्षेत्र के डिप्टी गवर्नर इसहाक किबिरा ने कहा कि एम-23 समूह के विद्रोहियो ने रुतशुरू क्षेत्र के कशाली और कज़ारोहे गांवो के लोगो पर कई दिनो तक हमले किए और उन्हे मार डाला। किबिरा ने स्थानीय मीडिया से कहा, हमें यह देखकर अफ़्सोस होता है कि कैसे एम-23 समूह द्वारा आम लोगो का नरसंहार किया जा रहा है।

### चीन के जहाज ने फिलीपीन के पोत को रोका

**बीआरपी मालाब्रिगो से।** चीन के एक तट रक्षक जहाज ने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित समुद्र क्षेत्र में फिलीपीन के गश्ती जहाज को रोक दिया, जिससे रणनीतिक जलमार्ग मे टकराव की स्थिति बन गई। चीन के बड़े जहाज और फिलीपीन के तटरक्षक बीआरपी मालापास्कुआ के बीच सैकंड थॉमस शोल के पास टकराव की स्थिति बन गई। इससे पहले फिलीपीन के एक और पोत के साथ ऐसी स्थिति बनी थी। फिलीपीन के तट रक्षक ने एपी के तीन पत्रकारो समेत कुछ संवाददाताओं को पहली बार।,670 किलोमीटर लंबी गश्त में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### मैंने अपनी हत्या की कोशिश के लिए छह लोगों के नाम लिए हैं: इमरान खान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बृहस्पतिवार को सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि उनकी जान को विदेशी एजेंसियो से खतरा है। खान ने कहा कि उन्होने देश में कुल छह लोगो की पहचान की है जिन्होंने उनकी हत्या की साजिश रची थी। इनमे तीन चेहरे नए है। उन्होंने कहा कि वीडियो मे उन लोगो के बारे मे बात की गई है जो उन्हे मारना चाहते है। खान ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, छह मे तीन लोग वो है।

# भारत में बड़े बदलाव हो रहे हैं : तरणजीत सिंह संधू

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत और अमेरिका की साझेदारी ऐसे पड़ाव पर है, जो न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि दुनिया के भी हित में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में बड़े बदलाव हो रहे हैं। संधू ने बुधवार को यूएस कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद भवन) में भारतीय-अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका अपने संबंधों को और गहरा कर रहे हैं और भारतीय प्रवासी विशिष्ट रूप से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। भारत में कुछ बड़े बदलाव हो रहे हैं, जो भारत-अमेरिका की साझेदारी में भी नजर आते हैं। वाणिज्य मंत्री (जीना) रायमोंडो ने कुछ दिन पहले कहा था, उन्होंने साझेदारी शब्द का इस्तेमाल किया। मुझे लगता है कि इसका पहला और सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत एक प्राचीन सभ्यता है, लेकिन साथ ही यह एक बहुत युवा देश भी है। उन्होंने कहा कि भारत के 1.4 अरब लोगों में से 50 प्रतिशत 26 साल के हैं। इसका तात्कालिक नतीजा यह है कि 2070 तक भारत सबसे अधिक युवाओं वाला देश बना रहेगा...।

### अमेरिका की विदेश नीति को बदलने की क्षमता : चटर्जी

**वाशिंगटन।** वर्ष 2001 में पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय-अमेरिकी स्वदेश चटर्जी ने कहा है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय जनसंख्या के लिहाज से भले ही छोटा हो, लेकिन उसमें अमेरिका की विदेश नीति में बदलाव मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता है। उत्तर कैरोलाइना निवासी चटर्जी ने भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधो मे कुछ अहम पड़ावो को आकार देने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनमे परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर लगाए गए प्रतिबंधो को हटवाना और अमेरिकी संसद मे नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच हुए असैन्य परमाणु समझौते को मंजूरी दिलाना शामिल है। उन्होंने बुधवार को यहा आयोजित एक कार्यक्रम मे भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-अमेरिका संबंध

# विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री के साथ सूडान की स्थिति पर चर्चा की

## कोलंबिया के अपने समकक्ष से की मुलाकात, हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर चर्चा

भाषा। बोगोटा



**हिंसा प्रभावित** सूडान में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए भारत द्वारा प्रयास तेज करने के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष जेम्स क्लेवरली से बातचीत की और अफ्रीकी देश की स्थिति पर चर्चा की। पनामा से कोलंबिया की राजधानी बोगोटा पहुंचे जयशंकर ने सूडान में फंसे हुए भारतीयों को वापस लाने के लिए सोमवार को ऑपरेशन कावेरी शुरू करने की घोषणा की थी। सूडान में नियमित सेना और आरएसएफ के बीच सत्ता संघर्ष के कारण भीषण लड़ाई चल रही है। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, मैंने अभी अभी ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली से बातचीत की है। सूडान में हालात पर विचारविमर्श हुआ। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को कहा था कि उनकी सरकार ने सूडान से ब्रिटिश नागरिकों को निकलने में मदद करने के लिए बड़े पैमाने पर निकास प्रयास शुरू किया है। सुनक ने ट्वीट किया था, सरकार ने सूडान से ब्रिटिश पासपोर्ट धारकों को आरएएफ उड़ानों से निकालने का बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। जिनपर सबसे अधिक जोखिम है, खासकर जिन परिवारों में बच्चे एवं बुजुर्ग हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

### संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का मामला उठाने पर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना की

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मे पाकिस्तान के दूत द्वारा यहां कश्मीर मामला उठाए जाने के बाद अपने पड़ोसी देश की आलोचना की और कहा कि कोई भी बयानबाजी या दुष्प्रचार इस तथ्य को नही बदल सकता कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश, देश का अभिन्न हिस्सा है और रहेंगे। संयुक्त राष्ट्र मे पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक मे जम्मू-कश्मीर का मामला उठाया था, जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र मे भारत के स्थाई मिशन मे सलाहकार प्रतीक माथुर ने यह टिप्पणी की।

## क्विक न्यूज

### संघर्ष विराम के बीच सूडान के दारफुर में हिंसा बढी

**काहिरा।** सूडान की सेना और एक अर्द्धसैनिक बल के बीच तीन दिन के संघर्ष विराम के बीच हिंसा प्रभावित दारफुर क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ गया है। यह बात स्थानीय नागरिकों ने बृहस्पतिवार को कही। देश की राजधानी में संघर्ष विराम के कारण हिंसा रुकी हुई थी ताकि दूसरे देशों की सरकारें अपने हजारों नागरिकों को वहां से निकाल सकें। हजारों सूडानी नागरिक मिस्र, चाड और इथियोपिया के साथ लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंचे हैं। नए सिरे से छिड़े संघर्ष में मिस्र के जिनेना शहर में नागरिकों को निशाना बनाने का दावा किया जा रहा है। जिनेना शहर में लड़ाकों के हमलों में कई परिवारों को अपने घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा है। इनमें अधिकतर लड़ाके देश के शक्तिशाली अर्द्धसैनिक बल की वर्दी पहने थे। सूडान में प्रमुख सरकारी संस्थानों और सैन्य ठिकानों पर कब्जे के लिए सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज नामक शक्तिशाली अर्धसैनिक बल के बीच 15 अप्रैल को लड़ाई शुरू हुई थी।

### भारत, चीन दोनों के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देगा नेपाल: विदेश मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद ने बुधवार को कहा कि देश में कम्युनिस्ट प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार अपने दोनों बड़े पड़ोसियों, भारत और चीन, के साथ संबंधों के विस्तार को प्राथमिकता देगी, लेकिन अपने खुद के फायदे के लिए एक-दूसरे के खिलाफ उनका इस्तेमाल नहीं करेगी। सऊद ने द एसोसिएटिड प्रेस (एपी) को दिए साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल इस साल सत्ता में आने के बाद से अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर भारत जाने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, सऊद ने कहा कि सरकार भारत और चीन दोनों से अच्छे रिश्ते रखेगी और ऐसा कोई काम नहीं करेगी कि किसी भी पड़ोसी से संबंधों में तनाव आए। हम उनके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे और हम यह भी चाहेंगे कि कोई अन्य देश हमारे आंतरिक मुद्दों में दखल न दे। सऊद ने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह कुछ सप्ताह के अंदर ही हो सकती है।

## भारतीय मूल के बुजुर्ग को सिंगापुर में फर्जी शादी करवाने के मामले में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक 73 वर्षीय बुजुर्ग को प्रवासी लाभ हासिल करने के लिए अपने एक सहकर्मी और अपनी भतीजी की शादी कराने के आरोप में छह महीने की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2016 में मीरान गनी नागूर पिचाई ने भारतीय मूल के अब्दुल कादर कासिम (55) को अपनी भतीजी नूरजान अब्दुल करीम (58) से शादी करने के लिए पूछा। नूरजान सिंगापुर की निवासी है और आर्थिक रूप से खराब स्थिति में थी। शादी के बदले में मीरान ने अपनी भतीजी को अपने सहकर्मी की प्रायोजक बनने को राजी कर लिया। टुडे अखबार ने बुधवार को बताया की नागूर ने अपनी भतीजी को अपने सहकर्मी का प्रायोजक बनाया क्योंकि सिंगापुर में अल्पकालिक यात्रा पास के लिए आवेदकों को आमतौर पर एक स्थानीय प्रायोजक की आवश्यकता होती है।

# यूक्रेन पर चीन की अस्पष्टता पर पश्चिमी देशों में गुस्सा

## कीव के समर्थन पर यूरोपीय संघ विभाजन को छिपा नही सकता

भाषा। बर्मिंघम

**ताइवान** पर वाशिंगटन के रुख की तरह, यूक्रेन पर हमले को लेकर चीन की स्थिति रणनीतिक अस्पष्टता का एक उदाहरण रही है। चीन ने लगातार संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के महत्व पर जोर दिया है, जबकि आक्रमण की निंदा करने में विफल रहा है और मॉस्को को बेहद दोस्ती का आश्वासन दिया है। इसलिए यूरोपीय राजधानियों में गंभीर चिंता है क्योंकि फ्रांस में बीजिंग के राजदूत लू शै ने सुझाव दिया कि पूर्व सोवियत संघ के देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानून में वास्तविक दर्जा हासिल नहीं है क्योंकि उनकी संप्रभु स्थिति को अमल में लाने के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय समझौता नहीं है। बीजिंग ने फौरन इससे अपने कदम वापस खींच लिए और सोमवार को जोर देकर कहा कि सोवियत संघ के विघटन के बाद चीन पूर्व सोवियत गणराज्यों की संप्रभु देशों के रूप में स्थिति का सम्मान करता है। बीजिंग ने यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान को सुविधाजनक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। यूरोपीय संघ में चीन के राजदूत फू कांग ने एक चीनी समाचार संगठन के साथ अपने साक्षात्कार का उपयोग यह दावा करने के लिए भी किया कि उनके देश का यूरोप के साथ सहयोग उतना ही अंतहीन था जितना कि रूस के साथ उसके संबंध असीमित थे।

### नाटो देशों ने यूक्रेन को 1,500 लड़ाकू वाहन, 230 टैंक भेजे

**कीव।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशो ने रूस के साथ युद्ध के दौरान सहायता करने के अपने वादो के मद्देनजर यूक्रेन को 98 प्रतिशत से अधिक लड़ाकू वाहनो की आपूर्ति की। सैन्य गठबंधन के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यूक्रेन अब जवाबी कार्वाई करने के लिए तैयार है। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि,550 से अधिक बख्तरबंद वाहनो, 230 टैंको और अन्य उपकरणो के साथ सदस्य देशो ने यूक्रेन को बड़ी तादाद मे कारतूस भेजे है। साथ ही, संगठन ने यूक्रेन की नौ से अधिक नई ब्रिगेड को प्रशिक्षित किया है और उन्हे उपकरण दिए है। नई ब्रिगेड मे 30,000 से अधिक सैनिको के होने का अनुमान है। स्टोल्टेनबर्ग ने ब्रसेल्स मे संवाददाताओं से कहा, इससे यूक्रेन मजबूत स्थिति मे आएगा और अपने क्षेत्र को दोबारा हासिल करने मे सक्षम होगा। उनकी यह टिप्पणी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के फोन पर बात करने के एक दिन बात आई है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को अपने यूक्रेनियाई समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की थी और आगाह किया था।

### भारतीय-अमेरिकी पर 10,000 अमेरिकी डॉलर चुराने का आरोप, प्रत्यर्पण की मांग

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में कई महीनों से लापता छह साल के बच्चे नोएल के भारतीय-अमेरिकी सौतेले पिता पर एक और आरोप लगाया गया है कि उसने पिछले महीने अपनी पत्नी और उसके छह बच्चों के साथ भारत जाने से पहले अपने नियोक्ता के 10,000 अमेरिकी डॉलर की नकदी चुराई थी। एवरमैन के पुलिस प्रमुख क्रेग स्पेंसर ने कहा दंपति अर्शदीप सिंह और उसकी पत्नी के खिलाफ चोरी के मामले के अलावा बच्चे को बेसहारा छोड़ने और उसकी जिंदगी को खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। हम चाहते हैं कि इन भगोड़ों को गिरफ्तार किया जाए

PUBLIC NOTICE
My client, RAVI SINGH NEGI is mortgaging one built up property bearing Plot No. 110, with all its roof / terrace rights of land underneath, admeasuring 74 sq. yds. i.e. 61.88 sq. mtr., out of Khasra No. 88/20, situated in the Revenue Estate of Village Hastsal, abadi known as colony M-Block, Uttam Nagar New Delhi-110059 with Hero Housing Finance Limited, currently owned by Smt. Krishna Devi Gupta W/o Sh. Ravi Kant Gupta virtue of sale deed 29.10.2021 S.R. II B Delhi. This property was transferred by legal heir of Ratan Devi namely Smt. Shakuntla Devi who became owner by virtue of reliquishment deed executed by (1) Smt. Jyoti Bala (2) Smt. Poonam Rani (3) Sh. Rajnish Kumar Doc. No. 20893 dated 04.10.2021. Any Person/Bank/Financial Institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/ Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 7 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी देवी ने गोकलपुरी के आबादी के पास ग्राम जियाउद्दीनपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली में स्थित प्लॉट नंबर 16-ए, ब्लॉक-सी, एरिया परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 1/80 में से, नोटरीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 29.09.1981 और पंजीकृत पर्ची दिनांक 29.09.1981 (दस्तावेज सं.-17220) बिक्री और वसीयत के नोटरीकृत समझौते के साथ, SRO IV दिल्ली मे पंजीकृत के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री संजीव कुमार और श्रीमती पंकज उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से श्रीमती रजनी देवी से खरीद रहे हैं। और वे उक्त संपत्ति को फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम गाजियाबाद 201014. ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) BHARATBENZ_BB4928TCBT
REG. NO.UP13BT4322-YOM-2019
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"
INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 5 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : GUNJAN SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8510032426
EMAIL – gunjan.singh1@kotak.com

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Piramal Capital & Housing Finance Limited that Mr. Lokesh Rana intends to purchase & mortgage the Flat No. 7 (MIG), on First Floor (without roof rights), admeasuring 650 Sq. Feet, built on Plot No. 21, situated at Vikram Enclave, Village Pasonda, Loni, Ghaziabad (U.P.), with our client against the financial assistance. Whereas 1) Mr. Amit Kumar Singh & 2) Mr. Haridwar Singh have acquired the Said Flat by way of Sale Deed dated 07-09-2009 and after death of Haridwar Singh, his legal heirs 1) Mr. Amit Kumar Singh & 2) Mr. Manoj Kumar Singh intend to sell the same to Mr. Lokesh Rana.
If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. Piramal Capital & Housing Finance Limited will proceed with the mortgage process.
DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-49 # 011-40587824

PUBLIC NOTICE
NOTICE is hereby given that Vijay Kumar Verma, Vinod Verma and Virendra Verma (herein after called Owners) claims to be owner and in possession of Prop no. 33, Block A, Sector-IV, Noida (UP) (hereinafter called the said property) by virtue of Transfer Letter 28.04.2022 issued by NOIDA being surviving legal heirs and beneficiaries of late Harkishan Lal Verma, said Harkishan Lal Verma was the owner of said property by virtue of Transfer Deed Dated 20.01.2001 bearing Doc No. 391 and said Owner/s has agreed to sell the said Property to Springs Home Decor Pvt Ltd and said owner/s have intimated that Original Documents i.e. Allotment Letter, Lease Deed Dated 01.09.2000, GPA & Will Dated 15.01.2001 are misplaced, And Said Springs Home Decor Pvt Ltd has agreed to create a mortgage in favour of our clients Axis Bank Limited, CP Branch Delhi and, any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever or in possession of above misplaced Original Documents, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 10 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.
Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19
Mobile No. 9818399999

# कोविड हो तो क्या खाएं, चिकन सूप पीना बुरा नहीं

भाषा। क्वींसलैंड



**क्या खाना है** यह तय करना मानसिक रूप से कठिन हो सकता है, खासकर जब आप ठीक महसूस नहीं कर रहे हैं। हालाँकि, हमारा आहार हमारे स्वास्थ्य को खराब होने से बचाता है और कोविड सहित तमाम बीमारियों की रोकथाम में मदद करता है। स्वस्थ आहार लेने से कोविड का जोखिम कम होता है। और, यदि आपको कोविड है, तो स्वस्थ आहार लेने से आपको इसके हल्के लक्षणों का ही सामना करना पड़ेगा। जब हम बीमार होते हैं तो भोजन के बारे में सोचना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि, संक्रमण से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका अपने शरीर को ऐसे खाद्य पदार्थ प्रदान करना है जो आपको ठीक करने में सबसे ज्यादा योगदान करते हैं। ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और विभिन्न प्रकार के प्रोटीन शरीर को आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन करने में सहायता करते हैं। ऑस्ट्रेलियन गाइड टू हेल्दी ईटिंग का सुझाव है कि हम हर दिन कई तरह के ताजे खाद्य पदार्थ खाते हैं जिनमें शामिल हैं। **फल के दो सर्व और सब्जियों के पांच सर्व** "साबुत अनाज, जैसे कि साबुत पास्ता, ब्राउन राइस या मोटे अनाज वाली ब्रेड स्वस्थ वसा, जैसे एवोकाडो या जैतून का तेल मांस और मांस के विकल्प (जैसे पतला मांस, चिकन, टोफू या फलियां) और डेयरी (जैसे पनीर या दूध)। हर दिन इस प्रकार के खाद्य पदार्थ खाने से हमारे शरीर को संक्रमण से लड़ने और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने में मदद मिलती है। नमक और चीनी के उच्च स्तर और प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले पोषण की कमी के कारण इस प्रकार के खाद्य पदार्थों से बचने को भी प्रोत्साहित किया जाता है। चिकन सूप या ऐसी ही किसी चीज के बारे में क्या ?कोविड से बीमार होने पर आपके शरीर को आवश्यक सभी पोषण प्राप्त करने का एक शानदार तरीका घर का बना चिकन सूप, चिकन एवोलेमोनो, चिकन कांजी या इसी तरह के अन्य व्यंजन हैं। चिकन सूप के बारे में अच्छी बात यह है कि आप इसे एक पैन (या कुकर में) में बना सकते हैं, सभी सामग्रियों को एक साथ डाल दें और इसे उबलने दें। चिकन सूप पोषक तत्वों का भंडार होता है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। अवशोषित करना आसान है। उबलने की प्रक्रिया सामग्री में पाए जाने वाले पोषक तत्वों को छोड़ती है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
क्रं./347/निविदा/लो.नि.वि./2023 भिलाई-चरौदा, दिनांक :- 27/04/2023
// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //
इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (रू लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Constnction of Pathway And Green Belt Upgradation Work On Both Side Of The Road From Sisa Chowk To Umda Chowk, Nagar Nigam Bhilai Charoda. | 132505 | 222.76 | 19-05-2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा
"प्रकृति को क्षति न पहुंचाए, आओ धरती को जीने योग्य बनाए"

भौतिक कब्जे की सूचना
ICICI Bank शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005
जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टी धीर/ हेमा/ LBDEL00003111981 | फ्लैट नंबर-एल-1/222-बी, डीडीए फ्लैट, कैटेगरी-एलआईजी, पहली मंज़िल, कालकाजी, दिल्ली- 110019/ अप्रैल 24, 2023 | जुलाई 02, 2022 रु. 43,89,403.01/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : अप्रैल 28, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

THE PIONEER CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I, Akansha D/O Manoj Kumar Sharma, R/O R-242 Ramesh Park Laxmi Nagar Delhi-110092, have changed my name from Akansha to Akansha Sharma.
PD(021)A

# राहुल ने कर्नाटक में किए लोक लुभावन वादे

**● सरकार बनने पर मछुआरों को 10 लाख का बीमा, डीजल पर 25 रु प्रति लीटर की सब्सिडी**



**उडुपी ( कर्नाटक )।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्नाटक में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर मछुआरा समुदाय को 10 लाख रुपए का बीमा, महिला मछुआरों को एक लाख रुपए का ब्याजमुक्त कर्ज और प्रतिदिन 500 लीटर तक के डीजल पर 25 रुपए प्रति लीटर की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कर्नाटक के उडुपी जिले में मछुआरा समुदाय के लोगों के साथ संवाद के दौरान आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और महंगाई के कारण मछुआरों को परेशानी हो रही है तथा उनके लिए बैंक से कर्ज ले पाना मुश्किल हो गया है। राहुल गांधी ने कहा, मछलियों की संख्या कम हो रही है, लागत बढ़ने से मछलियों की कीमत बढ़ रही है। इसलिए हम आप लोगों की मदद करना चाहते हैं। उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर मछुआरों को 10 लाख रुपए का बीमा, महिला मछुआरों को एक लाख रुपए का ब्याजमुक्त कर्ज और प्रतिदिन 500 लीटर तक के डीजल पर 25 रुपए प्रति लीटर की सब्सिडी दी जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार बनने के पहले दिन से ही वादों को पूरा करने का काम शुरू हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस द्वारा घोषित चुनावी गारंटी में कहा गया है कि गृह ज्योति योजना के तहत हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली, गृह लक्ष्मी योजना के तहत परिवार की प्रत्एक प्रमुख महिला को 2,000 रुपए प्रति माह, अन्न भाग्य योजना के तहत बीपीएल परिवार के प्रत्एक सदस्य को हर महीने 10 किलोग्राम चावल की पेशकश की जाएगी। इसके अलावा युवानिधि के तहत बेरोजगार स्नातकों को प्रति माह 3,000 रुपए तथा डिप्लोमा धारकों को दो साल के लिए 1,500 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह विधानसभा चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। राहुल गांधी के अनुसार, कांग्रेस की सरकार गरीबों और कमजोर तबकों के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, कर्नाटक की मौजूदा सरकार आप लोगों द्वारा निर्वाचित नहीं है, बल्कि भाजपा ने धनबल का उपयोग करके इसे खरीदा है। इस सच्चाई के बारे में कर्नाटक में सभी लोग जानते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि अब तो भाजपा के विधायक कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री का पद 2500 करोड़ रुपए में बिकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि जनता का पैसा लोगों तक पहुंचे।

## चुनावी हलफनामे में संपत्ति छिपाने के कारण भाजपा विधायक की सदस्यता रद्द

**ईटानगर।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने चुनावी हलफनामे में संपत्ति की जानकारी छिपाने के कारण अरुणाचल प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक दसांगलू पुल की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ ने 25 अप्रैल को एक आदेश में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अंजाव जिले की हयुलियांग विधानसभा सीट से उनके (पुल) चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। दासंगलू पुल (45), अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की तीसरी पत्नी है। उन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद 2016 में उप चुनाव में पहली बार इस सीट पर जीत दर्ज की थी उसके बाद 2019 में वो हयुलियांग विधानसभा सीट से दोबारा चुनी गईं। वर्ष 2019 में पुल से हारने वाले कांग्रेस उम्मीदवार लुपलम क्री ने इसे चुनौती देते हुए अदालत में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति नानी तगिया की पीठ ने कहा कि प्रतिवादी उम्मीदवार ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 33 के अनुरूप अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया था और इस तरह, प्रतिवादी का नामांकन पत्र उक्त अधिनियम की धारा 36 (2) (ए) के तहत खारिज किया जाता है।

# सेना ने कमांड साइबर ऑपरेशंस, सपोर्ट विंग्स को शुरू करने का फैसला किया

**नई दिल्ली।** सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अपने ऑनलाइन नेटवर्क को आधुनिक बनाने के साथ-साथ उसकी प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों के तहत कमांड साइबर ऑपरेशन और सपोर्ट विंग्स को चालू करने का फैसला किया है। यह निर्णय सेना के कमांडर के पिछले सप्ताह हुए सम्मेलन में लिया गया था। सेना ने बृहस्पतिवार को कहा, आधुनिक संचार प्रणालियों पर बढ़ती निर्भरता पर जोर देने वाली नेट केंद्रीयता (जो आधुनिक संचार प्रणालियों पर बढ़ती निर्भरता से संबंधित है) की ओर तेजी से होते झुकाव के बीच, इस मंच ने नेटवर्क की सुरक्षा जरूरत की समीक्षा की और निकट भविष्य में कमांड साइबर ऑपरेशंस एंड सपोर्ट विंग्स (सीसीओएसडब्ल्यू) को संचालित करने का निर्णय लिया।

भारतीय सेना में बड़ी संख्या में प्रौद्योगिकी-सक्षम उपकरण शामिल किए जा रहे हैं, जिनमें स्वार्म ड्रोन, हथियार प्रणाली और ड्रोन रोधी उपकरण हैं। सेना ने एक बयान में कहा, उत्कृष्ट प्रौद्योगिकीयों तथा उपकरण को शामिल कर बलों की क्षमताओं को बढ़ाने और प्रमुख निदेशालयों और टेस्ट बेड संरचनाओं को नामित करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्मेलन में सेना के कमांडर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वर्तमान और उभरते सुरक्षा परिदृश्यों का जायजा लिया और बल की अभियानगत तैयारियों और तत्परता की समीक्षा की।

सेना कमांडरों के सम्मेलन में अधिकारियों के लिए एक नई तकनीकी प्रविष्टि योजना (टीईएस) को भी मंजूरी दी गई और यह जनवरी 2024 से लागू होगी। बीटेक स्नातकों के रूप में भारतीय सेना में अधिकारियों के प्रवेश के लिए वर्तमान में पांच वर्षीय टीईएस प्रारूप का पालन किया जा रहा है। इस प्रारूप के तहत गया में स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में एक साल का सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद कैडेट ट्रेनिंग विंग्स (सीटीडब्ल्यू) में तीन साल की बीटेक की डिग्री प्रदान की जाती है, इसके बाद भारतीय सेना के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों में एक साल की डिग्री दी जाती है।

अब सीटीडब्ल्यू में तकनीकी प्रशिक्षण पर केंद्रित तीन साल के प्रशिक्षण के साथ चार साल का कार्यकाल तय किया गया है, इसके बाद देहरादून में भारतीय सैन्य अकादमी में एक साल का बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। चार वर्षीय प्रशिक्षण मॉडल के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि युवा अधिकारी एक अतिरिक्त वर्ष के लिए देश की सेवा करने के लिए भारतीय सेना की इकाइयों में उपलब्ध हों।

## चाचा पर उसी तरह ध्यान दूंगा जिस तरह राज ठाकरे ने अपने चाचा पर दिया था: अजित

**पुणे।** राकांपा नेता अजीत पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने चाचा और पार्टी प्रमुख शरद पवार पर उसी तरह ध्यान देंगे जिस तरह मनसे के प्रमुख राज ठाकरे ने अपने चाचा पर दिया था। ठाकरे द्वारा उन्हें दी गई सलाह पर पवार ने एक साक्षात्कार के दौरान यह पलटवार किया। यह साक्षात्कार उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और राकांपा सांसद अमोल कोल्हे ने लिया। इसके पहले ठाकरे ने कहा था कि अजित पवार को अपने चाचा पर उसी प्रकार ध्यान देना चाहिए जैसा वह बाहर के लोगों पर देते हैं। यहां ठाकरे के बयान को लेकर संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवाल पर अजित पवार ने कहा, जिस तरह से राज ठाकरे ने अपने चाचा पर ध्यान दिया, उसी तरह मैं भी अपने चाचा पर ध्यान दूंगा। मनसे प्रमुख राज ठाकरे खुद का राजनीतिक दल गठित करने के लिए वर्ष 2006 में अपने चाचा और शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे से अलग हो गए थे।

## आरएसएस प्रमुख भागवत हमारी प्रेरणा और ऊर्जा के स्रोत हैं: शिंदे

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की बृहस्पतिवार को प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने और कई अन्य लोगों के लिए प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि भागवत समाज में अच्छा काम करने वाले लोगों का समर्थन करते रहते हैं। शिंदे नागपुर में डॉ. आबाजी थत्ते सेवा और अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उद्योगपति गौतम अडाणी और अन्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने कहा, मोहन भागवत जी हमारे और अन्य सभी के लिए प्रेरणा और ऊर्जा के स्रोत हैं। वह हमेशा अच्छे काम करने वाले लोगों का समर्थन करते हैं। इसलिए, देवेंद्र जी (फडणवीस) ने भी कहा कि एनसीआई के निर्माण में संघ एक प्रेरणा के रूप में खड़ा था। जब आरएसएस और उसके प्रमुख समर्थन देते हैं, तो बड़ी परियोजनाओं का निर्माण संभव हो जाता है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आरएसएस के दिवंगत विचारक डॉ. आबाजी थत्ते की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली और कैंसर सभी के लिए चुनौती है... उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। प्रतिवर्ष 1.25 लाख लोगों में कैंसर का निदान किया जाता है, जिनमें से 30 से 40 प्रतिशत लोगों की इस बीमारी के कारण मौत हो जाती है। उन्होंने कहा, गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार प्रदान करना सभी के सामने एक चुनौती है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काम कर रही है। ठाणे जिले में कोपरी-पचपखड़ी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने

# भाजपा से गठबंधन जारी, अन्नामलाई से मतभेद नहीं : पलानीस्वामी

**भाषा।** नई दिल्ली/चेन्नई

**अन्नाद्रमुक** महासचिव एडप्पाडी के पालानीस्वामी (ईपीएस) ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन जारी है और उसकी तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ कोई मतभेद नहीं हैं। अन्नाद्रमुक प्रमुख की टिप्पणी दोनों दलों के बीच कथित मतभेदों की खबरों की पृष्ठभूमि में आई है। अन्नाद्रमुक और भाजपा ने 2019 के संसदीय चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव सहयोगी के तौर पर लड़े थे।

अन्नाद्रमुक नेता राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ मुलाकात के एक दिन बाद चेन्नई में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमने 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन किया था और यह 2021 में (तमिलनाडु) विधानसभा चुनावों के दौरान जारी रहा, साथ ही इरोड उपचुनाव (इस साल की शुरुआत में) में भी। यह (गठबंधन) जारी रहेगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या बुधवार रात शाह के साथ बैठक में अन्नामलाई के साथ उनके मतभेदों का मुद्दा उठा, तो ईपीएस ने सवाल को गलत बताया। पलानीस्वामी ने आरोप लगाया, हमें अन्नामलाई से कोई समस्या नहीं है। अगर ऐसा होता तो क्या वह (हाल के) इरोड ईस्ट उपचुनाव के दौरान प्रचार करते? केवल मीडिया ही ऐसे सवाल पूछ रहा है ताकि दरार पैदा की जा सके।

उन्होंने कहा कि चाहे अन्नाद्रमुक हो या भाजपा, हर कोई अपनी पार्टी के विकास को सुनिश्चित करने पर ध्यान देगा। उन्होंने कहा द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के विपरीत, हमारे गठबंधन में वे पार्टियां हैं जो स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। हर किसी की अपनी विचारधारा होती है और उसी के अनुसार वह काम करेगा। गठबंधन के रूप में हम एकजुट होकर काम करेंगे और अन्नाद्रमुक की नीति गठबंधन दलों के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करना है।

संयोग से, अन्नामलाई ने बुधवार देर रात शाह और नड्डा के साथ ईपीएस की बैठक की एक तस्वीर ट्वीट की थी, जिसमें तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं के साथ मुलाकात के दौरान पालानीस्वामी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री एस.पी. वेलुमणि, सी. वी.षणमुगम, पी. थंगामणि, के. पी. मुनुसामी और डी. जयकुमार भी थे। उनके प्रतिद्वंद्वी और अपदस्थ पार्टी नेता ओ पन्नीरसेल्वम को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में ईपीएस ने आरोप लगाया कि वह सत्तारूढ़ द्रमुक की बी-टीम के रूप में काम कर रहे थे।

## क्विक न्यूज

### इंटेलिस्मार्ट को उत्तर प्रदेश सरकार से 67 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का ठेका

**नई दिल्ली।** स्मार्ट मीटर और डिजिटल समाधान प्रदाता इंटेलिस्मार्ट को उत्तर प्रदेश सरकार से राज्य के 14 जिलों में 67 लाख प्रीपेड मीटर लगाने का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। डिस्कॉम पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) ने इस बारे में आशय पत्र (एलओए) जारी किया है। यह परियोजना पीवीवीएनएल के तहत अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, जीबी नगर, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, संभल और शामली जिलों में शुरू की जाएगी। इंटेलिस्मार्ट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनिल रावल ने कहा कि असम के बाद यह कंपनी की दूसरी स्मार्ट मीटर परियोजना है। गुरुग्राम की कंपनी इंटेलिस्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर... राष्ट्रीय निवेश अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) का संयुक्त उद्यम है।

### स्किल से संवरेगा करियर

**नई दिल्ली।** कॉलेजदेखो ने अपने लेटेस्ट इनोवेशन करियर कंपास का अनावरण किया है। कंपनी के स्टूडेंट फर्स्ट एप्रोच के अनुरूप करियर कंपास एक फ्री टूल है जिसे व्यक्तिगत व्यक्तित्व लक्षणों के आधार पर करियर स्ट्रीम की पहचान करने में छात्रों की चिंता को समाप्त करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह पेशकश विश्व स्तर पर स्वीकृत हॉलैंड पर्सनैलिटी ट्रेट्स टेस्ट के आधार पर एक साइकोमेट्रिक टेस्ट द्वारा संचालित है। इससे छात्रों को संभावित करियर पाथ की पहचान करने और अपने छुपे स्किल का पता लगाने के साथ अपने रूचि के करियर में अधिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सहायता मिलती है। करियर कंपास टेस्टए कॉलेजदेखो द्वारा तैयार किए गए तकनीकी टूल किसी पर्सनैलिटी के शीर्ष तीन लक्षणों की पहचान करता है। विशेष रूप से भारत के लिए बनाया गयाए यह एक आसान टेस्ट है जिसे पूरा करने में केवल 3 से 5 मिनट लगते हैं। छात्रों को अधिक करियर विकल्प प्रदान में सहायता करने के लिए यह अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, मराठी,बंगाली और गुजराती में उपलब्ध है। कॉलेजदेखो द्वारा भविष्य में इस टेस्ट को और अधिक भाषाओं में लॉन्च करने की योजना है। सीईओ और सह संस्थापक रुचिर अरोड़ा ने कहा कि छात्रों को करियर की दिशा दिखने में मदद मिलेगी।

### केंद्र ने सुंदर सार्वजनिक स्थान बनाने की मंशा से शहरों के लिए प्रतिस्पर्धा शुरू की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने एक शहर सौंदर्य प्रतिस्पर्धा की शुरुआत की है जिसका मकसद सुंदर, अभिनव और समावेशी सार्वजनिक स्थान बनाने की दिशा में शहरों और वार्डों द्वारा किए गए परिवर्तनकारी प्रयासों को मान्यता देना और प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा गया कि इस प्रतिस्पर्धा के तहत शहरों के वार्ड और सार्वजनिक स्थानों का आकलन पांच मुख्य बिंदुओं के आधार पर किया जाएगा जिसमें पहुंच, सुविधाएं, गतिविधियां, सौंदर्य और पारिस्थितिकी शामिल है। इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। मंत्रालय ने कहा कि चयनित वार्डों का शहर और राज्य स्तर पर सम्मान किया जाएगा, लेकिन चार वर्गों जल, हरित स्थल, पर्यटनाविरासत स्थल और बाजाराकारोबारी स्थल के तहत शहरों के सर्वाधिक सुंदर सार्वजनिक स्थलों को पहले राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद चुनिंदा स्थलों को राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार देने पर विचार किया जाएगा। मंत्रालय ने बुधवार को शहरी स्थानीय निकायों के लिए एक पोर्टल शुरू किया ताकि वे इस प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिए अपने दस्तावेज सौंप सकें जिसमें तस्वीरें, वीडियो, प्रस्तुति और खुद की ओर से दी गई मूल सूचनाएं शामिल होंगी।

## अनैतिक व सिनेमा-विरोधी फिल्मफेयर पुरस्कारों का हिस्सा नही बनूंगा: विवेक



**मुंबई।** फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह फिल्मफेयर की ओर से कोई पुरस्कार स्वीकार नहीं करेंगे। फिल्मफेयर पुरस्कारों में अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक समेत विभिन्न श्रेणियों में नामित किया गया है। अग्निहोत्री ने इस बात पर नाराजगी जताई कि फिल्मफेयर पुरस्कारों के 68वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक से संबंधित नामांकन के पोस्टर में निर्देशकों के बजाय फिल्मों के कलाकारों की तस्वीरें लगी हैं। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक की श्रेणी में अग्निहोत्री का मुकाबला संजय लीला भंसाली (गंगूबाई काठियावाड़ी), अनीस बज्मी (भूल भुलैया 2 ), अयान मुखर्जी ( ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन शिवा ), सूरज बड़जात्या ( ऊंचाई ) और हर्षवर्धन कुलकर्णी (बधाई दो) से है। अग्निहोत्री ने ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि वह इन अनैतिक एवं सिनेमा-विरोधी पुरस्कारों में शामिल होने से विनम्रतापूर्वक इनकार करते हैं। फिल्मफेयर के अनुसार, फिल्मों के मुख्य कलाकारों के अलावा किसी का चेहरा महत्व नहीं रखता। कोई मायने नहीं रखता। अनैतिक दुनिया में संजय लीला भंसाली या सूरज बड़जात्या जैसे शानदार निर्देशकों को जगह नहीं दी गई। संजय भंसाली की जगह आलिया भट्ट, सूरज की जगह अमिताभ बच्चन और अनीस बज्मी की जगह आर्यन। ऐसा नहीं है कि किसी फिल्मकार का मान फिल्मफेयर पुरस्कारों से तय होता है, लेकिन इस अपमानजनक व्यवस्था को समाप्त होना चाहिए। बॉलीवुड के एक भ्रष्ट, अनैतिक और चाटुकार प्रतिष्ठान के खिलाफ विरोध और असहमति प्रकट करते हुए मैंने ऐसे पुरस्कारों को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है।

# घरेलू बैंकों के कारोबारी मॉडल पर है रिजर्व बैंक की नजर : शक्तिकांत दास

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक घरेलू ऋणदाताओं के कारोबार के मॉडल पर नजदीकी नजर रखे हुए है क्योंकि खराब रणनीतियों से एक बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। दास ने अमेरिका में हाल की घटनाओं के लिए खराब कारोबारी मॉडल को भी एक वजह बताते हुए कहा कि भारत की बैंकिंग प्रणाली मजबूत बनी हुई है और वैश्विक घटनाक्रमों का इसपर खास प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिला है। उनका यह बयान सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के कुछ सप्ताह बाद आया है। इस घटनाक्रम से अमेरिका और यूरोप के वित्तीय क्षेत्र में संकट की स्थिति पैदा हो गई है।

दास ने कहा कि अमेरिका के हाल के घटनाक्रमों से यह सवाल खड़ा हुआ है कि क्या व्यक्तिगत बैंकों का कारोबारी मॉडल सही था। रिजर्व बैंक प्रवर्तित कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स द्वारा वित्तीय क्षेत्र की मजबूती पर एक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा, भारत की वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई और कुछ आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय अस्थिरता का इसपर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा है।

रिजर्व बैंक ने अब बैंकों के कारोबारी मॉडल पर नजदीकी निगाह रखनी शुरू की है। इनमें किसी तरह की खामी से संकट पैदा हो सकता है। दास ने कहा कि कारोबारी मॉडल कई बार बैंक के बही-खाते के कुछ हिस्सों के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, जो बाद में एक बड़ा संकट बन सकता है। दास ने कहा, रिजर्व बैंक के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि अत्यंत संकट वाली स्थिति में भी भारतीय बैंक पूंजी पर्याप्तता अनुपात को न्यूनतम जरूरत से ऊपर रखने में सफल रहेंगे।

उन्होंने बैंकों के प्रबंधन और निदेशक मंडल से नियमित रूप से वित्तीय जोखिम का आकलन करें और पर्याप्त पूंजी और तरलता बफर बनाने पर ध्यान देने को कहा। बैंकों की लगातार मजबूती और सतत वृद्धि के लिए यह न्यूनतम नियामकीय जरूरत से अधिक होना चाहिए। गवर्नर ने अंशधारकों को सतर्क करते हुए कहा कि दुनियाभर में परंपरा से हटकर नीतियां अपनाई जा रही हैं। ऐसे में वित्तीय क्षेत्र में किसी तरह का आश्चर्य कहीं से भी देखने को मिल सकता है। रिजर्व बैंक भविष्य के लिए भारतीय वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने और इसकी सतत वृद्धि को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। गवर्नर ने कहा कि भारतीय बैंकों ने हाल के समय में दबाव और पूंजी बफर के मोर्चे पर सुधार दर्ज किया है। बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां अनुपात दिसंबर, 2022 में घटकर 4.41 प्रतिशत रह गया है, जो मार्च, 2022 में 5.8 प्रतिशत और 31 मार्च, 2021 को 7.3 प्रतिशत था।

## हत्या के आरोप में उप्र का गुड्डू बमबाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड इलाके में झगड़े के दौरान अपने गुरु को बचाने के लिए एक व्यक्ति की कथित हत्या में पुलिस ने देसी बम बनाने में निपुण एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी संतोष कुमार उर्फ गुड्डू बमबाज उर्फ बाबा के रूप में हुई है। आठ मार्च को पुलिस को सीबीडी ग्राउंड केशव पार्क के पास एक शव मिला। पुलिस ने बताया कि शव के सिर पर चोट के निशान थे और घटनास्थल से खून के धब्बों वाला एक पत्थर और एक चाकू भी मिला। पुलिस ने हत्या के इस मामले में 14 मार्च को नबी मोहम्मद (25) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ कि एक व्यक्ति जिसे स्थानीय लोग बाबा कहते थे, वह भी इस घटना में शामिल था।

# जिला अदालतों को आपराधिक, दीवानी मामलों से जुड़े रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने जिला अदालतों को आपराधिक और दीवानी मामलों से जुड़े सभी रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि विवाद समाधान तंत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने इस बात का जिक्र किया कि उच्चतम न्यायालय की ई-समिति ने 24 सितंबर 2021 को डिजिटल संरक्षण के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी।

पीठ ने कहा कि सभी रिकॉर्ड का उचित संरक्षण और नियमित अद्यतनीकरण (अपडेशन) सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत जिम्मेदारी एवं जवाबदेही प्रणाली विकसित की जानी चाहिए और उसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया के सुचारू संचालन में मदद मिल सके।

पीठ ने कहा, उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल यह सुनिश्चित करेंगे कि आपराधिक मुकदमों के साथ-साथ दीवानी मुकदमों के सभी मामलों में, रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण विधिवत रूप से सभी जिला अदालतों में विधिवत रूप से किया जाना चाहिए, संभवत: कानूनी प्रक्रिया के तहत अपील दायर करने के लिए निर्धारित समयसीमा के भीतर। शीर्ष अदालत का यह निर्देश भ्रष्टाचार के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एक व्यक्ति को सुनाई गई सजा को रद्द किए जाने के दौरान आया।

इस मामले में विचाराधीन मुद्दा यह था कि क्या निचली अदालत के रिकॉर्ड के अभाव में, अपीलीय अदालत दोषसिद्धि को बरकरार रख सकती है और जुर्माने की रकम बढ़ा सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कथित अपराध 28 साल पहले किया गया था और अदालतों के प्रयासों के बावजूद संबंधित निचली अदालत के रिकॉर्ड को फिर से नहीं तैयार किया जा सका है।

पीठ ने व्यक्ति को बरी करते हुए कहा, अनुच्छेद 21 के तहत अधिकारों के संरक्षण में निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया के अभाव में किसी भी प्रतिबंध से स्वतंत्रता की सुरक्षा शामिल है। निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया अपील दाखिल करने वाले व्यक्ति को अदालत द्वारा निकाले गए निष्कर्षों पर सवाल उठाने का अधिकार देती है। यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है, जब अपीलीय अदालत के पास रिकॉर्ड उपलब्ध हो।

# प्रकाश सिंह बादल का पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**बादल ( पंजाब )।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को राज्य के मुक्तसर जिले में स्थित उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पांच बार मुख्यमंत्री रहे दिग्गज अकाली नेता को हजारों शोकाकुल नागरिकों और नेताओं ने अंतिम विदाई दी। प्रकाश सिंह बादल को उनके बेटे तथा शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मुखाग्नि दी। पंजाब पुलिस की एक टुकड़ी ने इस अवसर पर बंदूक से सलामी दी। बादल का मंगलवार को मोहाली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह सांस लेने में समस्या के बाद नौ दिन तक अस्पताल में भर्ती रहे।

बादल का पार्थिव शरीर बुधवार रात मुक्तसर जिले से बादल गांव लाया गया। बृहस्पतिवार को तिरंगे में लिपटे बादल के पार्थिव शरीर को फूलों से सजी ट्रैक्टर ट्रॉली पर रखा गया और उनके आवास से करीब एक किलोमीटर दूर परिवार के खेत में ले जाया गया। उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर हाथ जोड़कर खड़े नजर आए। सुखबीर बादल और उनकी बहन परणीत कौर कैरों अपने पिता की पार्थिव देह को मुखाग्नि दिए जाने से पहले रो पड़े।



पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अंतिम संस्कार से पहले बादल को श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बादल गांव पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री के अंतिम दर्शन किए। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भाजपा के वरिष्ठ नेता तरुण चुग, हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने भी बादल को श्रद्धांजलि दी।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा, भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अश्विनी शर्मा, कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और पंजाब के पूर्व मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी दिवंगत नेता को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

नड्डा ने संवाददाताओं से कहा, बादल साहब नेता नहीं थे, राजनेता थे। बादल के व्यक्तित्व से सब प्रभावित थे। इससे पहले सुबह बादल के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर रखा गया जहां बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए कतार में खड़े नजर आए। बादल के बेटे सुखबीर बादल, पुत्रवधू हरसिमरत कौर बादल, उनकी दो बेटियां और एक बेटा अकाली नेता के पार्थिव शरीर के पास खड़े थे। पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल, प्रकाश सिंह बादल के परिवार से अलग हुए उनके भतीजे एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया आदि भी उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने पहुंचे। बादल पहली बार 1970 में पंजाब के मुख्यमंत्री बने और गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, जो अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। वह 1977-80, 1997-2002, 2007-12 और 2012-2017 के बीच भी मुख्यमंत्री रहे। वह 11 बार विधानसभा के लिए चुने गए थे।

